3 | राजधानी
अंतरराष्ट्रीय आव्रजन रैकेट का भंडाफोड़

6 | अभिमत
फिलिस्तीन में शांति का भ्रामक सपना

10 | विदेश
बांग्लादेश ने चीन से मांगी सहायता

12 | स्पोर्ट्स
सिंधू और सेन फाइनल में



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 270
नई दिल्ली, सोमवार, 8 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




देवेंद्र फडणवीस को मिलेगा गृह विभाग

राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# विश्व के समक्ष मॉडल के रूप में उभरा भारत: मोदी

- नीति आयोग की बैठक में बोले प्रधानमंत्री- कोविड संकट में हमने दिखा दिया कि कैसे किया जाता है नेतृत्व
- भारत को आधुनिक कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली




नई दिल्ली में रविवार को नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को जोर देकर कहा कि भारत का संघीय ढांचा और सहकारी संघवाद कोविड संकट के दौरान दुनिया के लिए एक मॉडल के रूप में उभरा और देश ने विकासशील देशों को एक शक्तिशाली संदेश यह दिया कि कम संसाधनों के बावजूद चुनौतियों से पार पाया जा सकता है।

राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में नीति आयोग की सातवीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने केंद्र की रणनीति को धरातल पर उतारने का पूरा श्रेय राज्यों को देते हुए कहा कि हर राज्य ने अपनी ताकत के अनुसार महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कोविड के खिलाफ भारत की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस तरह विकासशील देशों के लिए भारत ने वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरने का एक उदाहण पेश किया। नीति आयोग की बैठक के एजेंडे में इस बार फसल विविधीकरण और तिलहन, दालों और कृषि-संबंधी अन्य चीजों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-स्कूल शिक्षा का कार्यान्वयन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-उच्च शिक्षा और शहरी प्रशासन का कार्यान्वयन शामिल था। महामारी की शुरुआत के बाद से गवर्निंग काउंसिल की यह पहली ऑफलाइन बैठक थी। इससे पहले 2021 की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई थी। बैठक में 23 मुख्यमंत्रियों, तीन उपराज्यपालों और दो प्रशासकों एवं केंद्रीय मंत्रियों अमित शाह, नितिन गडकरी और निर्मला सीतारमण ने भाग लिया।

बैठक का संचालन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दो बड़े ऐसे नेता रहे, जिन्होंने बैठक में हिस्सा नहीं लिया। केसीआर ने पहले पीएम मोदी को पत्र लिखकर कहा था कि बैठक में शामिल नहीं होने का उनका फैसला तेलंगाना सहित राज्यों के खिलाफ केंद्र के कथित घोर भेदभाव को लेकर विरोध का प्रतीक है। हाल ही में कोविड-19 से उबरने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक महीने में दूसरी बार प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आयोजित किसी कार्यक्रम में भाग नहीं लिया। ऐसे में उनके और एनडीए के बीच दूरी बढ़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। अपने उद्घाटन भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की संघीय संरचना और सहकारी संघवाद कोविड (शेष पेज 8)


## राज्यों ने मांगी केंद्रीय करों व शुल्कों में अधिक हिस्सेदारी

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली


**नीति** आयोग की 7वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में राज्यों ने केंद्र से केंद्रीय करों और शुल्कों में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाने का आग्रह किया है। इसके अलावा किसानों के लिए एमएसपी से लेकर आपदा प्रबंधन के लिए धन आवंटन समेत विपक्षी मुख्यमंत्रियों ने कइ मांगें रखीं। छत्तीसगढ़, केरल और राजस्थान जैसे गैर-भाजपा शासित राज्यों ने भी पहले भी मुआवजे की व्यवस्था को पांच साल बढ़ाने की मांग की थी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जोर देकर कहा कि केंद्र को राज्य सरकारों की मांगों को अधिक गंभीरता से देखना चाहिए और उन पर कोई नीति नहीं थोपी जानी चाहिए। बनर्जी ने जोर देकर कहा कि केंद्र और राज्यों के बीच अधिक सहयोग होना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने यह भी कहा कि एनईपी को लागू करने के लिए राज्य (शेष पेज 8)

# भारतीय मुक्केबाजों को तीन स्वर्ण पदक


**भाषा ।** बर्मिंघम



निकहत जरीन



अमित पंघाल



नीतू गंघास

**मौजूदा** विश्व चैम्पियन निकहत जरीन सहित भारतीय स्टार मुक्केबाज अमित पंघाल और नीतू गंघास ने रविवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। भारतीय मुक्केबाज इस तरह बर्मिंघम से सात पदक लेकर लौटेंगे जो पिछले चरण से दो पदक कम होंगे। हालांकि अभी सागर अहलावत के रात को होने वाले मुकाबले से सातवें पदक का रंग तय होगा। पिछले साल राष्ट्रीय प्रतियोगिता से शानदार फॉर्म में चल रही 26 साल की निकहत ने लाइट फ्लाईवेट (48-50 किग्रा) स्पर्धा में उत्तरी आयरलैंड की कार्ले मैकनॉल पर एकतरफा फाइनल में 5-0 से जीत दर्ज कर अपने पहले राष्ट्रमंडल खेल में पहला स्थान हासिल किया।

पंघाल ने पिछले राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करते हुए पुरूष फ्लाईवेट वर्ग में जबकि नीतू गंघास ने पदार्पण में ही दबदबा बनाते हुए स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाले। पंघाल (48-51 किग्रा) को चार साल पहले गोल्ड कोस्ट में इंग्लैंड के ही एक प्रतिद्वंद्वी से इसी चरण में हार मिली थी लेकिन इस बार 26 साल के मुक्केबाज ने अपनी आक्रामकता के बूते घरेलू प्रबल दावेदार मैकडोनल्ड कियारान को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। सबसे पहले रिंग में उतरी नीतू ने महिलाओं के मिनिममवेट (45-48 किग्रा) वर्ग के फाइनल में विश्व चैम्पियनशिप 2019 की कांस्य पदक विजेता रेस्जटान डेमी जेड को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से पराजित किया। निकहत ने साल के शुरू में प्रतिष्ठित स्ट्रैंद्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता था और फिर वह मई में विश्व चैम्पियन बनी।

तेलगांना की मुक्केबाज ने राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अपने 52 किग्रा वजन को 50 किग्रा किया। वह रिंग में फुर्ती से घूमते हुए मर्जी के मुताबिक मुक्के जड़ रही थी। उनका रक्षण भी काबिलेतारीफ रहा। बाउट में उनका दबदबा ऐसा था कि जब नौ मिनट खत्म हुए तो किसी को कोई शक नहीं था कि फैसला किस ओर जाएगा। प्रत्एक जज ने हर राउंड में उन्हें विजेता बनाया। इससे पहले पंघाल काफी तेजी से मुक्के जड़ रहे थे जिससे (शेष पेज 8)

## एल्डोस पॉल ने त्रिकूद में भारत को पहला स्वर्ण दिलाया और अबूबाकर को रजत

**भाषा ।** बर्मिंघम



अबूबाकर और एल्डोस पॉल

**एल्डोस** पॉल की अगुआई में भारत ने रविवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष त्रिकूद स्पर्धा स्पर्धा में पहले दो स्थान पर कब्जा जमाकर इतिहास रच दिया और एथलेटिक्स में चार पदकों के साथ रविवार का दिन भारत के लिए यादगार हो गया।

पॉल के स्वर्ण पदक के अलावा केरल के उनके साथी एथलीट अब्दुल्ला अबूबाकर ने भी इस स्पर्धा का रजत पदक जीता। भारत ने आधे घंटे के भीतर चार पदक जीते जिससे एथलेटिक्स में इस बार भारत के एक स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक हो गए हैं जो अब तक का देश के बाहर इन खेलों में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पॉल राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाले छठे भारतीय एथलीट हो गए। मिल्खा सिंह ने 1958 में 440 गज में यह कारनामा किया था। पॉल ने अपने तीसरे प्रयास में 17.03 मीटर की सर्वश्रेष्ठ दूरी (शेष पेज 8)

# इसरो के दो सैटेलाइट स्थापित करने के प्रयास को झटका

- टर्मिनल चरण में डेटा लॉस का शिकार हुआ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का पहला लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान

**भाषा ।** श्रीहरिकोटा



श्रीहरिकोटा से उड़ान भरता इसरो का लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के इतिहास रचने की कोशिश को रविवार को उस समय झटका लगा, जब उसका पहला लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) टर्मिनल चरण में डेटा लॉस (सूचनाओं की हानि) का शिकार हो गया। हालांकि, बाकी के तीन चरणों ने उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन किया और अंतरिक्ष एजेंसी डेटा लॉस के पीछे की वजह का पता लगाने के लिए आंकड़ों का विश्लेषण कर रही है।

अंतरिक्ष में एक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह और छात्रों द्वारा विकसित एक उपग्रह को स्थापित करने के अभियान में एसएसएलवी-डी1ओएस-02 ने रविवार सुबह आसमान में बादल छाए रहने के बीच सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से नौ बजकर 18 मिनट पर उड़ान भरी। 34 मीटर लंबे रॉकेट ने रविवार को करीब साढ़े सात घंटे तक चली उलटी गिनती के बाद उड़ान भरी।

इसरो ने कहा कि एसएसएलवी-डी1 ने उपग्रहों को पृथ्वी की अंडाकार कक्षा की बजाय चक्रीय कक्षा में रख दिया, जिसके बाद वे उपग्रह इस्तेमाल के योग्य नहीं रह गए हैं। वहीं अभियान नियंत्रण केंद्र में वैज्ञानिकों ने उड़ान के तुरंत बाद रॉकेट की स्थिति की जानकारियां दीं। मीडिया केंद्र में स्क्रीन पर उपग्रह को अपने प्रक्षेप पथ पर जाते हुए देखा गया। हालांकि, इसके बाद अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने डेटा लॉस की जानकारी दी। सोमनाथ ने श्रीहरिकोटा में प्रक्षेपण के कुछ मिनटों बाद अभियान नियंत्रण केंद्र से कहा, सभी चरणों ने उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन किया। पहले, दूसरे और तीसरे चरण ने अपना-अपना काम किया, पर टर्मिनल चरण में कुछ डेटा लॉस हुआ और हम आंकड़ों का विश्लेषण कर रहे हैं।

हम जल्द ही प्रक्षेपण यान के प्रदर्शन के साथ ही उपग्रहों की स्थिति की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा, हम उपग्रहों के निर्धारित कक्षा में स्थापित होने या न होने के संबंध में मिशन के अंतिम नतीजों से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण करने की प्रक्रिया में हैं। कृपया इंतजार (शेष पेज 8)

# घाटी में आतंक बढ़ाने को जैश ने जारी किया फरमान

- नए आतंकी संगठन के माध्यम से बना रहे लोगों को निशाना

**राकेश कुमार सिंह ।** नई दिल्ली

**जम्मू-कश्मीर** में बड़े पैमाने पर हिंसा फैलाने के लिए जिम्मेदार पाकिस्तानी आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद ने अब द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) नाम से घाटी में आतंकवादी कार्रवाइयों को तेज करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

इस फ्रंट द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार कि आतंकवादी समूह द्वारा हमलों में तेजी लाने के साथ ही विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर के बाहर के क्षेत्रों को आतंकी रणनीति के रूप में लक्षित कर रहे हैं। दिशानिर्देशों के अनुसार घाटी में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर सशस्त्र प्रतिरोध और हमलोगों का कार्यान्वयन शामिल है, विशेष रूप से सशस्त्र बलों से सीधे तौर पर जुड़े लोगों के अलावा वहां तैनात गैर-स्थानीय अधिकारियों के निकट और प्रियजनों पर भी हमला करना भी शामिल है। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी समूह की नवीनतम जिहादी रणनीति के अनुसार, प्रशासनिक विभागों या पुलिस के गैर-स्थानीय अधिकारियों को उनके मूल स्थानों पर पहचान कर उनको लक्षित किया जाना है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, घाटी में हुई बड़ी संख्या में हुई हिंसक घटनाओं के लिए जिम्मेदार आंतकी संगठन टीआरएफ कुख्यात है।

इस संगठन को मिले दिशा-निर्देशों के अनुसार, इनके निशाने पर ऐसे लोग हैं जो भारतीय शासन के कब्जे और इस संगठन को कुचलने की वकालत या समर्थन करते हैं। चाहे वो जम्मू-कश्मीर में या उसके बाहर कहीं भी रहते हों या तैनात हों। भारतीय कब्जे में रहने और मदद/मजबूत करने के इरादे से जम्मू और कश्मीर में आने वाले गैर-स्थानीय लोगों को लक्षित किया जाना है। कश्मीरी पंडित जो जम्मू और कश्मीर के (शेष पेज 8)

# चक दे इंडिया: महिला हॉकी टीम को 16 साल बाद पदक, पुरुष टीम भी फाइनल में

**भाषा ।** बर्मिंघम



न्यूजीलैंड को हराने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी

**तोक्यो** ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 3-2 से हराकर राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष हॉकी स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम भारत को पूरे 60 मिनट 13वीं रैंकिंग वाली दक्षिण अफ्रीका ने कड़ी चुनौती दी। दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को पूल ए में पछाड़कर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। दूसरी ओर कप्तान सविता पूनिया के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला हॉकी टीम ने स्टॉपवॉच विवाद से उबरते हुए रविवार को यहां गत चैंपियन न्यूजीलैंड को शूट आउट में 2-1 से हराकर राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता।

भारतीय महिला हॉकी टीम का राष्ट्रमंडल खेलों में 16 साल में यह पहला पदक है। भारतीय टीम मैच के अंतिम लम्हों में1-0 से आगे चल रही थी लेकिन आखिरी 30 सेकेंड से भी कम समय में उसने विरोधी टीम को पेनल्टी कॉर्नर दे दिया। यह पेनल्टी स्ट्रोक में बदला और ओलीविया मेरी ने न्यूजीलैंड को बराबरी दिला दी जिसके बाद मुकाबला शूट आउट में खिंच गया। नियमित समय में भारत ने 29वें मिनट में सलीमा टेटे के गोल की बदौलत बढ़त बनाई थी। विवादास्पद सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल तोड़ने वाली हार के बाद इस मुकाबले में खेल रही भारतीय टीम ने पूरे मैच के दौरान बेहतर प्रदर्शन किया और पदक अपने नाम किया। आस्ट्रेलिया के खिलाफ शूट आउट में भारतीय टीम को स्टॉपवॉच के रुकने का खामियाजा भुगतना पड़ा था। न्यूजीलैंड के खिलाफ शूट आउट में भारतीय कप्तान और गोलकीपर सविता ने तीन प्रयासों को शानदार तरीके से नाकाम करके भारत का तीसरा राष्ट्रमंडल पदक पक्का किया। शूट आउट में मेगान हुल ने न्यूजीलैंड को बढ़त दिलाई लेकिन सविता ने रोस टाइनन, केटी डोर और ओलीविया शेनन के प्रयासों को नाकाम कर (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,388 | |
| निफ्टी | 17,397 | |
| सोना | 52,144 | /10g |
| चांदी | 58,042 | /kg |

## क्विक न्यूज

### नल्लाथम्बी कलाइसेल्वी बनीं सीएसआईआर महानिदेशक

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ वैज्ञानिक नल्लाथम्बी कलाइसेल्वी वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की पहली महिला महानिदेशक बन गई है। सीएसआईआर देशभर के 38 अनुसंधान संस्थानों का एक संघ है। कार्मिक मंत्रालय के शनिवार को जारी एक आदेश के अनुसार, वह शेखर मांडे का स्थान लेंगी, जो अप्रैल में सेवानिवृत्त हो गए। मांडे के सेवानिवृत्त होने के बाद जैवप्रौद्योगिकी विभाग के सचिव राजेश गोखले को सीएसआईआर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। लिथियम आयन बैटरी के क्षेत्र में अपने काम से ख्याति पाने वाली कलाइसेल्वी अभी तमिलनाडु के कराईकुडी में सीएसआईआर-केंद्रीय विद्युत रासायनिक अनुसंधान संस्थान (सीईसीआरआई) की निदेशक है।

# उप्र सरकार के मंत्री सचान के कोर्ट से गायब होने के मामले की जांच शुरू

**भाषा ।** कानपुर

**कानपुर** की एक अदालत से जमानत मुचलका भरे बिना उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान के अदालत कक्ष से गायब होने के मामले में रविवार को प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। कानपुर के पुलिस आयुक्त बीपी जोगदंड ने कहा कि सहायक पुलिस आयुक्त (कोतवाली) अशोक कुमार सिंह को प्राथमिकी दर्ज करने से पहले पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में मंत्री के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच करने के लिए कहा गया है।

अदालत के जानकार सूत्रों ने कहा कि निचली अदालत के दोषसिद्धि के आदेश के खिलाफ सत्र अदालत में अपील करने के लिए उप्र के मंत्री सोमवार को जमानत के लिए अदालत में पेश हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिकी दर्ज करने के बजाय, प्रारंभिक जांच को लेकर जानबूझकर मंत्री को पर्याप्त समय प्रदान करने का आदेश दिया गया है, ताकि वह कानूनी सुरक्षा प्राप्त करने के लिए जमानत बांड प्रस्तुत कर सकें। सचान ने फोन पर पीटीआई-भाषा से बातचीत करते हुए कहा कि वरिष्ठ वकीलों की एक टीम पूरे प्रकरण का जायजा लेने के लिए संबंधित अदालत में है और वह उसी के अनुसार इस मुद्दे से निपटेंगे।

सचान ने हालांकि इस बात से पूरी तरह अनभिज्ञता जाहिर की कि तीन दशक पुराने आर्म्स एक्ट मामले में शनिवार को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट-तीन की अदालत ने उन्हें दोषी ठहराया या नहीं। मंत्री ने आगे कहा कि जो भी हो वह अदालत के फैसले का सम्मान करेंगे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि शनिवार की (शेष पेज 8)

# केंद्रीय कैबिनेट में शामिल नहीं होगा जदयू

**पायनियर समाचार सेवा ।** पटना

**जदयू** और भाजपा के बीच बढ़ते मतभेद की रिपोर्टों के बीच नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले संगठन ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल न होने का फैसला किया है। नीतीश कुमार द्वारा राज्यसभा के लिए दोबारा टिकट न दिए जाने के बाद आरसीपी सिंह ने मोदी सरकार से इस्तीफा दे दिया था, अब केंद्रीय कैबिनेट में जदयू का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। जदयू अध्यक्ष लल्लन सिंह ने रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हम अपने 2019 वाले रुख पर कायम है, जब लोकसभा चुनाव के बाद हमने केंद्र सरकार में न शामिल होने का फैसला किया था।' सिंह ने जोर देर कहा कि 2019 में नीतीश कुमार ने फैसला किया था कि जदयू केंद्रीय कैबिनेट में (शेष पेज 8)

# भारतीय पोत निर्माण उद्योग के कौशल को मिली नई पहचान

- पहली बार अमेरिकी युद्धपोत मरम्मत और रखरखाव के लिए पहुंचा चेन्नई शिपयार्ड
- भारत-अमेरिका के बीच रक्षा और रणनीतिक भागीदारी का भी उदाहरण

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली



अमेरिकी नौसैनिक पोत चार्ल्स ड्रियू की फाइल फोटो

**भारतीय** पोत निर्माण उद्योग के कौशल और कारीगीरी को उस समय बड़ी पहचान मिली जब एक अमेरिकी युद्धपोत पहली बार मरम्मत और रखरखाव के मकसद से भारत पहुंचा। इसके साथ ही यह दो देशों के बीच बढ़ती रक्षा और रणनीतिक भागीदारी का एक उदाहरण भी है।

'मेक इन इंडिया' और रक्षा में आत्मनिर्भरता को एक नई उड़ान तथा भारत-अमेरिका रणनीतिक सहयोग को एक नया आयाम मिला है। अमेरिकी नौसैनिक पोत चार्ल्स रविवार को मरम्मत और उससे संबंधित कामों के लिए चेन्नई के काटूपल्ली स्थित लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) शिपयार्ड पहुंचा। ये शिप यहां पर 11 दिन रहेगा तथा इसके विभिन्न हिस्सों के मरम्मत का काम होगा। भारत में पहली बार अमेरिकी नौसैनिक पोत मरम्मत के लिए आया है। अमेरिकी नौसेना ने काटूपल्ली स्थित एलएंडटी के शिपयार्ड को इसकी मरम्मत का अनुबंध दिया है। भारतीय शिपयार्ड पोतों की मरम्मत और उनके रखरखाव के लिए विस्तृत सेवाओं की पेशकश तथा अत्याधुनिक मेरीटाइम तकनीक का इस्तेमाल करता है।


शिपयार्ड में पोत का स्वागत करने के लिए रक्षा सचिव अजय कुमार, वाइस चीफ नेवल स्टाफ वाइस एडमिरल एसएन घोरमाडे, फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग तमिलनाडु और पुड्डुचेरी नौसेना क्षेत्र रियर एडमिरल एस वेंकट रमन तथा रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी वहां मौजूद थे। इसके अलावा चेन्नई में अमेरिकी दूतावास की महावाणिज्य दूत जूडिथ रेविन तथा नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास रक्षा अटैची रियर एडमिरल माइकल बेकर भी उपस्थित थे।


आज के दिन को भारतीय पोत निर्माण उद्योग तथा भारत-अमेरिका संबंधों में मील का पत्थर करार देते हुए रक्षा सचिव ने कहा कि निसंदेह हम अमेरिकी नौसैनिक पोत यूएसएनएस चार्ल्स ड्रियू का भारत में स्वागत करते हुए खुश हैं। भारत-अमेरिका के बीच रणनीतिक सहयोग और आगे बढ़ाने में भारत की इस पहल का विशेष महत्व है। यह और गहरे संबंधों की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि मरम्मत के लिए अमेरिकी पोत का आना भारतीय पोत निर्माण उद्योग के परिपक्व होने की निशानी है और वर्तमान में भारत के पास छह बड़े शिपयार्ड है जिनका टर्नओवर करीब 2 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा कि हम न केवल अपनी जरूरतों के लिए पोतों का निर्माण कर रहे हैं, बल्कि हमारे डिजाइन हाउस सभी प्रकार के (शेष पेज 8)

# श्रीकांत पर कसा शिकंजा, पुलिस निगरानी में रहेंगी पत्नी

## पूछताछ के लिए ड्राइवर को हिरासत में लिया, ओमेक्स ग्रैंड हाउसिंग सोसाइटी के बाहर पुलिस बल तैनात

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा





फाइल फोटो

नोएडा की ओमेक्स ग्रैंड हाउसिंग सोसाइटी में महिला के साथ अभद्रता और मारपीट करने वाला श्रीकांत त्यागी फरार है। करीब 48 घंटों से गौतमबुद्ध नगर पुलिस उसकी तलाश कर रही है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने अब तक करीब 50 से ज्यादा स्थानों पर दबिश दी हैं।

हालांकि, वह पुलिस की पकड़ से दूर है। श्रीकांत त्यागी की पत्नी मनु त्यागी अब पुलिस की निगरानी में रहेगी। दूसरी ओर थाना फेस.2 पुलिस ने श्रीकांत त्यागी के ड्राइवर सुरेंद्र सिंह को हिरासत में लिया है। आपको बता दें कि रविवार की दोपहर बाद नोएडा पुलिस सूचना मिलने पर श्रीकांत त्यागी के घर छापा मारने पहुंची थी। रविवार की दोपहर पुलिस को किसी ने कोई जानकारी दी थी। जिसके तुरंत बाद थाना फेस-2 से पुलिस टीम श्रीकांत त्यागी के घर पहुंची। पुलिस को देखते ही श्रीकांत त्यागी की पत्नी मनु त्यागी ने अपने घर का दरवाजा लॉक कर लिया, लेकिन नोएडा पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद श्रीकांत त्यागी के घर का दरवाजा खुलवाया। पुलिस ने रविवार की दोपहर बाद श्रीकांत त्यागी के घर पहुंचकर उसके ड्राइवर सुरेंद्र को हिरासत में ले लिया है।

दूसरी ओर श्रीकांत को गिरफ्तार करने के लिए गौतमबुद्ध नगर पुलिस की 5 टीम ताबड़तोड़ दबिश दे रही हैं। श्रीकांत त्यागी के निकट दोस्तों, रिश्तेदारों और व्यवसायिक संबंध रखने वाले लोगों के यहां पुलिस ने छानबीन की हैं। इस समय सोसाइटी के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। पुलिस को आशंका है कि ऐसे विपरीत परिस्थितियों में श्रीकांत त्यागी अपनी पत्नी मनु त्यागी और बच्चों से मिलने आ सकता है। सोसाइटी में आवागमन करने वाले हर व्यक्ति पर पुलिस की पैनी नजर है।

श्रीकांत त्यागी के अलावा उसकी पत्नी मनु त्यागी और रिश्तेदारों की भी कॉल डिटेल निकाली जा रही है। श्रीकांत त्यागी को पकड़ने के लिए 8 टीम का गठन किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की पूरी रात नोएडा और ग्रेटर नोएडा में हाई अलर्ट जारी रहा। जिले में एंट्री करने वाले और जिले से बाहर जाने वाले हर वाहन की जांच की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि श्रीकांत त्यागी जिले में ही कहीं छुपा हुआ है और वह यहां से भाग सकता है। महिला के साथ अभद्रता और मारपीट करने वाले श्रीकांत त्यागी को गिरफ्तार करने के लिए गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी की हैं।

पुलिस ने पिछले करीब 48 घंटों में श्रीकांत त्यागी को तलाश करने के लिए दिल्ली, लखनऊ, गुरुग्राम, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और वेस्टर्न यूपी के कई जिलों में दबिश दी हैं। एडीसीपी कुमार रणविजय सिंह ने कहा, गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने श्रीकांत त्यागी को कोई सुरक्षा मुहैया नहीं करवाई है।

उसके खिलाफ कार्रवाई चल रही है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी। उसके घर से तीन कारें सीज की गई हैं।

मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त कर लिया गया है।

### बिना सर्च वारंट के घर में घुसने का आरोप

*नोएडा। श्रीकांत त्यागी का परिवार समर्थन में आगे आ गया है। इंटरनेट मीडिया पर वायरल वीडियो में त्यागी के स्वजन होने का दावा कर बच्चों ने परेशान करने का आरोप लगाया है। बच्चों का कहना है कि घर में डर के कारण पंखे व लाइट बंद करके पड़े हुए है। घर में सिर्फ बच्चे मौजूद बच्चे डरे हुए है। वायरल वीडियो में त्यागी के चचेरी बहन का कहना है कि पुलिस बच्चों की मां को 24 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में रखा, जबकि उनका कोई दोष नहीं है। बच्चे घटना के बाद से रो रहे है। वहीं परिवार ने आरोप लगाया है कि पुलिस घर में बिना वारंट घुसी और गाड़ी ले गई।*

# गाजियाबाद में 24 घंटे में कोरोना के 100 केस

- 21 से 40 उम्र वाले लोग सबसे ज्यादा संक्रमित

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद में बीते 24 घंटे में कोरोना के 100 नए केस रिकॉर्ड किए गए हैं। रविवार सुबह 6 बजे जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसारए 100 संक्रमित होने वालों में सर्वाधिक 39 मरीज 21-40 उम्र वाले हैं।

वहीं बच्चों की संख्या भी पांच है। गाजियाबाद में अब कोरोना के एक्टिव केस 433 हो गए हैं। इनमें 19 मरीज विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं।

हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि ये वे मरीज हैं, जो कोरोना के अलावा अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं और इसी वजह से वे अस्पताल में भर्ती हुए हैं। गाजियाबाद में अगस्त की संक्रमण दर 2.22 प्रतिशत है, वहीं पिछले 24 घंटे की संक्रमण दर 2.92 प्रतिशत पर पहुंच गई है। आपको बता दें कि अगस्त के पहले हफ्ते में यहां कोरोना के 456 मामले सामने आ चुके हैं।

गाजियाबाद के पड़ोसी जनपद गौतमबुद्ध नगर में कोरोना के सक्रिय केस 887 हो गए हैं। शनिवार को यहां 159 नए मरीज आए थे।

उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा कोरोना के मरीज जिला गौतमबुद्ध नगर में ही मिल रहे हैं। इन 887 में 109 बच्चे भी संक्रमित हैं। स्वास्थ्य विभाग में मेरठ-सहारनपुर मंडल के सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर अशोक तालियान ने बताया कि कोरोना केस भले ही ज्यादा आ रहे हों, लेकिन घबराने जैसी कोइ बात नहीं है। क्योंकि मरीजों को सामान्य बुखार हो रहा है और पांच दिन बाद स्वत: ही जांच रिपोर्ट निगेटिव आ रहे हैं।

# ओयो होटल में दुष्कर्म के मामले में सेंट्रल जोन डीसीपी ने दिए विभागीय जांच के आदेश

- कांस्टेबल आकाश को पुलिस आयुक्त कर चुके है निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के एक ओयो होटल में सॉफ्टवेयर कंपनी में टेक्निकल एनालिस्ट के पद पर कार्यरत युवती की लाश मिली थी। इस मामले में आरोपी सिपाही आकाश तोमर को गौतमबुद्ध नगर पुलिस के अधिकारी ने सस्पेंड कर दिया है विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। जिसके बाद आकाश तोमर के खिलाफ विभागीय जांच शुरू हो गई है।

दरअसल, बीते मंगलवार को नोएडा के सेक्टर-70 में स्थित ओयो होटल में एक 26 साल की युवती की लाश मिली थी। इस मामले में युवती के पिता ने उसके दोस्त समेत 5 लोगों के खिलाफ रेप और हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में युवती के दोस्त अर्जुन, आकाश तोमर, एक युवती समेत 5 लोगों के खिलाफ रेप और हत्याओं की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में पुलिस ने आकाश तोमर और अर्जुन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है। अब इस मामले में सेंट्रल नोएडा डीसीपी राजेश एस ने आरोपी उत्तर प्रदेश पुलिस के सिपाही आकाश तोमर को सस्पेंड करके विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले में एक वीडियो सामने आई है। यह वीडियो घटना से कुछ समय पहले की बताई जा रही है। वीडियो में युवती बोल रही थी, अर्जुन मुझे बचा लो, मुझे आकाश ने फंसा दिया है। वीडियो में काफी अंधेरा दिखाई दे रहा है, लेकिन युवती की रोने की आवाज साफ आ रही है। यह वीडियो कुल 28 सेकंड का है। जांच के दौरान व्हाट्सएप चैटिंग के स्क्रीनशॉट भी सामने आए हैं।

## संक्षिप्त समाचार



कुख्यात बदमाश को पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली, गिरफ्तार करने के बाद अस्पताल में इलाज के लिए ले जाते पुलिस वाले।

### नमस्ते अंकल कह लूट लेता था, मुठभेड़ में लगी गोली

**नोएडा।** नोएडा की थाना सेक्टर 39 पुलिस की रविवार सुबह एक बदमाश के साथ मुठभेड़ हो गयी। यह बदमाश मॉर्निंग वॉक करने वाले बुजुर्गों से चैन आदि लूट की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। दरसअल थाना सेक्टर 39 पुलिस सुबह.सुबह सदरपुर चौकी क्षेत्र में जंगल के पास चेकिंग कर रही थी, तभी एक संग्दिध आता दिखाई दिया। जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया लेकिन वह नहीं रुका और भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया तो उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग की जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग और वह घायल होकर गिर गया। मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश को पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। बदमाश की पहचान शातिर लुटेरे बब्बू के रूप में हुई है।

### दो वारंटी को किया गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाना पुलिस ने रविवार को केन्द्रीय विद्यालय के पास से एक मुकदमें में वांरटी चल रहे खोड़ा गाजियाबाद निवासी गोविन्द को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस टीम ने वर्ष 2008 के एक मुकदमें में वांरटी चल रहे विजयनगर गाजियाबाद निवासी सन्तरपाल को उसके घर से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### चार बदामश धरे, 10 बाइक बरामद

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने रविवार को चार शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10 चोरी की बाइक, 5 बाइकों के पार्ट्स और औजार बरामद हुए हैं। एडिशनल डीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया कि फेस 2 पुलिस ने चेकिंग के दौरान गेझा बूथ के पास से चोरी की बाइक के साथ चार चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अरोपी मथुरा के रहने वाला कर्ण, सलमान और अलीगढ़ के रहने वाले अवनेश, पुष्पेन्द्र है। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि ये शातिर किस्म के वाहन चोर हैं। आरोपी हरियाणा, दिल्ली, एनसीआर और उत्तर प्रदेश के अलग.अलग जनपदों में बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

### दंपती का अपहरण, पुलिस ने छुड़ाया

**गाजियाबाद।** रविवार दोपहर को कंट्रोल रूम की सूचना के बाद नोएडा और गाजियाबाद पुलिस में हलचल मच गई। पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि गाजियाबाद से बुजुर्ग दंपति का कुछ युवकों ने अपहरण कर लिया है। अपहरण के बाद दंपति को दादरी की तरफ ले जाया जा रहा है। दोनों जनपद की पुलिस ने कुछ ही देर में दंपति और युवकों को बरामद कर लिया। युवकों द्वारा दंपति से जबरदस्ती की जा रही थी। हालांकि बाद में प्रकरण पैसे के लेनदेन का प्रकाश में आया। कस्बा दादरी के रहने वाला व्यापारी कुछ साल से गाजियाबाद परिवार के साथ रहने लगा है। बताया जा रहा है कि व्यापारी और बढ़पुरा गांव के एक युवक के बीच पैसे का लेनदेन था।

# नोएडा में पिछले डेढ़ साल में 352 चालकों के लाइसेंस निलंबित

- यातायात उल्लंघन करने पर की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिले में करीब डेढ़ साल में 352 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस डीएल निलंबित किए गए हैं। सबसे ज्यादा डीएल तेज गति में वाहन चलाने के कारण निलंबित किए गए हैं। तीसरी बार में यातायात नियम के उल्लंघन पर डीएल निरस्त कर दिए जाएंगे। इसके बाद चालक से वाहन चलाने का अधिकार छिन जाएगा।

परिवहन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बीते साल जनवरी से इस वर्ष जुलाई तक 352 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए है। यह डीएल तीन माह के लिए निलंबित किए गए हैं। इसमें करीब 300 ड्राइविंग लाइसेंस तेज रफ्तार में गाड़ी दौड़ाने और मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने के कारण निलंबित किए गए हैं। एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा ने बताया कि नियम का उल्लंघन करने वाले जो वाहन अन्य जिलों के होते हैं, वहां से परिवहन विभाग को चालकों की सूचना दी जाती है। ऐसे में संबंधित जिलों में चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किया जाता है। डीएल निलंबन की प्रक्रिया में तेज गति के अलावा बाकी चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस मौके पर जब्त कर लिया जाता है। मिली जानकारी के मुताबिक छह नियमों के उल्लंघन पर ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किया जाता है। इसमें तेज गति में वाहन चलाने, लाल बत्ती का उल्लंघन, ओवरलोडिंग, गलत दिशा में और नशे में वाहन चलाने और मोबाइल फोन पर बात करते हुए पर ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किया जाता है।

# इंदिरापुरम में वृद्धा को घायल कर कुंडल लूटे

**गाजियाबाद।** बेखौफ लुटेरों ने रविवार सुबह इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के कनावनी पुश्ता रोड पर 65 वर्षीय महिला के दोनों कानों से सोने के कुंडल लूट लिए। पीड़िता का एक कान फट गया और सिर में चोट आई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। डाक्टरों ने उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी। उनके बेटे ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है।

कनावनी में 65 वर्षीय सावित्री देवी परिवार के साथ रहती हैं। रोज की तरह रविवार सुबह भी वह पड़ोसी मंजू देवी के साथ कनावनी पुश्ता रोड पर टहलने आईं। कुछ दूर टहलने के बाद वह दोनों सुबह करीब सात बजे ओशियन बैंक्वेट हाल के पास सड़क के किनारे बैठकर आराम करने लगीं। इस दौरान बाइक सवार दो लुटेरे उनके पास आए। एक बाइक स्टार्ट करके खड़ा रहा। दूसरा नीचे उतरकर उनके पास पहुंचा। सावित्री देवी के दोनों कानों से कुंडल लूट लिया।

# कुत्ते ने सुरक्षा कर्मी और कैब चालक को काटा

- बढ़ती घटनाओं से सोसायटी के लोग परेशान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-62 में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। सोसाइटी की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मी को आवारा कुत्ते ने काट लिया। इसके बाद शनिवार को कैब चालक किसी यात्री को छोड़ने आया था। जैसे ही कैब चालक कार से उतरा, उसे कुत्ते ने काट लिया।

कुत्ते का आतंक सोसाइटी में बढ़ता ही जा रहा है। एक कुत्ते की वजह से पूरी सोसाइटी दहशत में है।

सोसाइटी के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एनके सौलंकी ने बताया कि शुक्रवार देर रात सुरक्षा कर्मी राकेश कुमार सोसाइटी में गश्त कर रहा था। इस बीच ही पीछे से आए आवारा कुत्ते ने उनके पैर में काट लिया। कुत्ते के काटने के निशान उनके दोनों पैर में बने हुए है।

सुरक्षा कर्मी ने प्राथमिक उपचार कराया गया। उन्होंने बताया कि शनिवार दिन में कैब चालक किसी यात्री को छोड़ने सोसाइटी में आया था। उसे भी आवारा कुत्ते ने काट लिया। सोसाइटी में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ सप्ताह पहले आवारा कुत्ते को पकड़ कर सेक्टर.94 एसपीसीए संस्था सौंपा गया था। इसके बाद संस्था के लोग कुछ दिनों बाद कुत्ते को सोसाइटी में छोड़ गए।

तब से कुत्ते ने आतंक फैलाना शुरू कर दिया है। सेक्टर.144 के सीएम ब्लॉक में रहने वाले राजेश कुमार के छह वर्षीय बेटा निखिल कुमार को बीते दिनों कुत्तों ने बूरी तरह काट लिया था। खूंखार आवारा कुत्तों ने निखिल के हाथ, पीठ, पेट व सिर पर काट लिया था। कुतों ने निखिल के सिर पर गंभीर रूप से काटा दिया था। उसके सिर पर 11 कांटे आए थे। तब से बच्चा काफी दहशत में है।

# महंगाई के खिलाफ आप ने निकाली पद यात्रा

**नोएडा।** मंहगाई, बेरोजगारी और सेना भर्ती में अग्नि पथ योजना के खिलाफ आम आदमी पार्टी पश्चिम प्रान्त अध्यक्ष सोमेंद्र ढाका के नेतृत्व में निकाली गई। आप गौतमबुद्ध नगर इकाई के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन के साथ बड़ी संख्या में आप नोएडा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

पद यात्रा बड़ौत कस्बे के पी एन शर्मा पार्क से शुरू हुई जिसमें पश्चिम यूपी के आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। पद यात्रा में चल रहे आप कार्यकर्ताओं ने महंगाई, बेरोजगारी और सेना भर्ती में लागू की गई अग्निपथ योजना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# फैक्ट्री में झुलसे कर्मी को लावारिस में भर्ती कराने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

लिंक रोड थाना क्षेत्र के साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट.चार की एक फैक्ट्री में एयर ड्रायर कंप्रेशर मशीन फटने से कर्मचारी झुलस गया। उसका उपचार चल रहा है।

फैक्ट्री मालिक पर उसे अस्पताल में लावारिस छोड़कर भागने का आरोप लगा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहन गार्डन, उत्तम नगर, दिल्ली में ललित नागर परिवार के साथ रहते हैं। वह साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट-चार की राकेट इंक्यूमेट लिमिटेड नामक फैक्ट्री में पिछले तीन माह से कार्यरत थे।

उनकी पत्नी देवकी नागर का आरोप है कि 23 जुलाई को उनके पति फैक्ट्री में ड्यूटी पर थे। शाम करीब साढ़े चार बजे एयर ड्रायर कंप्रेशर मशीन फट गई। उनके पति बुरी तरह से झुलस गए। फैक्ट्री मालिक सुनील मित्तल व उनके बेटे अनिल मित्तल ने उन्हें इसकी जानकारी नहीं दी। पति को सफदरजंग अस्पताल, दिल्ली में लावारिस में छोड़ आए। बाद में उन्हें इसकी जानकारी हुई। उन्होंने इसकी पुलिस को शिकायत दी।



अवैध रूप से पार्किंग की गई कार का फोटो खींच कर चालान करता पुलिसकर्मी।

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआईआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**
**नियम 8 (6) का परंतुक देखें,**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है" एवं जिस भी स्थीत में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | पंकज शर्मा (कर्जदार), मोनिका शर्मा, (जमानतदार) LBGUR00002370762 | फ्लैट नंबर 109, टाइप एस एचआईजी- 2, पहली मंजिल, महागुन मेन्शन, प्लॉट नंबर 1/4 पर, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद और/ या फ्लैट नंबर 109, ब्लॉक मिलानो, टाइप एस, एचआईजी 2, महागुन मेन्शन, इंदिरापुरम, गाजियाबाद. क्षेत्र- 2585 वर्ग फीट | रू. 1,28,39, 197.85/- (अगस्त 03, 2022 तक) | रू. 1,20,00, 000/- / रू. 12,00, 000/- | अगस्त 22, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक | अगस्त 30, 2022 सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अगस्त 29, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **अगस्त 29, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **अगस्त 29, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।
सम्पति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494/ 7304914763** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9310029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।
बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।
**तिथि : अगस्त 08, 2022**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# शहरवासी दूषित पानी पीने को मजबूर, 35 फीसदी नमूने फेल

- मौसम बदलाव के चलते पूरे जिले में जल की हो रही थी जांच

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



शहर की विभिन्न कालोनी, सोसायटी, पानी के प्लांट, रेस्टोरेंट का पानी पीने के लायक नहीं है। इसका खुलासा स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट से हुआ। विभाग ने इस साल सात महीने के भीतर विभिन्न स्थानों से कुल 455 स्थानों से पानी के सैंपल लिए। जिसमें से 35 फीसदी नमूने फेल हो गए। शहर में पीने के पानी की सप्लाई सही नहीं है। पानी की गुणवत्ता को जांचने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जनवरी से जुलाई तक विभिन्न कालोनी, सोसायटी, पानी के प्लांट, रेस्टोरेंट आदि जगह से सैंपल लिए।

जिसमें कई स्थानों के पानी नमूने फेल हो गए। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट बताती है कि विभिन्न स्थानों से जुलाई महीने में सबसे ज्यादा 91 पानी के सैंपल लिए गए थे, जिसमें से 37 नमूने फेल हो गए। जबकि 54 सही पाए गए। इनमें स्वर्णजयंतीपुरम से 28 पानी के नमूने लिए थे। जिनमें से 21 सैंपल फेल हो गए। इसमें 10 से ज्यादा सैंपल में सीवरयुक्त पानी मिला।

इसके अलावा ट्रांस हिंडन की चार सोसाइटी, दो पानी के प्लांट और एक रेस्टोरेंट से लिए गए पानी के सैंपल भी फेल पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसकी सूचना निदेशक संचारी रोग, डीएम और सीडीओ समेत सीएमओ, महाप्रबंधक जलकल और शिक्षा विभाग को भी भेजी है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ आरके गुप्ता ने बताया कि मौसम में बदलाव के साथ जल जनित बीमारियां फैलने की आशंका रहती है। मौसम में बदलाव के चलते विभाग की ओर से भी पूरे जिले में पीने के पानी की जांच करने का अभियान शुरू किया गया है।

जिन स्थानों के पानी सैंपल फेल हुए हैं। उन सभी को नोटिस जारी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट बताती है कि पिछले साल जिले की विभिन्न कालोनियों से 459 स्थानों पर पानी की जांच की गई। यह जांच जनवरी से दिसंबर के बीत हुई थी। इस जांच के बाद 137 पानी के नमूने फेल सामने आए थे। इन्हें भी विभाग ने सिर्फ नोटिस देकर आगे कोई कार्रवाई नहीं की थी। इसी कारण इस साल अधिक जांच में ज्यादा पानी के सैंपल फेल मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग ने स्वर्णजयंतीपुरम के पास बने ईडब्ल्यूएस मकानों में डायरिया से दो बच्चों की मौत के बाद पानी के सैंपल लिए। जिसमें ज्यादातर फेल हुए। इसके अलावा इंदिरापुरम की जपुरिया सनराइज ग्रीन, महागुन फेज दू वैभव खंड, अम्रपाली विलेज ज्ञान खंड, वसुंधरा सेक्टर 15 का शिखर एंक्लेव, शहीदनगर का कमल सिंह पानी का प्लांट, टैक्सला फूड राजेंद्र नगर के नमूने फेल मिले हैं।

डा आरके गुप्ता, जिला सर्विलांस अधिकारी ने कहा कि मौसम में बदलाव के साथ जल जनित बीमारियां फैलने की आशंका रहती है। इसको लेकर विभाग पीने के पानी की जांच कर रहा है। इसी दौरान जुलाई में 91 स्थानों से पानी के सैंपल लिए, जिसमें से 37 फेल हो गए हैं। इन सभी को नोटिस जारी करते हुए इसकी सूचना प्रशासन को भी भेजी गई है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# नई शराब नीति: आबकारी विभाग ने लिए मनमाने फैसले: जांच रिपोर्ट

● नई आबकारी नीति पर एलजी व सरकार में जंग हुई तेज, ताजा जांच रिपोर्ट में किए गए कई चौंकाने वाले खुलासे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



नई आबकारी नीति को लेकर आम आदमी पार्टी की सरकार और उपराज्यपाल के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। शनिवार को एक तरफ जहां उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने नई आबकारी नीति को लेकर पूर्व एलजी की ओर से लिए गए फैसले पर सीबीआई जांच की मांग की।

दूसरी ओर सतर्कता विभाग की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि विभागीय अधिकारियों ने आबकारी नीति 2021-22 के प्रावधानों में न केवल बदलाव किए, बल्कि मंत्रिमंडल या उपराज्यपाल की सहमति के बिना इन्हें लागू भी किया। इससे लाइसेंसधारकों को अप्रत्याशित फायदा हुआ और आप सरकार को आर्थिक नुकसान। इस रिपोर्ट में अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर लिए गए और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा अनुमोदित विभिन्न फैसलों को भी सूचीबद्ध किया गया है। दूसरी तरफ, रिपोर्ट के निष्कर्षों पर दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग या उपमुख्यमंत्री की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, देशी शराब के आयात पर लगने वाला शुल्क, लाभ मार्जिन की वसूली, शुष्क दिवसों की संख्या में कमी और गलत तरीके से किए गए नीति के विस्तार पर रिपोर्ट में खुलाया किया गया है कि सरकार को राजस्व का नुकसान हुआ। सर्तकता विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, मनीष सिसोदिया ने पहले अनुमान लगाया कि नई आबकारी नीति 1300 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित करेगी, लेकिन बाद में गत दिनों आबकारी नीति वापस लेने संबंधी कैबिनेट नोट में कहा गया कि आबकारी नीति में गड़बड़ियों के कारण सरकार को खासा नुकसान हुआ।

कैबिनेट नोट में इस नुकसान के लिए अदालतों को जिम्मेदार ठहराया गया और आरोप लगाया गया कि नान-कनफर्मिंग क्षेत्रों में शराब के ठेके न खुलने देने संबंधी अदालती आदेश के कारण सरकार को 1062 करोड़ के राजस्व की हानि हुई। इसके बाद गत शनिवार को उपमुख्यमंत्री ने राजस्व में हुए नुकसान के लिए पूर्व उपराज्यपाल अनिल बैजल को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि रातोंरात शराब नीति को संशोधित करने के कारण सरकार को हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, आबकारी विभाग के अधिकारियों ने आठ नवंबर, 2021 को विदेशी शराब की दरों की गणना के फार्मूले को संशोधित करने और आयात पास शुल्क की वसूली को हटाने के लिए आदेश जारी करने से पहले न तो मंत्रिमंडल की मंजूरी ली और न ही एलजी से राय ली। विदेशी बीयर पर 50 रुपये प्रति केस की दर से आयात पास शुल्क लगाया गया। इस फैसले से बीयर की इनपुट लागत में कमी आई है। वित्त विभाग ने 28 अक्टूबर 2021 को आबकारी विभाग के इस निर्णय के कारण राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव के लिए मंत्रिमंडल के समक्ष एक नोट रखा, लेकिन आबकारी विभाग के फैसले को बाद में सिसोदिया ने भी मंजूरी दे दी।

आबकारी नीति 2021-22 में शुष्क दिनों की संख्या भी मंत्रिमंडल या एलजी की राय के बिना ही 21 से घटाकर तीन कर दी गई थी। अधिकारियों ने शुष्क दिनों की संख्या में पर्याप्त कमी के कारण बिक्री के दिनों की इतनी बढ़ी संख्या की भरपाई के लिए अतिरिक्त लाइसेंस शुल्क लगाने के लिए कोई कोशिश नहीं की गई। सूत्रों ने रिपोर्ट के हवाले से कहा कि लाइसेंस अवधि में 31 जुलाई, 2022 तक विस्तार उपमुख्यमंत्री कार्यालय से नोट प्राप्त करने पर अधिकारियों द्वारा किया गया था, लेकिन इसपर भी वित्त विभाग या मंत्रिमंडल की मंजूरी नहीं ली गई थी।

एल7जेड लाइसेंस (क्षेत्रीय लाइसेंस) की अवधि को पहले एक अप्रैल, 2022 से 31 मई, 2022 तक और फिर एक जून, 2022 से 31 जुलाई, 2022 तक आबकारी अधिकारियों द्वारा मंत्रिमंडल की मंजूरी के बिना बढ़ाया गया था। एलजी को भी भरोसे में नहीं लिया गया। थोक लाइसेंस की अवधि को 31 जुलाई, 2022 तक बढ़ाने का भी यही मामला था।

यह भी देखा गया कि निविदा लाइसेंस शुल्क में कोई वृद्धि किए बगैर या शराब बिक्री के रीयल टाइम डाटा पर विचार किए बिना यह अवधि बढ़ाई गई, जो 23 जून, 2021 को मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव का उल्लंघन था।

## शराब की दुकानों में काम करने वालों को सता रही भविष्य की चिंता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शराब की उन निजी दुकानों में काम करने वाले लोग इस समय दुविधा का सामना कर रहे हैं, जो एक सितंबर से बंद होने जा रही हैं। एक ओर जहां ये कर्मचारी आजीविका के वैकल्पिक रास्ते तलाशने में जुटे हैं, तो दूसरी ओर उन्हें अपने गृह नगर वापस लौटने का डर सता रहा है। दिल्ली सरकार ने पुरानी आबकारी नीति को वापस लेने की घोषणा की है, जिसके चलते ए कर्मचारी अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। सरकार के निर्णय के तहत एक सितंबर से शराब की निजी दुकानें बंद हो जाएंगी।

लाजपत नगर में शराब की दुकान पर काम करने वाले सेल्समैन रामदत्त प्रजापति (45) ने कहा कि इस काम से जुड़े लोगों का भाग्य दांव पर लगा है क्योंकि उन्हें इस बात का कोई अंदाजा नहीं है कि नई नीति आने के बाद भी सरकार निजी शराब दुकानों के संचालन की अनुमति देगी या नहीं। प्रजापति ने कहा कि मेरे पास उत्पाद बेचने के अलावा कोई अन्य कौशल नहीं है, इसलिए मैं ऐसी ही नौकरी खोजने की कोशिश करूंगा। अगर नौकरी नहीं मिली, तो मुझे फल या सब्जियां बेचनी पड़ सकती हैं, लेकिन मैं घर पर बेकार नहीं बैठ सकता क्योंकि मेरा बच्चा और पत्नी मुझ पर निर्भर हैं। शराब की दुकान पर काम करने वाले मनीष को अपने भविष्य के बारे में पता नहीं है, जिसके चलते उन्हें उत्तर प्रदेश के कासगंज में अपने गृहनगर वापस लौटने के विकल्प पर विचार करना पड़ रहा है।



प्रदर्शन करते भाजपा नेता।

# सिसोदिया को बर्खास्त करने की मांग को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

● सीबीआई का शिकंजा कसने लगा तो दिल्ली वालों को बर्गलाने लगे : आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई आबकारी नीति के तहत शराब माफियाओं से मिली भगत कर करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार के आरोप में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की बर्खास्तगी की मांग को लेकर रविवार को भाजपा सांसदों एवं विधायकों ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शध्न भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता एवं नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधू ?ी की अगुवाई में किया गया।

इस अवसर पर आदेश गुप्ता ने कहा कि मनीष सिसोदिया अब यह समझ चुके हैं कि सीबीआई उनकी सभी भ्रष्टाचार की परते खोलने वाली है। ऐसे में अब वह पूरे मुद्दे को पलटने में लगे हुए हैं।

इसलिए वे सीबीआई को गुमराह करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि सिसोदिया को मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्त करें। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि शराब माफियाओं के दवाब में आज सिसोदिया दिल्ली को बर्बाद करने पर तुले हुए हैं। शराब माफियाओं के साथ हाथ मिलाकर करो ?ों रुपये लेकर सिसोदिया ने मास्टर प्लान का उलंघन किया है।

सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि बर्बाद होती दिल्ली की सुध लेने की बजाय अरविंद केजरीवाल दूसरे राज्यों के राजनीतिक पर्यटन में व्यस्त हैं। इस प्रदर्शन में सांसद हंसराज हंस, प्रदेश महामंत्री कुलजीत सिंह चहल, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओपी शर्मा, अनिल वाजपेयी, अभय वर्मा एवं जितेन्द्र महाजन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आठ सालों से बारिश बनी मुसीबत का सबब : आदेश

**नई दिल्ली।** पिछले आठ वर्षों से दिल्ली के वालों के लिए बारिश मुसीबत का सबब बन गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि केजरीवाल की सरकार की लापरवाही के के चलते दिल्ली के लोग स ?कों पर जलजमाव के कारण घंटों ट्रैफिक में फंसे रहते हैं। केजरीवाल नालों की सफाई का दावा तो करते हैं लेकिन सफाई की जगह भ्रष्टाचार करते हैं।

आदेश गुप्ता ने कहा कि पिछले तीन से चार दिनों में रुक-रुक कर होने वाली बारिश के बाद दिल्ली के कई इलाकों में जलजमाव है। अगर तेज बारिश आ जाती है तब दिल्ली में नाव चलाना पड़ सकता है। प्रदेश अध्यक्ष ने केजरीवाल सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि दिल्ली के नालों से गाद न निकालने के कारण थोड़ी भी बारिश में जलजमाव होना शुरु हो जाता है। उन्होंने कहा कि जब भी केजरीवाल के कामों को धरातल पर परखने की बारी आती है तो वहां केजरीवाल हमेशा फेल होते हुए दिखाई देते हैं।

आदेश गुप्ता ने कहा कि राजौरी गार्डन, पश्चिम पंजाबी बाग, नजफग ?, बिजवासन, कापसहे ?ा, अशोक नगर, द्वारका, जंगपुरा, नेहरू नगर, आनंद विहार, विश्वास नगर, सी आर पार्क, सफदरजंग एन्क्लेव, करोल बाग, पहाड़गंज, सब्जी मंडी, आजादपुर और जहांगीरपुरी जैसे इलाकों में रहने वाले लोगों को बारिश से हुए जलजमाव से भारी परेशानी झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल और उनके मंत्री बारिश से पहले सिर्फ सड़कों का मुआयना करते हैं लेकिन काम करने की बारी आती है तो हाथ खड़े कर लेते हैं। ऐसे ही करके दिल्ली को पिछले आठ सालों से गुमराह करने का काम केजरीवाल कर रहे हैं।

# डीयू विधि संकाय के छात्रों की हड़ताल जारी

● पाठ्क्रम पूरा नहीं होने से नाराज हैं छात्र, परीक्षा स्थगित करने की कर रहे मांग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय के छात्रों के एक वर्ग की भूख हड़ताल रविवार को दूसरे दिन भी जारी रही। छात्रों का कहना है कि उनका पाठ्यक्रम पूरा नहीं हुआ है। छात्रों ने दावा किया कि संकाय में 50 से अधिक छात्र भूख हड़ताल पर हैं। छात्रों ने शनिवार को अपनी परीक्षा स्थगित करने की मांग करते हुए भूख हड़ताल शुरू की थी।

छात्रों ने कहा कि परीक्षा स्थगित करने की उनकी मांग पर विभाग या विश्वविद्यालय की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। विधि संकाय के दूसरे सेमेस्टर के छात्र शक्ति सिंह ने बताया रविवार को भूख हड़ताल का दूसरा दिन है। लेकिन विवि का कोई अधिकारी छात्रों की परेनशानी सुनने के लिए नहीं आया। दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर के प्रदर्शनकारी छात्रों ने भी दो पेपर के बीच पर्याप्त अंतर सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा की तिथि में बदलाव करने की मांग की। कैंपस लॉ सेंटर (सीएलसी) और लॉ सेंटर एक और दो के छात्र विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि उनका पाठ्यक्रम पूरा नहीं हुआ है और ऑनलाइन कक्षाएं अभी भी चल रही हैं, लेकिन परीक्षाएं 10 अगस्त से निर्धारित हैं। विधि संकाय के छात्र स्वप्निल ने कहा, हम अपनी मांगें पूरी होने तक भूख हड़ताल जारी रखेंगे। कुछ छात्रों का रक्तचाप कम हो गया है, लेकिन जब तक प्रशासन परीक्षा स्थगित नहीं करता, हम हड़ताल खत्म नहीं करेंगे। कई छात्र धरने पर बैठ गए । डीन ऑफ एग्जामिनेशन डी एस रावत ने कहा है कि शैक्षणिक कैलेंडर सेमेस्टर की शुरुआत से पहले जारी किया गया था और इसमें परीक्षा की तारीख का उल्लेख किया गया था।

# मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक की कार की टक्कर से 3 घायल, कई वाहन क्षतिग्रस्त

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के गीता कॉलोनी फ्लाईओवर पर मध्य प्रदेश के एक पूर्व विधायक की कार ने एक अन्य कार को कथित तौर पर टक्कर मार दी जिससे तीन लोग घायल हो गए।

पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह हादसा शनिवार रात लगभग 10 बजकर 45 मिनट पर हुआ। पुलिस के अनुसार मध्य प्रदेश के सागर जिले के पूर्व विधायक सुनील जैन बीएमडब्ल्यू कार चला रहे थे और उस कार में उनकी बेटी और चालक भी मौजूद थे। पुलिस ने बताया कि सुनील जैन की कार ने एक मारुति वैगनआर कार को कथित तौर पर टक्कर मार दी, जो एक दोपहिया वाहन से जा टकराई। सुनील जैन की बेटी विवेक विहार में रहती है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कल्सी के मुताबिक पूर्व विधायक की बीएमडब्ल्यू कार ने एक अन्य कार को भी टक्कर मारी।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक इस घटना में वैगनआर कार के चालक और दोपहिया सवारों को मामूली चोटें आई हैं और उन्हें इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।पुलिस ने इस दुर्घटना के सिलसिले में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## युवक की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** मुकुंदपुर में शनिवार की रात बदमाशों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। 22 साल के युवक को घर के पास से कुछ लोग बुलाकर ले गए थे. मामले की जानकारी पुलिस को दी गई. जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। मृतक के परिवार वालों को भी इसकी सूचना दी गई। मृतक की पहचान 22 साल के अंकित के रूप में हुई है। अंकित दिल्ली के जहांगीरपुरी का रहने वाला है और आजादपुर मंडी में गाड़ी चलाता था. परिवार वालों का कहना है कि अंकित को उसके कुछ जानकार घर के पास से बुलाकर ले गए। उन्हें सूचना मिली कि अंकित को गोली मार दी गई है।

# अंतरराष्ट्रीय आव्रजन रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुंबई के रहने वाले एजेंट और एक यात्री को गिरफ्तार करने के साथ दिल्ली पुलिस ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय आव्रजन रैकेट का भंडाफोड़ करने का दावा किया।

यह गिरोह फर्जी पासपोर्ट के आधार पर लोगों को विदेश भेजने के कार्य में संलिप्त था। पुलिस उपायुक्त तनु शर्मा ने बताया कि एजेंट की पहचान मुश्ताक के रूप में हुई है जो गुजरात और मुंबई से कार्य कर रहे अपने साथियों की मदद से जाली पासपोर्ट की व्यवस्था करता था। छह जुलाई को भारतीय पासपोर्ट धारक रवि रमेशभाई चौधरी को कुवैत से वापस भारत भेजा गया था। वह जब आव्रजन मंजूरी के लिए गया तो उसका पासपोर्ट जाली पाया गया। शर्मा ने बताया, जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपी रवि रमेशभाई चौधरी से कड़ी पूछताछ की गई। उसने खुलासा किया कि वह कुछ एजेंटों- नारायण भाई, जाकिर युसूफ शेख और मुश्ताक के संपर्क में आया। ये सभी एजेंट गुजरात और मुंबई के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया, शुरु में चौधरी को गुजरात के स्थानीय एजेंट नारायण भाई ने आश्वस्त किया कि 65 लाख रुपए में उसके लिए जाली पासपोर्ट और वीजा की व्यवस्था की जाएगी।

# 'महिलाएं भी सीखें सोशल मीडिया का इस्तेमाल'

● अपने परिवार के सदस्यों के साथ करें साझा करें जानकारी : आतिशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कालकाजी से विधायक आतिशी ने कहा कि महिलाओं के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल व वॉट्सऐप जैसे ऑनलाइन मैसेजिंग एप्लिकेशन से मिली जानकारियों व संदेश का सत्यापन करना आना बहुत जरूरी है।

लड़कियों और महिलाओं के लिए श्रीनिवासपूरी स्थित कर्पूरी ठाकुर जन जीवन कैम्प में फ्रीडम पाठशाला द्वारा चलाए जा रहे पांच दिवसीय डिजिटल मीडिया एंड इन्फॉर्मेशन लिटरेसी प्रशिक्षण कार्यकम में शामिल हुई आप नेता ने छात्राओं से मिलकर उनके सीखने के अनुभवों को जाना। साथ ही कहा कि छात्राओं जो भी इस प्रशिक्षण शिविर में सीखती हैं। उसे अपने माता-पिता और परिवार के दूसरे सदस्यों के साथ जरूर साझा करें।

फ्रीडम आईडियोसिंक मीडिया कंबाइन का फ्लैगशिप प्रोग्राम है, जिसे महिला सशक्तिकरण के लिए डिजिटल मीडिया साक्षरता का उपयोग करने और महिलाओं के खिलाफ हिंसा को संबोधित करने के लिए तैयार किया गया है। आतिशी ने कहा कि बच्चों को स्कूल व कॉलेज में ट्रेंडिंग सोशल मीडिया एप्लिकेशन एवं आधुनिक तकनीक के बारे में जानने के अनेकों अवसर मिलते है लेकिन महिलाएँ अक्सर घर के कामों में ही सिमट के रह जाती है। बहुत सी महिलाओं के पास स्मार्ट फोन होने के बावजूद उन्हें उसके सभी फिचर व एप्लिकेशन के बारें में नहीं पता होता। वे अक्सर अपने फोन पर मात्र विडियो कॉल व मैसेज भेजने के लिए घर के पुरुषों व बच्चों पर आश्रित रहती है। जरूरी है कि हम अपनी महिलाओं को भी सोशल मीडिया व टेक्नोलॉजी के सही इस्तेमाल के बारें में सिखाएँ कि कैसे वे इसके इस्तेमाल से सही और झूठी खबरों व जानकारियों को पहचान सकती है और अपने रोजमर्रा के कामों को आसान बना सकती है।



बच्चों संग आप विधायक आतिशी।

# तिलक मार्ग और भगवान दास रोड पर वन रोड वन वीक अभियान शुरू

## उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने लिया जायजा, अधिकारियों को दिया 15 सड़कों के सुधार कार्यों को पूरा करने का निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रविवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) की वन रोड-वन वीक पहल की शुरुआत की। इस पहल के तहत सुप्रीम कोर्ट के चारों ओर तिलक मार्ग और भगवान दास रोड के फुटपाथों, पटरियों और सड़क के बीचोबीच पटरियों की मरम्मत और रखरखाव के काम शामिल हैं।

उपराज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि प्रभावी प्रयासों के बिना सड़कें सुंदर नही बनेंगी। हमें प्रदूषण कम करने के लिए भी इस दिशा में प्रयास करना होगा। उपराज्यपाल ने व्यक्तिगत रूप से इंटरलॉकिंग ब्लॉक बिछाने, पेड़ों की छंटाई, ग्रिल की पेंटिंग और रोड मार्किंग आदि जैसे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण और पर्यवेक्षण करते हुए निर्देश दिया कि नई दिल्ली क्षेत्र में तिलक मार्ग और अन्य सड़कों के सुधार कार्यों को एक एक करके टुकड़े के बजाय व्यापक रूप से एकमुश्त किया जाना चाहिए।

इसमें फुटपाथों की मरम्मत, सफेदी, पेंटिंग, सौंदर्यीकरण रेलिंग, रैंप, कर्ब स्टोन, सेंट्रल वर्ज, बिजली के खंभों का उचित रखरखाव और सभी प्रकार के अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाना शामिल है। उन्होंने स ?क किनारों पर हरित पट्टी के रखरखाव और सुरक्षा के साथ-साथ सड़कों की दैनिक सफाई और स्वच्छता पर भी जोर दिया।

उपराज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एनडीएमसी क्षेत्रों में 15 सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर पूरी तरह से सुधारें।

उन्होंने अच्छी गुणवत्ता वाली सड़कों के निर्माण और बड़े पैमाने पर सार्वजनिक सुरक्षा के लिए उनके उचित रखरखाव पर जोर दिया। सक्सेना ने नई दिल्ली के हरित क्षेत्र को बनाए रखने और संरक्षित करने के लिए ठोस कदम उठाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पेड़ों की छंटाई करने के निर्देश दिए ताकि पेड़ों की आयु में सुधार के साथ-साथ उन्हें एक सुंदर और सौंदर्यपूर्ण आकार दिया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि उद्यान विभाग द्वारा हरित पट्टी की सफाई करते हुए 45 फीट से अधिक ऊंचाई वाले पेड़ों की नियमित रूप से कांट-छांट भी की जाए।

इस अवसर पर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष अश्विनी कुमार, उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, परिषद सदस्य कुलजीत सिंह चहल और सचिव विक्रम सिंह मलिक अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शामिल थे।

# तिरंगा साइकिल रैली को एलजी ने दिखाई हरी झंडी

● एनडीएमसी की रैली में 200 साइकिल सवारों ने भाग लिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने हर घर तिरंगा अभियान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए रविवार को तिलक मार्ग से तिरंगा साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस रैली का आयोजन नई दिल्ली नगरपालिका परिषद द्वारा किया गया था, जिसमें 200 साइकिल सवारों ने हिस्सा लिया और वे इंडिया गेट, शाहजहां रोड, पृथ्वीराज रोड और राजेश पायलट मार्ग होते हुए खान मार्केट पहुंचे। उपराज्यपाल ने एक ट्वीट में कहा, आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के तहत हर घर तिरंगा अभियान के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एनडीएमसी द्वारा आयोजित तिरंगा साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाई। साइकिल चालकों प्रतिभागियों का उत्साह और यह उत्सव वास्तव में मनोरम था।

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को बढ़ावा देने के लिए प्रश्नोत्तरी, चित्रकला प्रतियोगिता और सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है।

# देश में हर हाथ को काम मिले, इसके लिए हथकरघा को बढ़ावा दें : राज्यपाल

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में कही यह बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर प्रदर्शनी का अवलोकन करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि भारत की उन्नति के लिए हर हाथ को काम मिलना चाहिए और यह लक्ष्य हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देकर प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांवों में पहले हाथ से उत्पाद बनाने की परंपरा थी जिसने हमारी आर्थिक व्यवस्था को जिंदा रखा है। आज फिर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने की जरूरत है। यह बात उन्होंने रविवार को यहां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के मौके पर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करने के उपरांत कही।

उन्होंने गुरुग्राम के लोक निर्माण विश्राम गृह में हस्तशिल्पयों द्वारा अपने हाथ से बनाए उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी का बारीकी से अवलोकन किया। प्रदर्शनी को राज्यपाल ने रुचि लेकर देखा और हर स्टॉल पर रुक कर हस्तशिल्पकार से पूछा कि वह उत्पाद बनाने के लिए कच्चा माल कहां से लाते हैं, उत्पाद बनाने में कितना समय लगता है, उसके समूह में कितने व्यक्ति शामिल हैं, काम शुरू करने के लिए कितना पैसा लगाया था तथा उत्पादों की बिक्री की क्या व्यवस्था है। स्टॉल लगाने वाली ज्यादातर महिलाएं हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह में काम करने वाली महिलाएं थी।

राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने कहा कि हाथ से बनी वस्तुएं अच्छी होती हैं, उनमें कोई मिलावट नहीं होती इसलिए उनकी कीमत भी ज्यादा होती है। उन्होंने हथकरघा कार्यों से जुड़ी महिलाओं का आह्वान किया कि वे अपने उत्पादों में ऐसी गुणवत्ता लाएं कि उनके उत्पाद देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी निर्यात हों। साथ ही उन्होंने कहा कि सच्चाई व ईमानदारी से काम करें और धनराशि का लेनदेन बैंक के माध्यम से करें। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 45 करोड़ लोगों के बैंक खाते खुलवाए थे। केंद्र व राज्य सरकार हथकरघा उद्योगों को बढ़ावा दे रही हैं। हरियाणा में पानीपत हथकरघा उद्योग का एक बड़ा केंद्र बन गया है। प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूह की लगभग 50 महिलाओं ने भागीदारी की थी, जिन्हें राज्यपाल ने ढाई लाख रुपए की राशि देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला के गांव चंदू की महिला पूजा शर्मा ने गांव में रहते हुए खाने के ऐसे उत्पाद बनाए कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उन्हें राष्ट्रपति ने सम्मानित किया, वह महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण है।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रविवार को गुरुग्राम के लोक निर्माण विश्राम गृह में तिरंगा वितरण केंद्र का भी रिबन काटकर शुभारंभ किया। इन वितरण केंद्रों के माध्यम से लोगों को खरीदने के लिए तिरंगे झंडे उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

# राज्यपाल ने पत्रकार संजय मेहरा को किया सम्मानित



गुरुग्राम-महरौली रोड स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में रक्त दाता पत्रकार संजय मेहरा को बैज लगाकर सम्मानित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

## रेडक्रॉस सोसायटी ने राजकीय कन्या महाविद्यालय में लगाया रक्तदान शिविर

**गुरुग्राम।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रविवार को यहां महरौली रोड स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में रक्त दान शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने कैनविन फाउंडेशन के सहयोग से लगाया। शिविर में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने 22वीं बार रक्तदान करने पर पत्रकार संजय कुमार मेहरा को सम्मानित किया। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के तहत शिविर में 75 यूनिट रक्तदान हुआ।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रक्त दाताओं को बैज लगाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा जरूरतमंदों को राहत सामग्री भी उनके कर कमलों से वितरित की गई। राज्यपाल दत्तात्रेय ने कहा कि वे प्रदेशवासियों को आजादी के अमृत महोत्सव की शुभकामनाएं देते हैं। देशभर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत अनेकों सामाजिक कार्य करके हम जनसेवा में आगे बढ़ रहे हैं। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी का ध्येय ही समाजसेवा है। हर जरूरतमंद, लाचार तक संस्था के सदस्य पहुंचकर उन्हें मदद करते हैं। शिविर में संयुक्त सचिव अनिल जोशी ने 79वीं बार रक्त दान किया। मंच संचालन संगीत विभाग के प्राध्यापक लोकेश शर्मा ने किया। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ की उपाध्यक्ष सुषमा गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुषमा शर्मा, संयुक्त सचिव अनिल जोशी आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त-समाचार

### प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है : सूरजपाल अम्मू



**सोहना।** थाईलैंड में हुए एशियन योगासन में सिल्वर मेडल जीतकर आई विजाता आर्य का परिजनों, रिश्तेदार और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने स्वागत सम्मान किया। विजाता आर्य ने विश्व चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल लेकर आने का आश्वासन दिया है। शहर के एक निजी रिसोर्ट में एशियन योगासन प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल विजेता डॉक्टर विजाता आर्य का अभिनंदन किया गया। जिसका आयोजन सोहना सांस्कृतिक मंच ने किया था। कार्यक्रम में संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सिल्वर मेडल विजेता डॉक्टर विजाता आर्य को शुभकामनाए दीं। डॉक्टर विजाता आर्य को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू ने कहा प्रतिभा किसी की भी मोहताज नहीं होती है। प्रतिभाशाली व्यक्ति अपनी मेहनत व कर्मों की बदौलत समाज में सम्मान प्राप्त करता है। समारोह में पहलवान सतबीर खटाना, व्यापारी अनुज गुप्ता, बिजली विभाग वरिष्ठ अधिकारी राजकुमार जाजोरिया, पार्षद राजकुमार गोयल एडवोकेट आदि मौजूद थे।

### हिरोशिमा दिवस - युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और गाइड्स ने हिरोशिमा दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर आह्वान किया कि युद्ध से किसी भी समस्या का समाधान नहीं प्राप्त किया जा सकता है। सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि परमाणु युग में अस्त्रों की स्पर्धा में विश्व में ऐसे राष्ट्र और व्यक्तियों का अभाव नहीं है जो व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए विश्व को परमाणु युद्ध की आग में झोंक सकते हैं। रविंद्र कुमार मनचन्दा ने हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराए जाने के बारे में बताते हुए कहा कि छह अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा नगर पर परमाणु बम गिराया था। इसके तीन दिन बाद जापान के अन्य नगर नागासाकी पर दूसरा परमाणु बम गिराया था। दोनों नगरों को पूर्ण रूप से नष्ट कर दिया गया। दो लाख से अधिक लोगों की बलि चढ़ा दी गई और जो बच गए उन का जीवन इस त्रासदी के साथ रहने के लिए अभिशप्त बन गया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने सुंदर संयोजन के लिए प्राध्यापिका मनीषा, शिवानी, कविता, सोनिया, कॉर्डिनेटर प्राध्यापिका मोनिका, प्राध्यापिका शीतल एवम प्रतिभागी छात्राओं का सृष्टि का विनाश करने वाले शास्त्रों को त्याग कर वैश्विक शांति बनाए रखने का संदेश देने के लिए स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

### ग्रीन बैल्ट में चलाया पौधारोपण अभियान

**फरीदाबाद।** कपिला इंडस्ट्रीज एवं ग्रीन बिग्रेड द्वारा एफसीआई गोदाम के सामने वाली ग्रीन बैल्ट में पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम के आयुक्त यशपाल यादव ने ग्रीन बैल्ट में पौधा लगाकर की। उनके साथ मिलकर ग्रीन बिग्रेड के सदस्यों ने भी ग्रीन बैल्ट में 40 सैकेंड में 40 पौधे लगाकर कीर्तिमान स्थापित किया। सभी टीम के सदस्यों ने अपने द्वारा लगाए हुए पेड़ों पर फ्रेंडशिप बैंड बांधकर उनके संरक्षण की शपथ ली। संचालन गौरव अरोड़ा ने किया। इस आयोजन को और खूबसूरत बनाने के लिये बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के ऊपर कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर निगमायुक्त ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है क्योंकि हमारे चारों तरफ ग्लोबल वार्मिगिं तेजी से फैल रहा है, इसलिए हम लोगों की आने वाली पीढ़ियों को बचाने के लिए पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना बहुत जरूरी है। निगमायुक्त ने बताया कि वृक्षारोपण - एक पहल की ग्रीन ब्रिगेड पर्यावरण संरक्षण के अलावा रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त भारत, कोविड वैक्सिनेशन कैम्प इत्यादि का भी सफल आयोजन कर चुकी है। उन्होंने कपिला इंडस्ट्रीज और ग्रीन बिग्रेड के इन अच्छे कामों के लिए प्रशंसा भी की।

# ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन करे सरकार : सुशील

## एक दर्जन ब्राह्मण संस्थाओं ने मिलकर किया कार्यक्रम

**गुरुग्राम।** ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन रजि. गुड़गांव के प्रयास से सिविल लाइन स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में एक दर्जन ब्राह्मण संस्थाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी, उद्योगपति सुशील भारद्वाज वजीराबाद थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पीडी शर्मा पूर्व जिला राजस्व अधिकारी ने की। विशिष्ट अतिथि रघुवर दयाल भारद्वाज सदस्य श्री शीतला माता बोर्ड, कल्याण शर्मा पूर्व आईआरएस रहे।

जिनमें मुख्य रुप से ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन अजय शर्मा, ब्राह्मण विकास परिषद सेक्टर-4 मनोज भारद्वाज, ब्राह्मण विकास संगठन सुरेंद्र शर्मा, ब्राह्मण सभा झाड़सा शिव कुमार, ब्राह्मण सभा गुड़गांव गांव टीपी शर्मा, अखिल भारतवर्षीय श्री चौरासिया ब्राह्मण महासभा कमल शर्मा, अखिल भारतीय शर्मा महासभा आरएल शर्मा एडवोकेट, पूर्व जिला राजस्व अधिकारी पीडी शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम के आयोजक व ब्राहमण वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि सभी ब्राह्मण संस्थाओं को एक मंच पर लाने का हमारा प्रयास है। जिसके लिए अति शीघ्र 21 सदस्यों की एक कमेटी गठित की जाएगी।

मुख्य अतिथि समाजसेवी सुशील भारद्वाज वजीराबाद ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव दुनिया को ज्ञान व दान दिया है।

# बिजली कटौती से आक्रोशित लोगों ने रात में दिया धरना

## एसडीओ ने एक घंटे में खराब बिजली सप्लाई चालू कराई

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



शनिवार रात 11 बजे सोहना के दमदमा मोड़ पर एलिवेटेड मार्ग पर बिजली की छह घंटे की कटौती के विरोध में धरने पर बैठे लोग।

**शनिवार** शाम से देर रात तक शहर के दो अलग-अलग फीडरों पर लगे छह घंटे के कट से परेशान बिजली उपभोक्ताओं ने गुरुग्राम-सोहना मार्ग पर बैठकर धरना दिया। जिससे एलिवेटेड मार्ग पर दौड़ने वाले वाहनों का पहिया एक दम से थम गया। मौके पर पहुंचे बिजली निगम के एसडीओ द्वारा एक घंटे में खराब बिजली सप्लाई चालू कराने के बाद लोगों ने जाम खोला।

शनिवार के दिन उमस भरी गर्मी होने के कारण लोगों को बिजली के लगने वाले कटों से परेशानी हो रही थी। भारी कटों के कारण घरों में लगे इंवेटर नहीं चल पा रहे थे। शनिवार को सायं छह बजे आर/सिरो 66 केवीए पावर हाउस के अंदर केबल में विस्फोट के कारण सिटी 1, सिटी 2, एमएमटीसी, अभयपुर जोन, मोहम्मदपुर, ब्रीज, रंधावा, जीएलएस, एल्डेगो, अरेटे, सिग्नेचर, सेंट पैट्रिक फीडर बंद हो गए। एचवीपीएनएल स्टाफ इस पर कार्य को तुरन्त ठीक करने में जुट गया। लेकिन फाल्ट बड़ा होने के कारण समय लग रहा था। जिससे रात्रि 11 बजे तक बिजली सप्लाई नहीं आ सकी।

**सब्र का बांध टूटा :** आखिर बिजली का इंतजार करते-करते बिजली लोगों के सब्र का बांध रात 11 बजे टूट गया। सोशल मीडिया के माध्यम से मात्र 10 मिनट में सैकड़ों की संख्या में लोग एलिवेटेड मार्ग के दमदमा मोड़ पर पहुंच गए। जहां चंद मिनटों में एकजुट हुए भीड़ सड़क के बीच में धरना देकर बैठ गए। जिससे एलिवेटेड मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

सतबीर पहलवान ने बताया कि सोमवार व मंगलवार तक निगम अधिकारी बिजली के लग रहे कटों की कमियां दूर कर लें। यदि मंगलवार तक कोई सुधार नहीं होता है तो पावर हाउस को ताला लगा देंगे और अधिकारी व कर्मचारियों को बाहर बैठना पड़ सकता है।

बिजली निगम के एसडीओ राहुल यादन ने बताया कि पावर हाउस के अंदर अचानक से बादशाहपुर से आ रही टी/वन, टी/एफ लाइन की केबल फट गई है। जिसे जोड़ने में समय लग रहा था। जल्द ही केबल बदलने का कार्य किया जा रहा है। उसके तुरन्त ठीक होने पर बिजली की लाइनों को चालू कर दिया जाएगा।

# राज्यपाल ने कैनविन फाउंडेशन के काम को सराहा

## आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के तहत रक्त दान शिविर में संस्थापक डॉ. डीपी गोयल को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम में कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. डीपी गोयल को सम्मानित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

**रविवार** को यहां महरौली रोड स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में कैनविन फाउंडेशन के सहयोग से जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा लगाए गए रक्त दान शिविर में मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने एक बार फिर से कैनविन फाउंडेशन के काम की सराहना करते हुए कैनविन के संस्थापक डा. डीपी गोयल एवं सह-संस्थापक नवीन गोयल को अपनी शुभकामनाएं दी। डा. डीपी गोयल को उन्होंने सम्मानित भी किया।

आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के तहत लगाए गए इस शिविर में कैनविन फाउंडेशन की टीम का विशेष सहयोग रहा और कुल 75 यूनिट रक्त में से 34 यूनिट रक्त का योगदान कैनविन फाउंडेशन ने दिया। रक्त दान शिविर का रिब्बन काटकर उद्घाटन करने के बाद राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रक्त दान कर रहे युवाओं से मुलाकात की और उन्हें बैज लगाकर सम्मानित भी किया। इस दौरान डा. डीपी गोयल एवं नवीन गोयल ने उन्हें कैनविन फाउंडेशन की टीम से रक्त दान कर रहे युवक-युवतियों का परिचय कराया और उनके कार्य से अवगत कराया। कैनविन फाउंडेशन के समाजसेवा के कार्यों से पहले से ही परिचित राज्यपाल डा. दत्तात्रेय ने सभी युवाओं को ऐसे ही समाजसेवा करते रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हम अपने लिए कुछ भी कर लें, लेकिन जब तक समाज के लिए कुछ ना करें तब तक हमारे जीवन का कोई महत्व नहीं।

डा. डीपी गोयल एवं नवीन गोयल ने राज्यपाल डा. बंडारू दत्तात्रेय को विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी इसी तरह से पूरी निष्ठा और लगन के साथ समाजसेवा के कार्य जारी रहेंगे। कैनविन फाउंडेशन के स्वास्थ्य और पर्यावरण के क्षेत्र में लगातार काम जारी रहते हैं। कोरोना काल में भी जिला स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर प्लाज्मा डोनेशन, रक्त दान के साथ जरूरतमंदों तक ऑक्सीजन और दवाइयां पहुंचाने का भी काम किया गया। जब कोविड पीक पर था और लोगों को उपचार की दिक्कत आ रही थी, जब कोविड अस्पताल बनाकर कोरोना संक्रमितों का जीवन बचाने के लिए काम किया गया।

# राहगिरी कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों पर झूमे शहरवासी

## देश भक्ति के रंगों से सजी रविवार की सुबह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में राहगिरी कार्यक्रम में तिरंगे लहराते एडीसी विश्राम कुमार मीणा, एसडीएम अंकिता चौधरी व आमजन।

**आजादी** के अमृत महोत्सव की श्रृंखला और हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को सुबह सेक्टर-14 की मेन मार्किट मे जिला प्रशासन द्वारा राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जहां एक तरफ बच्चे, बूढ़े और जवान देशभक्ति गीतों पर झूमें वहीं दूसरी और नागरिकों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर लोगों के लिए कई तरह की हर घर तिरंगा अभियान तथा आजादी के अमृत महोत्सव पर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी जिनमें लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। गुरुग्राम के अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने राहगिरी कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर गुरुग्राम की एसडीएम अंकिता चौधरी तथा नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय यादव भी उपस्थित रहे। अतिरिक्त उपायुक्त ने नागरिकों से 13 से 15 अगस्त के बीच अपने अपने घरों, दुकानों व अन्य प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया।

हर घर तिरंगा अभियान को लेकर लोगों में उत्साह इस कदर था कि सुबह 6 बजे से ही लोग सेक्टर 14, एचएसवीपी की मेन मार्केट में एकत्रित हो गए थे। देखते ही देखते भारी संख्या में लोग राहगिरी में शामिल हो गए। राहगिरी कार्यक्रम का नजारा देखते ही बन रहा था। हर वर्ग के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे शामिल थे। राहगिरी कार्यक्रम में आदित्य व उनकी सहयोगी द्वारा जुंबा की भी शानदार प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा, राहगीरी कार्यक्रम में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा एक्रोबैट योगा के हैरतअंगेज कारनामे भी प्रस्तुत किए गए जिस पर उपस्थित दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। कलाकार योगी ने लाइव आर्ट पेंटिंग करते हुए लोगों में देशभक्ति की भावना को और अधिक बल दिया और अपनी कला का सभी को कायल बना दिया।

# बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने प्लैंकाथॉन में चीन को पीछे छोड़कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली





**बजाज** आलियांज लाइफ इंश्योरेंस, जो कि भारत की प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ता कंपनियों में से एक है, ने सबसे ज्यादा संख्या में लोगों द्वारा एब्डॉमिनल प्लैंक पोजिशन होल्ड करने के गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया है। आज जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में आयोजित बजाज आलियांज लाइफ प्लैंकाथॉन इवेंट में 4454 लोग एक मिनट के लिये एक साथ प्लैंक में रहे। कंपनी ने चीन के 3,118 लोगों के पिछले रिकॉर्ड को तोड़कर यह उपलब्धि हासिल की है।

वर्ल्ड रिकॉर्ड पर बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर चंद्रमोहन मेहरा ने कहा, प्लैंकाथॉन पहल अच्छी सेहत और संपूर्ण तंदुरूस्ती के लिये हमारी प्रतिबद्धता दिखाती है। #PlankToThank मूवमेंट हमारे असली नायकों, यानि सशस्त्र बलों के प्रति आभार जताने के लिये सोचा और चलाया गया था, जिसे पूरे भारत से काफी अच्छा प्रतिसाद मिला और इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। स्वस्थ और प्रसन्न भारतीय भारत के जीवन लक्ष्यों का सबसे अच्छा बीमा हैं।

भारत का पहला एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली टीम के कप्तान कपिल देव ने कहा, मैं तंदुरूस्ती को प्रोत्साहित करने वाली यह पहल करने और हमारे असली नायकों के प्रति आभार जताने के लिये अपने प्लेटफॉर्म का अनोखे ढंग से इस्तेमाल करने पर बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस को बधाई देता हूँ। उम्मीद है कि ज्यादा से ज्यादा लोग प्लैंक मूवमेंट में शामिल होंगे और खुद के लिये, अपने प्रियजनों और भारत के लिये संपूर्ण फिटनेस को अपनाएंगे।

प्लैंकाथॉन इवेंट के इस तीसरे संस्करण में बना नया विश्व रिकॉर्ड कंपनी की #PlankToThank पहल का हिस्सा है, जो 1 जुलाई, 2022 को शुरू हुई थी। 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति आभार जताने के लिये कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्लैंकिंग के वीडियो या तस्वीरें शेयर करने का आमंत्रण दिया था। कंपनी ने भूतपूर्व सैनिकों की उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिये धनराशि का योगदान भी किया है। तकनीकी कौशल, व्यवसाय में संरक्षण और पूंजी तक पहुंच देने वाले रीस्किलिंग प्रोग्राम को आईक्रिएट इंडिया के सहयोग में चलाया जाएगा।

तंदुरूस्ती को बढ़ावा देने के लिये, कंपनी 2018 से एक अनोखी और बड़ी भागीदारी वाली प्लैंक पहल चला रही है और संबद्ध भागीदारों के साथ मिलकर सामाजिक कार्यों में योगदान भी दे रही है। पहला संस्करण #x{SecPlankChallenge हृदय फाउंडेशन के साथ भागीदारी में आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों के दिल की बीमारियों को ठीक करने से जुड़ा था।

# रुक-रुक कर हुई बारिश ने लोगों को घरों में कैद किया



**सोहना।** रविवार सुबह से शुरू हुई बारिश ने शहर को एक बार फिर जलमग्न कर दिया। शहर के बाजार और सड़कों पर जलभराव से व्यापारी और दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

रविवार सुबह छह बजे रुक-रुककर शुरु हुई बारिश ने लोगों को घरों में कैद होने के लिए मजबूर कर दिया। शहर के मुख्य बाजार हों या चौक-चौराहे सभी कुछ जलमग्न हो गए। बाईपास चौक से तावडू, पलवल, गुरुग्राम और नूंह मार्गों पर जलभराव हो गया। शहर निवासी ललित का कहना है कि शहर से बरसाती पानी मुख्य रूप से नागरिक अस्पताल के पीछे तथा बाईपास के पास डिस्पोजल पुलिया के यहां से बारिश के पानी की निकासी सही ढंग से नहीं हो रही है। नगर परिषद प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों द्वारा बरसाती नालों पर किए गए अवैध कब्जों के कारण तीन से चार फुट चौड़ा बना दिया है। जबकि इन नालों की पांच साल पहले तक चौड़ाई 20 से 30 फुट तक की थी। इन नालों की नियमित रूप से सफाई न होने के कारण कचरा से भरे हुए हैं। जिनके कारण पानी की निकास सही ढंग से नहीं हो पा रही है। बस स्टैंड मार्ग, अस्पताल मार्ग और बालूदा मार्ग पर बने बरसाती नालों की अवैध कब्जों की भरमार हो रही है।

# जीरो कॉस्ट टर्म इंश्योरेंस से सुनिश्चित करें अपना भविष्य

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ



**आबादी** का एक बड़ा हिस्सा 60 साल की उम्र के बाद भी काम कर रहा है। जिसकी वजह से, जीवन बीमाकर्ता ऐसी पॉलिसी तैयार कर रहे हैं जो 60 से ज्यादा यहां तक कि 75 साल की उम्र तक भी अच्छी तरह से काम करती रहती हैं। चूंकि कई खरीदार 60 साल की उम्र के बाद कवर की जरूरत के लेकर अनिश्चित हैं, कंपनियां उनके लिए एक जीरो कॉस्ट एक्सटेंडेड टर्म कवर तैयार कर रही हैं, जहां पॉलिसीधारक को भुगतान किया गया प्रीमियम (ब्याज के बिना) वापस कर दिया जाता है अगर वे पॉलिसी को जल्दी रद्द कर देते हैं।

सज्जा प्रवीण चौधरी, बिजनेस हेड, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम, कई पॉलिसीधारक अनिश्चित हैं कि वे कब रिटायर होंगे और 75 साल की उम्र तक एक टर्म कवर लेना चाहते हैं। लेकिन एक संभावना है कि वे 60 साल की उम्र में रिटायर होने का विकल्प चुन सकते हैं, या उनके परिवार के अच्छी तरह से व्यवस्थित होने और उनकी वित्तीय जरूरतों का ध्यान रखने के बाद उन्हें इंश्योरेंस की जरूरत नहीं हो सकती है। यह पॉलिसी उन्हें इसे जल्दी रद्द करने और लंबी अवधि के लिए भुगतान किए गए उच्च प्रीमियम को प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करती है।

बजाज आलियांज लाइफ और मैक्स लाइफ उन कंपनियों में शामिल हैं जिन्होंने ऐसी पॉलिसी शुरू की हैं और अन्य लाइफ कंपनियां उन पर काम कर रही हैं। कई देशों ने लाइफ एक्सपेक्टेंसी में वृद्धि के साथ अपनी रिटायरमेंट की उम्र बढ़ा दी है। हालांकि, वरिष्ठ नागरिकों के लिए लाइफ इंश्योरेंस खरीदना कठिन है, और इस तरह के कवर की जरूरत पर अनिश्चितता भी है।

हालांकि ग्राहक सभी पॉलिसियों को रद्द कर सकते हैं, यह पहली बार है कि बीमाकर्ता जमा किए गए उच्च प्रीमियम को वापस कर रहे हैं। चूंकि बीमाकर्ता पॉलिसी की मैच्योरिटी के दौरान एक लेवल प्रीमियम लेते हैं, इसलिए 70 पर मैच्योर होने वाली पॉलिसी पर वार्षिक प्रीमियम 60 पर मैच्योर होने वाले प्रीमियम से ज्यादा होगा।

एक्सटेंडेड टर्म कवर का एक कारण लाइफ एक्सपेक्टेंसी में वृद्धि होना है। लेकिन यह देखते हुए कि कई खरीदार 60 के बाद इंश्योरेंस की आवश्यकता को लेकर सुनिश्चित नहीं हैं, और अगर पॉलिसीधारकों को लगता है कि उनका परिवार अब उन पर आर्थिक रूप से निर्भर नहीं है। कंपनियां उन्हें कॉन्ट्रेक्ट को बंद करने का विकल्प दे रही हैं।

# पुरानी तो पुरानी, नई सड़कें भी हो रही हैं जानलेवा

## नई बनी सड़कों पर हो रही लोगों को परेशानी, ग्रेटर फरीदाबाद की अनेक सड़कों पर गड्ढे

कविता। फरीदाबाद


सेक्टर-10 में नई बनी सड़क का खाली किनारा, यहां अंधेरे में गाड़िया पहुंच जाती हैं।


सड़क से नीचे सेक्टर-12 स्थित सड़क पर जोकि नेशनल हाईवे को जोड़ती है, वहां मौजूद गहरे गड्ढे।

**शहर** में जहां एक तरफ विकास कार्य तेजी से किए जाने के दावे जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे है। शहर की पुरानी खस्ता सड़कों के कारण पहले ही सड़क दुर्घटनाएं हो रही थीं। अब लापरवाही के कारण नई बनी सड़कें लोगों की जान की दुश्मन बन रही हैं। शहर में आज ऐसा कोई भी वार्ड नहीं है, जिसकी कोई सड़क खस्ताहाल न हो चुका है। जिसके कारण सड़कों से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

**लगता है जाम :** शहर की खस्ता हाल सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण जिले के विभिन्न हिस्सों में आए दिन लम्बा जाम लग जाता है। वहं दूसरी तरफ सड़कों पर गड्ढों में भरे पानी के कारण दुर्घटनाओं की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

**नई सड़कें खतरनाक :** शहर के विभिन्न इलाकों नई बन रही सड़कों का कार्य धीमी गति से किया जा रहा है। जिसके कारण शहरवासियों को परेशानियां हो रही है। वहीं दूसरी तरफ सड़कों का निर्माण कार्य ऐसा किया जा रहा है कि जिसके कारण लोग परेशान हैं। पिछले कुछ समय से सेक्टर-10 में नई बनी सड़क के किनारे फुटपाथ बनाने का काम धीमा चल रहा है, जिसके कारण यहां आए दिन कोई न कोई गाड़ी सड़क से नीचे आधी गिर जाती है। यहां स्ट्रीट लाइट न होने के कारण रात के समय अधिक हादसे हो रहे हैं।

### सड़कों पर गहरे गड्ढे

**पॉश** सेक्टरों और जिला प्रशासन कार्यालयों की तरफ जाने वाली सड़क से लेकर कॉलोनियों, सेक्टरों से लेकर नहरपार के इलाकों में मौजूद सड़कों की हालत खस्ता है। सड़कों के बीच में और साइडों में खतरनाक व गहरे गड्ढे बने हुए हैं। जिसमें गिर कर लोग घायल तक हो रहे हैं। सड़कों पर मौजूद यह गड्ढे स्ट्रीट लाईट न होने पर रात में और बरसात के दिनों में लोगों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। लेकिन इस तरफ न तो जिला प्रशासन ध्यान दे रहा है, न ही निगम। जबकि इस रोड पर फायर ब्रिगेड का दफ्तर भी है। गहरे गड्ढों के कारण यहां जाम लगता है, लेकिन इसके बावजूद इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## 'हर घर तिरंगा' अभियान को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया पॉडकास्ट

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को बढ़ावा देने के लिए पॉडकास्ट शुरू किया है। पॉडकास्ट का उद्देश्य छात्रों को ध्वज के प्रति प्रेम, सम्मान और देशभक्ति की भावना को जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय ध्वज दिवस 2022 के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत इस अभियान की घोषणा की थी। पहला पॉडकास्ट सहायक प्रोफेसर डॉ. भारत धीमान और डॉ. तरुना नरूला के मार्गदर्शन में पत्रकारिता और जनसंचार के बीएजेएमसी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अगम सिंह द्वारा लिखा और रिकॉर्ड किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्लैट न मिलने पर निवेशकों ने किया बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन


बिल्डर के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रकट करते लोग।

**फरीदाबाद।** नहरपार के सेक्टर 76 में हाई राइज सोसाइटी बनाने का झांसा देकर लोगों के करोड़ों रुपये ऐंठने वाली ऐडल लैंडमार्क लिमिटेड के खिलाफ रविवार को फ्लैट खरीद कर पैसे फंसाने वाले लोग सैकड़ों की तादात में निर्माणाधीन सोसायटी परिसर में एकत्रित हुए। इस दौरान पीड़ितों ने बरसात की परवाह न करते हुए बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन जारी रखा। सोसायटी में 2010 से खरीदारों ने अपनी मेहनत की कमाई देकर बिल्डर से अपने सपनों का आशियाना बसाने के लिए फ्लैट सेक्टर 76 फरीदाबाद में लिया था। लोगों की मेहनत की कमाई हड़प करके बिल्डर ने अपने आपको एनसीएलटी में जाकर दिवालिया घोषित करा लिया। अब लगभग 12 साल हो चुके हैं। लेकिन आज भी लोग भटक रहे हैं। ना उन्हें उनके घर मिले हैं ना ही पैसा वापस मिल रहा है। पीड़ित लोगों का कहना है कि इन दिनों निवेशकों द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके बाद हस्ताक्षरयुक्त शिकायत कार्रवाई के लिए पीएम और सीएम को भेजी जाएगी।

### टूटी सड़कें बयां कर रही भाजपा के विकास की सच्चाई : भड़ाना


गांव भाकरी में टूटी सड़कों और जलभराव को लेकर विरोध प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

**फरीदाबाद।** बड़खल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भांकरी में टूटी सड़कों, जलभराव व अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश भड़ाना के नेतृत्व में आप कार्यकर्ताओं ने गंदे पानी में बैठकर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश जाहिर किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि विधायक, निगमायुक्त व पार्षद सहित अन्य अधिकारियों को ज्ञापन देने के बावजूद आज तक यहां समस्याओं का निराकरण नहीं किया। खासकर सड़क की बात की जाए तो यहां टूटी सड़क के चलते लोगों को परेशानी होती है और लोग अक्सर इन टूटी सड़कों के चलते सड़क हादसों का शिकार हो जाते हैं लेकिन शासन व प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए आप नेता राकेश भड़ाना ने कहा कि भाजपा सरकार की नीति और नीयत दोनों ही खराब है, लोगों को झूठे प्रलोभन दिखाकर सत्ता हथियाने के बाद अब यह सरकार लोगों की बजाए अपना विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि आज बड़खल क्षेत्र की तमाम सड़कें टूटी पड़ी हैं, मामूली बरसात में इनमें पानी भर जाता है और क्षेत्र की अनेक कॉलोनियां ऐसी हैं, जहां पीने के पानी, ओवरफ्लो सीवरेज, कच्ची गलियों आदि की समस्या से लोग वर्षो से जूझ रहे हैं, लेकिन पिछले आठ सालों में यहां कोई विकास नहीं हुआ है, आज भी लोग यहां विकास की बाट जोह रहे हैं। इस अवसर पर पार्षद राकेश भड़ाना, गौरव फागना, सतेंद्र फागना, महेश फागना, चंद्रवीर पासवान, पप्पू फागना, बृजेश फागना, बलराज फागना, आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### नेत्र एवं दंत जांच शिविर आयोजित


पर्वतीय कॉलोनी स्थित केडी पब्लिक स्कूल में आयोजित शिविर में नेत्र की जांच करते डॉक्टर।

**फरीदाबाद।** पर्वतीय कालोनी स्थित केडी पब्लिक सी.सै. स्कूल परिसर में मानव जनहित एकता परिषद के तत्वाधान में केवल प्रेम आंखों के अस्पताल द्वारा नेत्र जांच एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के डीएसपी राजेश चेची, पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, शिक्षाविद् एवं भाजपा नेता अजय यादव, समाजसेवी सचिन तंवर, सीए अजीत पटवा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह, यादव सभा के अध्यक्ष हरिबाबू यादव, शिक्षाविद् राजेश मदान, सुशील अरोड़ा, अरुण पुण्डीर, नव प्रयास सेवा संगठन के अध्यक्ष सुनील यादव, पूर्व पार्षद गजेन्द्र पाल सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे। पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, भाजपा नेता अजय यादव ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों का आमजन को फायदा उठाना चाहिए। सीए अजीत पटवा व सचिन तंवर ने केवल प्रेम अस्पताल द्वारा लोगों के नेत्र जांचों, आपरेशन निशुल्क किए जाते हैं। मौके पर लोगों का बीपी भी चेक किया। 400 लोगों ने नेत्र जांच तथा 180 लोगों ने दंत चिकित्सा शिविर का लाभ लिया। 15 लोगों का नि:शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चयन किया गया।

### भाजपा राज में विकास से वंचित तिगांव क्षेत्रवासी : नागर


छज्जन नगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व विधायक ललित नागर।

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पल्ला के छज्जन नगर में रविवार को स्थानीय निवासियों ने एक मीटिंग का आयोजन किया। मीटिंग में क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर ने शिरकत की और जन समस्याएं सुनीं। स्थानीय निवासियों ने पूर्व विधायक नागर को बताया कि उनकी कॉलोनी में ज्यादातर बिजली के खम्भे बदहाल है और कभी भी टूट सकते हैं, जिसके चलते यहां कभी भी कोई हादसा हो सकता है, इतना ही नहीं बल्कि लोगों के घरों तक बिजली के कनेक्शनों के लिए यहां स्थाई तारें भी नहीं है सभी ने अपनी तारें डाल रखी है वहीं नगर निगम ने यहां सीवर लाइन तो खोद दी, लेकिन उसे बंद नहीं किया, जिसके चलते यहां से आने वाले वाले लोगों और खासकर स्कूली बच्चों को परेशानी होती है। वहीं पीने के पानी की भी उनके यहां कोई स्थाई सप्लाई नहीं है, लोगों को निजी टैंकरों से पानी खरीदकर पीना पड़ता है लोगों ने बताया कि जलनिकासी का भी यहां कोई उचित समाधान नहीं है, जिसके चलते यहां मामूली बरसात में कई-कई फुट पानी जमा हो जाता है। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि भाजपा सरकार ने आठ सालों में देश व प्रदेश के लोगों को महंगाई व भ्रष्टाचार की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की स्वयंभू स्मार्ट सिटी में हालात बद से बदत्तर हैं। मीटिंग में मन्नीलाल, रमेश चंद, जोगेंद्र सिंह, पंकज मास्टर जी, हीरा सिंह, भूपेन, कैलाश कुमार, नीरज कुमार, सोनू, टिंकू, इंद्रल आदि मौजूद थे।

### भगतों के तपोबल से चल रही है दुनिया : नागर

**फरीदाबाद।** तिगांव में स्वर्गीय शिरोमणी गुरु हरिचन्द भगतजी की 10वीं वर्षगांठ धूमधाम के साथ मनाई गई। प्रात: हवन के बाद भंडारे एवं जागरण का आयोजन किया। यहां माथा टेकने पहुंचे विधायक राजेश नागर ने कहा कि भारत की भूमि भगतों की भूमि है। भगतों की तपस्या के कारण ही यह धरती टिकी है और जीवन चल रहा है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जहां मानवता का लोप हो रहा है वहीं यदि सबकुछ थमा हुआ है तो इसके पीछे गुरु हरिचन्द भगतजी जैसी शख्सियतों का तप है। उन्होंने असंख्य लोगों को धर्म की राह पर लगाकर जीवन को सुधारा। नागर ने कहा कि बाबा मोहनराम को मानने वाले भगतजी ने बहुत से लोगों पर उपकार किया है। हमें आज उनके मार्ग को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने भगत जी के भक्तों को गुरु की डोर पकड़े रहने के लिए कहा। इस अवसर पर भगतजी के शिष्य रोहताश भगतजी के संयोजन में कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हुआ। वहीं जागरण पार्टी ने लोगों को सुमधुर भजनों से झुमा कर रख दिया।

# सीवर जाम और जलभराव रोकने को निगम ने चलाया अभियान

## अतिक्रमण हटवा कर किया सीवर जाम की समस्या का समाधान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


नालों की सफाई करते नगर निगम के कर्मचारी।

**एनआइटी** इलाके के विभिन्न वार्डों में सीवर जाम की समस्या से लोग बुरी तरह परेशान हो चुके हैं। वहीं इन दिनों हो रही बरसात के कारण जगह जगह होने वाले जलभराव की वजह से लोगों को आने जाने में भारी परेशानी हो रही थी। ऐसे में इलाके लोगों द्वारा नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव से लगातार शिकायत की जा रही थी। समस्या के समाधान के लिए निगमायुक्त के आदेश पर शनिवार और रविवार को युद्धस्तर पर अभियान शुरू किया गया।

निगम आयुक्त यशपाल यादव को वार्ड-11, 12, 14 और 15 के अधिकतर क्षेत्रों से सीवरेज बंद होने और जलभराव की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। निगमायुक्त ने उनको संज्ञान लेते हुए छह अगस्त को तीन कार्यकारी अभियंताओं के सुपरविजन में वार्ड-11, 12, 14 और 15 के उपरोक्त एरिया में सीवर लाइनों तथा नालों की सफाई के लिए टीमें बनाईं। इनके द्वारा प्रत्येक वार्ड, प्रत्येक गली में जाकर सीवर के ढक्कनों को हटवा कर निरीक्षण करने तथा सफाई करवाने के बारे निर्देश दिए। निगमायुक्त ने बड़े-बड़े नालों पर अतिक्रमण को हटाने व उनकी सफाई न होने के चलते बरसात के मौसम में जगह-जगह जलभराव होने के कारण संयुक्त आयुक्त एनआईटी, संयुक्त आयुक्त बल्लभगढ़ तथा अतिरिक्त निगमायुक्त की अध्यक्षता में तीन टीमों का गठन किया, जिसमें दो शिफ्टों में अलग-अलग सहायक अभियंताओं की ड्यूटी लगाकर नालों से अतिक्रमण हटाने और उनकी सफाई के निर्देश दिए।

इसी श्रृंखला में निगमायुक्त ने छह अगस्त को कई वार्डों के क्षेत्रों का दौरा किया तथा सख्त निर्देश दिए, जिन निर्देशों की पालना में रविवार सुबह से निगम अधिकारियों की टीमों ने जगह-जगह सीवर लाइनों की सफाई की और नालों से अतिक्रमण हटा कर उनकी सफाई कराई। इस अभियान में सभी डिवीजनों के कर्मचारियों तथा मशीनरी का उपयोग किया गया। निगम क्षेत्र में कई जगहों पर सीवरेज व नालों की सफाई करवाने को अभियान चलाया गया। प्रत्येक वार्ड में निगम अधिकारियों ने अपनी अपनी टीम के सदस्यों तथा कर्मचारियों की सहायता से बड़े-बड़े नालों की जेसीबी मशीन की सहायता से सफाई कराई। उनके द्वारा अजरौंदा चौक वाला नाला, प्याली से सारन चौक का नाला, वार्ड-14 स्थित नर्सरी बाग वाला नाला, 2 नंबर स्थित पंचकुईयां रोड वाला नाला तथा वार्ड-11 स्थित नाले और एनएच-2 नाला, एनएच-5 नाला,1 सी ब्लाक, 1 बी ब्लाक, कृष्णा नगर नीलम अजरौंदा नाला, 2ए/14 अरावली गोल्फ कोर्स तथा शहीद भगत सिंह मार्ग में पड़ने वाले नालाों आदि की जेसीबी मशीन से सफाई करवाई गई।

इसके अतिरिक्त निगम अधिकारियों ने आरटीआई रोड 2एच ब्लाक, डबुआ कालोनी सब्जी मंडी, वार्ड-1 तथा एनएच-1 के नालों के ऊपर से अतिक्रमण हटाया। इस सफाई अभियान को सफल बनाने के लिये सभी डिवीजनों से जेसीबी, ट्रैक्टर ट्रॉलियां, डम्परों, सुपर शॉकर मशीन आदि मंगाकर वार्ड-11, 12, 14 और 15 में प्रयोग किया गया।

## अमेंडमेंट बिल के खिलाफ बिजली कर्मियों का प्रदर्शन आज : लाम्बा



सर्कल कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष लांबा।

**फरीदाबाद।** बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर सोमवार को संसद में पेश किए जा रहे बिजली (अमेंडमेंट) बिल 2022 के खिलाफ राज्य भर में काम छोड़ प्रदर्शन करेंगे। इन प्रदर्शनों में बिजली कर्मचारी व इंजीनियर भी शामिल होंगे। बिजली (अमेंडमेंट) बिल के खिलाफ सोमवार को होने वाले प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर रविवार को आल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी की अध्यक्षता में सर्कल कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार सोमवार को सुबह बिजली कर्मचारी सभी सब डिवीजनों में इकट्ठा होंगे और वहां केन्द्र सरकार व बिजली अमेंडमेंट बिल के खिलाफ नारेबाजी करेंगे। इसके बाद बिजली कर्मचारी सब डिवीजनों से मोटरसाइकिल पर सवार होकर सेक्टर 23 सर्कल आफिस के लिए कूच करेंगे। सर्कल आफिस पर दिनभर प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष व एएचपीसी वर्कर यूनियन के उप प्रधान सुभाष लांबा के अलावा सीसी सदस्य डाल चंद शर्मा, मनोज जाखड़, यूनिट कमेटी के नेता रामकेश, दिनेश शर्मा, भूप सिंह, देवेन्द्र त्यागी, गिरीश राजपूत, वेद प्रकाश आदि मौजूद थे। प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि बिल में कंज्यूमर को सर्विस प्रोवाइडर बदलने की च्वाइस की बजाय बिजली वितरण के दिए जाने वाले लाइसेंसी को उपभोक्ता चुनने की च्वाइस होगी। बैठक को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि अगर सोमवार को संसद में पेश किया जा रहा बिजली बिल 2022 पास हुआ तो बिजली की दरों में भारी बढ़ोतरी होगी और सब्सिडी समाप्त हो जाएगी, जिसके कारण बिजली के गरीब उपभोक्ताओं एवं किसानों की पहुंच से बाहर हो जाएगी।

## नृत्यांगना गीता चंद्रन ने प्रस्तुत किया सिम्हिका: वन की पुत्री

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**नृत्य** महज कुछ भाव-भंगिमाओं के साथ की गई प्रस्तुति केवल नहीं होती है। नृत्य वह है जो अपनी लय और ताल के साथ परत-दर-परत एक पूरी कहानी को हमारे सामने प्रस्तुत कर दे। शनिवार की शाम इंडिया हैबिटेट सेंटर के स्टेन ऑडिटोरियम में पद्मश्री से सम्मानित नृत्यांगना गीता चंद्रन ने अपनी नवीनतम प्रस्तुति सिम्हिका: वन की पुत्री के माध्यम से नृत्य के उसी स्वरूप का प्रदर्शन किया।

सिम्हिका मूलत : एक काल्पनिक चरित्र है, जिसे कोट्टायम थंपुरन ने कथकली नृत्य के तहत थिएटर प्रस्तुति के लिए रचा है। मूल नाटक किमिरा वधम में कथकली नृतक सिम्हिका की कहानी को प्रस्तुत करते हैं, जिसका चित्रण मूलत: एक राक्षसी के रूप में होता है। नृत्यांगना गीता चंद्रन ने सिम्हिका को एक नया स्वरूप दिया है। उन्होंने भरतनाट्यम की तकनीक अनावरण के माध्यम से इस नायिका के विचारों को परत-दर-परत सामने रखा। इसमें नायिका के विचार एवं द्वंद्व को सामने रखा गया। गीता चंद्रन ने स्वयं को एक महिला, एक पत्नी और वन की पुत्री के रूप में प्रस्तुत किया, ऐसी नायिका, जो परिस्थितियों का शिकार है। इस प्रस्तुति में वन भी कभी सखी और राजदार बन जाता है, तो कभी साक्षी बन जाता है। वही पोषक भी है और वही विश्वासघाती भी। और कई बार सभी दर्शकों की तरह वन भी अन्याय एवं पितृ सत्तात्मकता का मूक दर्शक बनकर रह जाता है। रूपांतर के माध्यम से सिम्हिका में आने वाला बदलाव हमें दिखाता है कि किस तरह से हम बस किसी के बाहरी स्वरूप को देखकर ही उसके बारे में धारणा बना लेते हैं। सिम्हिका की कहानी त्रेता युग में महाभारत के काल में स्थापित है।

## भरतनाट्यम की परम्परा को आगे ले जाने के लिए तैयार हैं यदावी शकधर मेनन

### गीता चंद्रन की शिष्या यदावी शकधर मेनन ने अपनी पहली एकल प्रस्तुति से मोहा मन...

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**त्योहारों** का सीजन, भीनी-भीनी बरसात और नृत्य की झंकार इन तीनों का संयोजन रविवार की शाम को बखूबी सजा नई दिल्ली स्थित चिन्मया मिशन सभागार में। मौका था पद्मश्री गीता चन्द्रन की शिष्या यदावी शकधर मेनन की पहली एकल प्रस्तति यानि उनके अरंगेत्रम का। जहां उन्होंने अपने कला-कौशल और मनभावन भरतनाट्यम से उपस्थित मेहमानों एवं अन्य का मन मोह लिया। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम बतौर मुख्यातिथि उपस्थित थे। उनके अतिरिक्त आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनदीप सिंह पुरी भी उपस्थित थे।

किसी भरतनाट्यम नृत्यांगना के जीवन में अरंगेत्रम उसके करियर का बहुत अहम क्षण होता है। जब गुरु को विश्वास हो जाता है कि शिष्य अकेले प्रस्तुति देने में सक्षम हो गया है, तब उसके लिए अरंगेत्रम का आयोजन किया जाता है। वास्तव में अरंगेत्रम शिष्य के लिए ही नहीं, वरन उनके गुरु के लिए भी सम्मान का क्षण होता है। यदावी शकधर मेनन ने अपने अरंगेत्रम की शुरुआत मल्लारी (अड़ तालम) से की। उसके बाद उन्होंने जतिस्वरम (काणड़ा रागम), वरनम (रागम पूर्वी कल्याणी), शिव स्तुति (रागम हंसध्वनी), मीरा भजन (रागम मांड) की प्रस्तुति दी और अंतत: तिल्लाना (रागम रागेश्री) के साथ भरतनाट्यम नृत्य से सजी इस संध्या का समापन किया। यदावी शकधर मेनन को उनकी प्रस्तुति में गुरु गीता चंद्रन (नट्टुवंगम), सुधा रघुरामन (गायन), मनोहर बालातचंदीरेन (मृदंग), वरुण राजशेखरन (घटम), जी रघुरमन (बांसुरी) और जी राघवेंद्र प्रसाद (वायलिन) ने संगत दी।

प्रस्तुति के उपरान्त गुरु गीता चन्द्रन ने गले गलाकर यदावी को बधाई एवं आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा, एक शिष्या का अरंगेत्रम उसके एवं गुरू के लिए उत्साहित करने के साथ-साथ नर्वस करने वाला क्षण होता है। लेकिन यदावी शकधर मेनन ने यहां जिस तरह से प्रस्तुति दी है क्या लाजवाब, गौरवपूर्ण क्षण है। यहां मौजूद दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट उनके कला-कौशल और शानदार प्रतिभा का अभिवादन कर रही है।

## दो वाहन चोर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राजीव कुमार की टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल बेचने जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम महाबीर और सूरज है। आरोपी महाबीर पलवल के गांव सिलौटी का तथा आरोपी सूरज औखला, हरकेश नगर दिल्ली का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियो को जेसीबी चौक पर चेकिंग के दौरान काबू किया है। आरोपियो से मोटरसाइकिल के कागजात मांगे तो पेश नहीं कर पाए। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि आरोपियों ने बाइक दिल्ली के औखला से बेचने की नीयत से चोरी की। आरोपी अब बाइक बेचने के लिए पलवल ले जा रहे थे। आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियो को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों के संबंध में दिल्ली पुलिस को सूचना दे दी गई है।

# जेवेलिन चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने खूब जीते पदक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




विजेता खिलाड़ियों को पदक और नकद पुरस्कार राशि प्रदान करते हुए भीम चोपड़ा और महासचिव राजकुमार मिटान।

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छह से सात अगस्त तक होने वाली दो दिवसीय पहली नीरज चोपड़ा हरियाणा राज्य जेवेलिन थ्रो चैंपियनशिप कर्ण स्टेडियम करनाल में सभी जिलों के 163 एथलीट खिलाड़ियों ने भाग लिया।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि कर्ण स्टेडियम करनाल में हुई दो दिवसीय चैंपियनशिप का आयोजन नीरज चोपड़ा खंडरा निवासी (पानीपत) द्वारा टोक्यो (जापान) ओलम्पिक में सात अगस्त को स्वर्ण पदक जीतने के उपलक्ष्य में किया गया और चैंपियनशिप में मुख्य अतिथि भीम सिंह चोपडा खंडरा (पानीपत) नीरज चोपड़ा के चाचा ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक और नकद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया और महिला और पुरुष वर्ग के बैस्ट जेवेलिन थ्रो खिलाडी को 11000, 11000 रुपये की राशि अपने निजी कोष से प्रदान की। ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने अमेरिका से फोन पर लाइव होकर चैंपियनशिप में भाग ले रहे सभी एथलीट खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और भविष्य में अच्छा खिलाड़ी बनने का आशीर्वाद प्रदान किया। राजकुमार मिटान ने बताया कि 14 साल आयु वर्ग लड़का में विकास (करनाल) ने 52 मीटर 34 सैंटीमीटर की जेवेलिन थ्रो कर स्वर्ण पदक, प्रिंस जटवाल (रोहतक) ने 48 मीटर 25 सैंटीमीटर की थ्रो रजत पदक और ओम बत्तन (करनाल) ने 47 मीटर 40 सैंटीमीटर की थ्रो कर कांस्य पदक जीता। 16 साल आयु वर्ग लड़का में सागर रूहल (पानीपत) ने 56 मीटर 30 सैंटीमीटर की थ्रो कर स्वर्ण पदक, आदित्य (जींद) ने 54 मीटर 27 सैंटीमीटर की थ्रो कर रजत पदक और आर्यन (झज्झर) ने 53 मीटर 30 सैंटीमीटर की थ्रो कर कांस्य पदक जीता। 18 साल आयु वर्ग लड़का में यश (हिसार) ने 62 मीटर 15 सैंटीमीटर की थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता।

## बिजली बिल संशोधन 2022 को पारित नहीं किया जाए : सुनील



**फरीदाबाद।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन की केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर प्रदेश महासचिव सुनील खटाना ने प्रदेश के सभी बिजली कर्मचारीयों और सभी बिजली संगठनों से अपील की है, कि सोमवार, 08 अगस्त को हरियाणा प्रदेश के सभी संगठन एकजुट होकर केंद्रीय विद्युत मंत्री आरके सिंह दवारा बिजली संशोधन बिल 2022 के संसद में रखने एवम उसे पारित कराये जाने की घोषणा का प्रादेशिक बिजली कर्मचारी पुरजोर विरोध करते करेंगे। सोमवार को हरियाणा प्रदेश की सभी सबडिवीजन कार्यालयों पर अपना विरोध प्रदर्शन दर्ज कराएंगे। बिजली बिल अमेंडमेंट 2022 को लेकर देश के सभी कर्मचारी अधिकारियों में भारी रोष है। हरियाणा प्रदेश के सबसे बड़े बिजली कर्मचारियों के संगठन एचएसईबी वर्कर्स यूनियन ने प्रदेश के तमाम कर्मचारियों से आज पुरजोर विरोध करने की अपील की है।

## हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाएं रहीं प्रभावित


बीके अस्पताल में नारेबाजी करते एनएचएम के कर्मचारी।

**फरीदाबाद।** नहीं खाने देगी ये सरकार... दो वक्त की रोटी के नारे के साथ रविवार को तीसरे दिन भी नेशनल हेल्थ मिशन के तहत लगे कर्मचारियों की हड़ताल जारी रही। जिससे शहर के सभी डिलीवरी डिस्पेंसरियों में कामकाज प्रभावित रहा, तो वही दूसरी तरफ एंबुलैंस न मिलने के कारण मरीज डिस्पेंसरियों में परेशान रहे।

हालांकि बीके अस्पताल में मौजूद एम्बुलेंस कंट्रोल रूम को हरियाणा रोडवेज के ड्राईवरों ने चलाया, लेकिन सुविधा का लाभ डिस्पेंसरी बंद होने के कारण मरीज नहीं ले सके। कर्मचारियों ने एकजुट होकर बीके अस्पताल परिसर में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। वही दूसरी तरफ नेशनल हैल्थ मिशन दफ्तर पर सोमवार को कर्मचारियों मांगे न माने जाने पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। कर्मचारियों के न होने से सिविल अस्पतालों समेत डिस्पेंसरियों में कार्य ठप रहा। जिससे यहां आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करने को मजबूर होना पड़ा। गौरतलब है कि एनएचएम (नेशनल हेल्थ मिशन) के तहत शहर में 700 से भी अधिक कर्मचारी कार्य कर रहे है। इसमें चिकित्सक, नर्स, लैब टेक्नीशियन, अन्य कर्मचारी शामिल है। पिछले तीन दिनों से सभी हड़ताल पर है। रविवार होने के बादवजूद कर्मचारी हड़ताल में शामिल रहे। जिससे डिस्पेंसरियों में आने वाले मरीजों को जहां दो दिनों तक चिकित्सकीय जांच की सुविधा मिली। तीसरे दिन की हड़ताल के कारण उन्हें इन सुविधाओं से भी वंचति रहने को मजबूर होना पड़ा।

# रिजर्व बैंक का निर्णय

## रेपो दर में वृद्धि

**भारतीय** रिजर्व बैंक-आरबीआई ने शुक्रवार को रेपो दर में 50 मूल बिंदु-बीपीएस या 5.4 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। पिछले तीन महीने से मुद्रास्फीति के लगातार 7 प्रतिशत के ऊपर बने रहने को देखते हुए यह कदम आश्चर्यजनक नहीं है। शेयर बाजार ने पहले ही इस वृद्धि का अनुमान लगा लिया था, इसलिए सेंसेक्स 0.15 प्रतिशत या 89 बिंदु बढ़ कर 58,388 पर बंद हुआ। पूरे दिन यह 405 बिंदु के दायरे में चलता रहा। इस वित्त वर्ष में यह ब्याज दरों में लगातार तीसरी वृद्धि है जिससे स्पष्ट होता है कि केन्द्रीय बैंक आने वाले कुछ समय तक कठोर कदम उठाता रहेगा। वास्तव में हालिया वृद्धि बाजार की उम्मीद से अधिक है। सभी तीन संशोधनों को देखें तो आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने कुल मिला कर रेपो दर में 140 मूल बिंदु की बढ़त जो वैश्विक महामारी-पूर्व दर 5.15 प्रतिशत से अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2022-23 आगे बढ़ने पर खुदरा मुद्रास्फीति में कमी आएगी। उसने अनुमान लगाया है कि पूरे वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति 6.7 प्रतिशत रहेगी जो दूसरी तिमाही में 7.1 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.4 प्रतिशत तथा अंतिम तिमाही में 5.8 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी। भारतीय रिजर्व बैंक 4-6 प्रतिशत मुद्रास्फीति को सहन सीमा के भीतर मानता है। हालांकि, आरबीआई ने रेपो दर में वृद्धि की है, पर उसके अनुसार सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत पर बनी रहेगी, हालांकि यह अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष द्वारा अनुमानित 7.4 प्रतिशत से कम है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने भारतीय अर्थव्यवस्था में गिरावट का कारण वैश्विक आर्थिक स्थिति को बताया है। हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवन्तता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि यह 'अत्यधिक उथलपुथल और अनिश्चितता के समुद्र में मैक्रोआर्थिक व वित्तीय स्थायित्व का द्वीप है।' उन्होंने कहा कि यह दो अत्यधिक विपरीत घटनाओं या 'ब्लैक स्वान' के साथ अनेक धक्के झेल चुकी है। ब्लैक स्वान एक ऐसी घटना होती है जिसका एकदम अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। शायद आरबीआई गवर्नर का संकेत कोविड-19 की ओर है जिसमें लाखों लोग मारे गए हैं तथा विश्व अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हुआ।



इसी तरह रूस-यूक्रेन युद्ध है। हालांकि, युद्ध अनुमान से परे नहीं होते हैं, पर शायद ही किसी ने पूर्वी यूरोप में युद्ध का अनुमान लगाया हो। मीडिया से बातचीत करते हुए शक्तिकांत दास ने अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर पेश करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति भले ही इस समय बहुत अधिक हो, पर वह अपने शिखर पर पहुंच चुकी है और अब नीचे जाएगी। इसी तरह चालू खाते के घाटे का प्रबंधन कर लिया जाएगा तथा विदेशी मुद्रा भंडार समुचित स्तर पर है। उन्होंने बताया कि कुछ अच्छी चीजें हुई हैं। राजकोषीय स्थिति सुधर रही है। कोरोनावायरस व उससे जुड़े लाकडाउनों के कारण राजकोषीय घाटा 2021-22 में 6.7 प्रतिशत था लेकिन अब स्थिति सुधर रही है और इसके 2022-23 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सूचीबद्ध वाणिज्यिक बैंकों की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां या जीएनपीए 6 साल में सबसे निचले 5.9 प्रतिशत स्तर पर आ गया है तथा इसमें और कमी आने की आशा है। स्पष्ट रूप से देश की आर्थिक स्थिति इतनी बुरी नहीं है जितनी कुछ लोग बता रहे हैं। हम निश्चित रूप से श्रीलंका की दिशा में नहीं जा रहे हैं। लेकिन अभी भी मौद्रिक व नीतिगत स्तरों पर बहुत कुछ करने की आवयकता है। आरबीआई को सुनिश्चित करना चाहिए कि मुद्रास्फीति पर जल्द ही लगाम लगाई जाएगी तथा जीएनपीए में भी लगातार गिरावट आती रहेगी। सरकार को यह गति बनाए रखने के लिए आर्थिक सुधारों की गति तेज करनी चाहिए।

# फिलिस्तीन में शांति का भ्रामक सपना

**पश्चिमी दुनिया लगातार इस्राइल की सहायता कर व उसे उकसा कर आक्रामक बनाए रखती है जिससे फिलिस्तीन में स्थाई शांति को नुकसान पहुंचता है।**



**के.सी. त्यागी**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सांसद हैं)



सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा अब गठबंधन सरकार चलाने की अनिच्छा के कारण इस्राइल में अभूतपूर्व रूप से तीन साल में पांचवां चुनाव होने जा रहा है। अरब लीग वर्तमान सरकार का हिस्सा है और उसने फिलिस्तीनी धरती पर आक्रामक ढंग से इस्राइल द्वारा बस्तियां बसाने का विरोध करते हुए अपना समर्थन वापस ले लिया है। हालांकि, यह एकमात्र कारण नहीं है, पर महत्वपूर्ण कारण है। नफ्ताली बेनेट ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू को सत्ता से हटाया था और इस प्रकार उनकी 12 साल से चल रही सत्ता का अंत कर दिया था। दक्षिणपंथी नेता तथा नेतनयाहू के पुराने सहयोगी बेनेट के आठ पार्टियों के गठबंधन में उनकी अपनी नेशनलिस्ट पार्टी के साथ दक्षिणपंथी, मध्यमार्गी व वामपंथी पार्टियां शामिल थीं। इसमें पहली बार एक अरब-इस्राइली पार्टी भी शामिल हुई थी। इस्राइल की सत्ता में आने से पहले प्रस्तावित बेनेट सरकार स्वयं को परिवर्तन करने वाली सरकार के रूप में पेश कर रही थी, पर अनेक मामलों में उसका दृष्टिकोण नेतनयाहू सरकार के समान था। फिर चाहे पश्चिमी किनारे पर बस्तियों का विस्तार हो या फिलिस्तीनी राज्य का विरोध, नई सरकार बेंजामिन नेतनयाहू के ही रास्ते पर चल रही थी। उम्मीद थी कि अमेरिका और इस्राइल की नई सरकारें गंभीरता से पश्चिम एशिया में जारी संकट से निपटने का प्रयास करेंगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिछले सप्ताह इस्राइल-फिलिस्तीन टकराव पर गठित संरा. आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट में जोर दिया गया कि इस्राइल फिलिस्तीनियों की स्वामित्व वाली भूमि पर 'पूर्ण नियंत्रण' चाहता है। 1967 में शुरुआती कब्जे के बाद इस्राइल फिलिस्तीन पर टुकड़े-टुकड़े में कब्जा कर रहा है। आयोग ने यह भी रेखांकित किया कि इस्राइल 'फिलिस्तीनियों के खिलाफ दमनकारी तथा इस्राइली बस्तियों के पक्ष में परिवेश बना कर जनसंख्या संरचना बदलने का काम कर रहा है।'

निश्चित रूप से यह अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संस्था या 'वाचडाग' की पहली रिपोर्ट नहीं है जिसमें कब्जा किए फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इस्राइली आक्रामकता प्रदर्शित की है। भू-राजनीति समझने का शुरुआती प्रयास करने वाला कोई भी व्यक्ति जानता है कि फिलिस्तीन पर कब्जा करने के मिशन पर केवल इस्राइल ही काम नहीं करता है, बल्कि इसकी शक्ति का स्रोत पश्चिम व खासकर अमेरिका में है। दुनिया जानती है कि वाशिंगटन डीसी की नीतियां तेलअबीब की गलियों में बनती हैं जो अमेरिका की यहूदी लॉबी की शक्ति प्रदर्शित करती हैं। कार्पोरेट से लेकर राजनीति व अकादमिया से लेकर सिनेमा तक यहूदी लॉबी का अमेरिका के लगभग सभी क्षेत्रों में प्रभुत्व है।

सच्चाई यह है कि अमेरिका उन देशों में सबसे पहला है जिन्होंने 1948 में स्थापना के बाद से ही यहूदी राज्य के प्रति समर्थन व परोक्ष समर्थन खुलेआम व्यक्त किया था। इस्राइल को आधिकारिक रूप से मान्यता देने वाले पहले देश के रूप में अमेरिका ने मीना क्षेत्र में अपने हितों को चालाकी से आगे बढ़ाया है। इसके साथ ही उसने इस दुष्ट देश को सैकड़ों अरब डालर की सहायता दी है तथा उसकी अर्थव्यवस्था को आधार प्रदान किया है। आज वह इस्राइल के लगभग एक चौथाई आयात व आधे निर्यात का जिम्मेदार है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के दृष्टिकोण की विफलता का एक कारण फिलिस्तीनियों के मानवाधिकारों के घोर दमन का समर्थन है। अधिकांश यूरोपीय देशों के इस्राइल से मजबूत संबंध हैं जिन पर अमेरिका निगरानी रखता है। आखिरकार कौन भूल सकता है कि ये कुछ ऐसे देशों में शामिल हैं जिन्होंने स्थापना के बाद कुछ ही महीने में यहूदी राष्ट्र को मान्यता दे दी थी। 'बिग ब्रदर' परिघटना से प्रभावित देश ने बहुत तेजी से अनेक देशों पर एकपक्षीय प्रतिबंध लगाए, जबकि उसने इस्राइल का समर्थन किया जो संयुक्त राष्ट्रसंघ चार्टर तथा परंपरागत अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन करता है जो शक्ति के प्रयोग से क्षेत्र पर कब्जा करना अनुचित मानते हैं।

इस्राइल शक्ति प्रयोग कर फिलिस्तीन के मामलों में लगातार हस्तक्षेप करता है। ओआईसी देशों, खासकर खाड़ी देशों के बीच खाई बढ़ने के साथ इस्राइल की आक्रामकता गंभीर होती जा रही है। सऊदी नीत समूह तथा कतर नीत समूह के बीच टकराव के चलते सऊदी व यूएई इस्राइल के निकट आए हैं। यूएई ने इसी समूह के कुछ देशों के साथ कुछ महीने पहले यहूदी देश के साथ राजनयिक संबंध भी स्थापित किए हैं। ईरान का नाभिकीय कार्यक्रम रोकने के लिए परेशान तथा क्षेत्र में उसका प्रभुत्व बढ़ने से रोकने के लिए मजबूरी में सऊदी अरब को परोक्ष रूप से एक समय अपने दुश्मन रहे इस्राइल से संबंध बनाने पड़े हैं। इसके साथ ही पूरी दुनिया तुर्की और सऊदी अरब के बीच बढ़ती खाई को जानती है जिसके चलते मुस्लिम दुनिया सामूहिक रूप से इस्राइली आक्रामकता का जवाब नहीं दे पा रही है।

अपनी भौगोलिक स्थिति, सैनिक शक्ति तथा खुफिया क्षमताओं के कारण इस्राइल अब सऊदी गठबंधन का सहयोगी बन गया है। न्यूनतम साझा एजेंडे के आधार पर अपने हितों की रक्षा के लिए सऊदी अरब के नेतृत्व वाले देशों ने अब अपनी नजरें फिलिस्तीनी नरसंहार से हटा ली हैं और उन्होंने सच्चाई देखने से बचने वाले कछुए की तरह अपना सिर बालू में गड़ा दिया है। 2021 में इस्राइली हमले के बाद गठित उपरोक्त संरा. आयोग ने टकराव का समाधान करने में विश्व समुदाय के विलम्ब और उसकी सामूहिक विफलता स्पष्ट की है। इस्राइल-फिलिस्तीन टकराव के संभावित समाधानों में एक तरीका हितों के बजाय पूरी तरह मानवाधिकारों पर आधारित है।

अपने दशकों लंबे राजनीतिक कॅरियर से प्राप्त अनुभवों व व्यक्तिगत प्रेक्षणों के आधार पर मैं विश्वास से कह सकता हूं कि हित-आधारित समाधान कभी टिकाऊ नहीं होते हैं, पर मानव-केन्द्रित समाधान निश्चित रूप से टिकाऊ होते हैं। विश्व समुदाय को फौरन अमेरिका को टकराव में कोई पक्ष बनने या एक पक्ष बनने से रोकना होगा क्योंकि उसने बिना कोई योगदान किए हमेशा आग भड़काने का ही काम किया है। अमेरिका को अपने एक विद्वान वेन डायर का कथन याद रखना चाहिए जिन्होंने कहा था, 'बिना आपकी सहभागिता के टकराव जीवित नहीं रह सकते हैं।' सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से दुनिया को यह तथ्य समझना चाहिए कि नाभिकीय आयुधों वाली दुनिया में किए गए काम समाप्त नहीं किए जा सकते हैं। दुनिया को यहूदी और फिलिस्तीनी जनता के बीच शांति का परिवेश बना कर सर्वोत्तम संतुलन स्थापित करना चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस्राइल सैनिक कार्रवाइयां बंद करे, युद्धविराम का व्यवहार करे तथा यह वादा करे कि वह बाकी क्षेत्र में घुसपैठ नहीं करेगा। इसके बाद दोनों देशों के बीच शांति वार्तायें शुरू हो सकती हैं जिसमें पक्षकारों के रूप में इच्छुक देशों को शामिल किया जा सकता है।

लेकिन तत्कालीन रूप से सर्वाधिक महत्वपूर्ण है कि फिलिस्तीनियों व खासकर गाजा पट्टी में फंसे फिलिस्तीनियों के मानवाधिकारों को सम्मान देते हुए इस्राइल को 'चौथे जेनेवा सम्मेलन' का पालन करने को मजबूर किया जाए। प्रस्तावों के साथ उसे अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के 2004 के फैसले का सम्मान करने का वादा करना चाहिए जिसमें कहा गया था कि वह अपने कब्जे वाले क्षेत्रों में फिलिस्तीनी नागरिकों के अधिकारों का मानवीय व मानवाधिकार कानूनों के अंतर्गत सुरक्षा देगा। कुल मिला कर कहा जाए तो 'वैश्विक उत्तर' को अपने अहंकार से बाहर निकल कर इस्राइल का बचाव व उसे शरण देना बंद करना चाहिए तथा फिलिस्तीनियों के मानवाधिकारों का सम्मान करना चाहिए। उसे सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके अधिकारों का उल्लंघन न हो। उत्तर को इस मामले में भी अपनी जवाबदेही तय करनी चाहिए कि यहूदी राष्ट्र अपनी कार्रवाइयों के प्रति जवाबदेह बने। समय आ गया है कि दुनिया अपने आप से सवाल पूछे, क्या उसने फिलिस्तीनियों के मानवाधिकारों के लिए समुचित काम किया है? क्या उसने स्थिति से निपटने में अपनी क्षमता व निष्ठा का प्रयोग किया है? आज अपने भीतर झांकने तथा रोनाल्ड रीगन के उस कथन पर विचार का समय आ गया है कि 'शांति का अर्थ टकराव की अनुपस्थिति नहीं है। इसका अर्थ टकराव से शांतिपूर्ण ढंग से निपटने की क्षमता है।'

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता महत्वपूर्ण

**पी.के. वासुदेव**
(लेखक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं)



भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति तथा अनेक कारणों से उसके समक्ष आई कुछ समस्याओं को देखते हुए स्वदेशी रक्षा वस्तुओं के उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान समयानुकूल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 जुलाई को एक नौसैनिक संगोष्ठी स्वावलंबन को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय रक्षा अब सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका व्यापक दायरा है, और सशस्त्र बलों व अन्य हितधारकों को देश की सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। देश के भीतर या विदेश से भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने के प्रयासों को प्रभावी ढंग से विफल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बारे में चेतावनी देते हुए सशस्त्र बलों को दुष्प्रचार अभियान समेत नई चुनौतियों के प्रति सतर्क रहने के लिए कहा।

उन्होंने असंख्य सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने की वकालत करते हुए कहा कि चुनौतियां अब जमीन, समुद्र और आकाश तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सशस्त्र बलों को देश की सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। संगोष्ठी का आयोजन नौसेना नवाचार और स्वदेशीकरण संगठन (एनआईआईओ) और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) द्वारा किया गया था।

सेमिनार में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार-एनएसए अजीत डोभाल, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार और रक्षा सचिव अजय कुमार शामिल हुए। वर्तमान भू-राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की चिंता बहुत जायज है लेकिन दुर्भाग्य से उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा व रक्षा मामलों पर भी विपक्षी दलों का समर्थन नहीं मिल रहा है। कांग्रेस समेत अनेक विपक्षी दल अपना राजनीतिक व चुनावी लाभ प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी नीतियों पर भी समझदारी भरा दृष्टिकोण अपनाने के बजाय केवल मोदी सरकार की आलोचना करते हैं। इस प्रकार खराब नेतृत्व वाला विखंडित विपक्ष भी एक प्रकार से देश के लिए एक आपदा बन गया है। विपक्ष का अधिकार और कर्तव्य राजनीतिक रूप से निर्धारित तथा परोक्ष रूप से परिभाषित भी है। अगर वो यह मानता है कि जनहित दांव पर है, तो हर वैध संसदीय माध्यम से सरकार की नीतियों और कार्यों का विरोध करना उसका कर्तव्य और अधिकार है। ऐसा करने में, विपक्ष मतदाताओं को यह समझाने की कोशिश करता है कि उन्हें सरकार की जगह सत्ता में आना चाहिए, लेकिन यह तब तक असंभव है जब तक कि वह राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण नहीं बदलता। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों की छोटी आवश्यकताओं के लिए आयात पर निर्भरता गंभीर रणनीतिक चुनौतियां पैदा कर सकती है। नए खतरों के खिलाफ सशस्त्र बलों को आगाह करते हुए मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा की रूपरेखा व्यापक हो गई है और चुनौतियां अंतरिक्ष, साइबर स्पेस, सामाजिक स्थान और आर्थिक क्षेत्र की ओर बढ़ रही हैं।

हमें भारत के आत्मविश्वास व आत्मनिर्भरता को चुनौती देने वाली ताकतों के खिलाफ भी अपनी लड़ाई तेज करनी होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह भी कहा, जैसे जैसे भारत वैश्विक मंच पर खुद को स्थापित कर रहा है, वैसे-वैसे उसके खिलाफ गलत सूचना, दुष्प्रचार और झूठे प्रचार के माध्यम से लगातार हमले हो रहे हैं और बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आस्था रखते हुए भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने वाली ताकतों को, चाहे वह देश में हो या विदेश में, उनके हर प्रयास को विफल करना होगा।

रक्षा राष्ट्रीय शक्ति का एक प्रमुख घटक है। रक्षा नीति राष्ट्रीय सुरक्षा नीतियों का अभिन्न अंग है। सशस्त्र बलों की भूमिका किसी भी बाहरी या आंतरिक खतरों के खिलाफ प्रतिरोध या युद्ध छेड़कर अस्तित्व और राजनीतिक स्वतंत्रता के बुनियादी मूल्यों को संरक्षित करना है। अपने संबोधन में, प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए देश में एक नया रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया है। मोदी ने कहा कि पिछले 4-5 सालों में रक्षा आयात में करीब 21 फीसदी की कमी आई है और देश सबसे बड़े रक्षा आयातक से बड़ा निर्यातक बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल 13,000 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात हासिल किया गया था और इसका 70 प्रतिशत से अधिक निजी क्षेत्र से था।

रक्षा अधिग्रहण में लंबे विलंब के बारे में बात करते हुए, मोदी ने कहा कि अतीत में अधिकांश हथियार खरीद कार्यक्रम सवालों का सामना करते रहे और इसके चलते राजनेताओं को गाली देना बहुत आसान हो गया है। देश की गौरवशाली समुद्री परंपरा को याद करते हुए मोदी ने कहा कि आजादी से पहले भी भारत का रक्षा क्षेत्र बहुत मजबूत हुआ करता था। आजादी के समय देश में 18 आयुध कारखाने थे, जहां आर्टिलरी गन समेत कई तरह के सैन्य उपकरण बनाए जाते थे। उन्होंने कहा कि भारत द्वितीय विश्व युद्ध में रक्षा उपकरणों का एक महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता था।

भारत की अर्थव्यवस्था में महासागरों व तटों के महत्व का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय नौसेना की भूमिका लगातार बढ़ रही है और इसलिए सेना की आत्मनिर्भरता बहुत महत्वपूर्ण है। मोदी ने कहा, आज, रक्षा उपकरणों की खरीद के लिए निर्धारित बजट का एक बड़ा हिस्सा भारतीय कंपनियों से खरीद पर खर्च किया जा रहा है, साथ ही उन्होंने ऐसी 300 वस्तुओं की सूची तैयार करने के लिए रक्षा बलों को श्रेय भी दिया जिन्हें अब आयात नहीं किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मिशन देश को आत्मानिर्भर बनाना है ताकि रक्षा बजट और कम किया जा सके तथा रक्षा उत्पादन को मजबूत कर सेनाओं द्वारा हथियारों व आयुध प्रणालियों की खरीद का लाभ भारत के घरेलू उद्योग को मिले। हालांकि, तस्वीर का एक आयाम यह भी है कि आर्थिक वैश्वीकरण के युग में देशों के बीच अधिक निर्भरता और उपलब्ध डिजिटल मार्केटिंग व संचार की सुविधाओं के कारण, यह सोचना मुश्किल है कि कोई भी देश अलग-थलग रह सकता है।

एक देश को आत्मनिभर (आत्मनिर्भर) तब कहा जाता है, यदि वह विदेशी मुद्रा अर्जित करने के लिए निर्यात के लिए अधिशेष के साथ-साथ अपनी घरेलू जरूरतों के लिए पर्याप्त मात्रा में वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करता है। एक आत्मनिर्भर देश को इसके लिए आवश्यक प्रत्येक उत्पाद का निर्माण करने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि, यह ऐसे अन्य उत्पादों का निर्माण और प्रसंस्करण करना ज्यादा पसंद करेगा जो वह कम लागत पर विशेषज्ञता के साथ कर सकता है और जिसकी मांग विश्व स्तर पर अधिक है। साथ ही, कोई भी देश अनिश्चित काल के लिए ऐसे देशों पर निर्भर नहीं रह सकता जो अपने निम्न गुणवत्ता वाले माल को कीमतें सस्ती कर स्वदेशी बाजार में वर्चस्व स्थापित कर रहे हों और इस प्रकार आयात करने वाले देश के औद्योगिक विकास को नष्ट कर रहे हैं।

## आप की बात

### आजादी का अर्थ

**आजादी** का मतलब देश के प्रति जिम्मेदारी का भाव है। स्वतंत्रता के साथ सबसे बड़ी जिम्मेदारी स्वतंत्रता का दुरुपयोग न करना है। हम जो सबसे बुनियादी काम कर सकते हैं, वह है अपने नागरिक कर्तव्यों में भागीदार बनना और नागरिक भावना का प्रसार करना। आजादी व्यवस्था के बिना मुमकिन नहीं। दोनों एक साथ ही चलते हैं। अगर आप कहते हैं कि मैं वही करूंगा जो मैं चाहूंगा तो आप अव्यवस्था पैदा करते हैं। आपको दूसरों की इच्छा का भी ध्यान रखना होगा। ऐसा न करने पर आपका दिमाग कुंद होता है। वह अपनी कोशिश, अपनी तेजी खो बैठता है। यह बाहर से थोपा गया अनुशासन आपके दिमाग को नुकसान पहुंचाता है। लेकिन अगर आप देखकर, सुनकर, समझकर, दूसरों के बारे में सोचकर खुद को अनुशासित करते हैं तो इससे एक व्यवस्था बनती है। इसी व्यवस्था के साथ आती है आजादी। अगर आप आजाद नहीं हैं तो आप कभी विकसित नहीं हो सकते। आप कभी अच्छे नहीं हो सकते। अगर पक्षी आजाद न हों तो वे उड़ नहीं सकते। बीज अगर आजाद न हो तो वह पेड़ नहीं बन सकता। हर चीज की तरह इंसान को भी आजादी चाहिए, यही आजादी का अर्थ है।

–**आशुतोष वर्मा,** प्रयागराज

### खैरात पर लगाम

**लोकतंत्र** में सत्ता प्राप्त करने के लिये राजनीतिक दलों द्वारा जनता को मुफ्त उपहारों की घोषणा करने पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने इसे गम्भीर मसला बताते हुये केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से समिति बनाने को कहा। जो राजनीतिक दलों द्वारा जनता से चुनाव के समय लोक लुभावन वादों को रोकने के लिये उपाय करें। वकील अश्वनी उपाध्याय द्वारा जनहित याचिका में राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त उपहारों की घोषणा करने वाले दलों का चुनाव चिन्ह और पंजीकरण को रद्द करने की मांग की गई थी। वही केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल मेहता ने इस याचिका का समर्थन करते हुये चुनावो में रेवडियां बांटकर अप्रत्यक्ष रूप से भविष्य के लिये आर्थिक संकट और मतदाताओं को उचित निर्णय लेने की क्षमता को विकृत करने वाला है। आज समय की मांग है। हर राज्य में घाटा चल रहा है। देश में भी विदेशी कर्जो का बोझ है। ऐसे में लोगों को मुफ्त उपहार बांटकर सत्ता प्राप्त करने के प्रयास पर रोक की आशा आम जनता सुप्रीम कोर्ट से कर रही है। उम्मीद करनी चाहिए कि यह उम्मीद पूरी होगी।

–**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

### महंगाई की मार

**बढ़ती** महंगाई आम आदमी के लिए पीड़ादायक है। क्योंकि जिस दर से महंगाई चरम पर है, उस दर से आम जनता की आमदनी नहीं है। आम आदमी महंगाई से पीड़ित व हर तरह से हलकान है। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने 5 अगस्त को महंगाई विरोधी आंदोलन किया। इस प्रदर्शन की धार को कुंद करने के लिए, सरकार ने दिल्ली को छावनी में तब्दील कर दिया। इसके पहले जब भाजपा विपक्ष में थी, वह भी तो महंगाई, बेरोजगारी व अन्य मुद्दे को लेकर सरकार को विरोध प्रदर्शन के जरिए घेरती थी। सरकार अपना काम करें, विपक्ष को अपना विरोध प्रदर्शन करने दे। विरोध करने वाले अपनी बात प्रधानमंत्री तक नहीं पहुंचाएंगे तो और किसके आगे अपना विरोध करेंगे ! लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन भी लोकतंत्र को मजबूत करने वाला है। विरोध प्रदर्शन करने वालों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी प्रकार की अशांति ना फैले ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे । विपक्षी दलों की राज्य सरकारों की भी जिम्मेदारी है कि वे महंगाई रोकने में सहयोग करें।

–**हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**वे** दबाव डाल कर हमें खामोश नहीं कर सकते हैं। मोदी जी व अमित शाह जी लोकतंत्र के खिलाफ काम कर रहे हैं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

**मंकीपाक्स** संक्रमण बढ़ने का खतरा गंभीर है। इससे निपटने के लिए अतिरिक्त समाधान खोजना जरूरी हो गया है।

– **डा. राबर्ट कैलिफ**
अमेरिकी एफएंडडी कमिश्नर





**यह** बंगाली जनता के प्रति विश्वासघात था। कोई बंगाली दिल्ली में कैबिनेट मंत्री क्यों नहीं बन सकता है?

– **बाबुल सुप्रियो**
टीएमसी मंत्री

# पांच लाख तिरंगों के साथ अल्पसंख्यक समुदाय के बीच जाएगी भाजपा

● अमृत महोत्सव के तहत सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की तर्ज पर चलेगा कार्यक्रम

● अल्पसंख्यक मोर्चा ने कानपुर में निकाली तिरंगा यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सबका** साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को लेकर काम कर रही बीजेपी सरकार व संगठन ने अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकांश घरों पर तिरंगा फहराने का कार्यक्रम बनाया है। सूत्रों के मुताबिक बीजेपी 13 से 15 अगस्त के बीच अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकांश घरों के ऊपर तिरंगा फहराएगी। इस संबंध में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बासित अली ने कहा कि मोर्चा ने पांच लाख मुस्लिम परिवारों के घरों सहृदयता के साथ राष्ट्रीय ध्वज वितरण करने का लक्ष्य रखा है। इसमें मुस्लिम धर्मगुरुओं की मदद ली जाएगी। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा अल्पसंख्यक समुदाय को राज्य और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं के बारे में भी बताएगा। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्य लोगों को बताएंगे कि मोदी और योगी सरकार अल्पसंख्यक समुदाय को कैसे लाभ पहुंचा रही हैं। इसके अलावा उन्हें ये भी बताया जाएगा कि कैसे योगी और मोदी सरकार ने दंगों से उनकी रक्षा की है जो पिछली सरकारों में हुआ करते थे। इसी क्रम में रविवार को अल्पसंख्यक मोर्चा ने कानपुर नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। कानपुर नगर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बासित अली के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया और साथ जुड़ते रहे। जिससे कानपुर की सड़कों पर तिरंगे के सम्मान में काफी भीड़ उमड़ पड़ी। यात्रा की शुरुआत अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी सलिल विश्नोई ने की। यात्रा की समाप्ति पर प्रदेश मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा अनस उस्मानी के आवास पर केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों की जानकारी सभी को दी गई। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्यों के लिए हर घर तिरंगा अभियान के अलावा 27-29 अगस्त तक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें मुस्लिम नेता हिस्सा लेंगे। बीजेपी लोकसभा चुनाव में 75 प्लस के अभियान के तहत यादवों, जाटवों और पसमांदा मुसलमानों के बीच अपने आधार का विस्तार करने की योजना बनाई है। आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा उपचुनाव में पार्टी की जीत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया था कि बीजेपी लोकसभा आम चुनाव में सभी 80 सीटें जीतेगी। सूत्रों के मुलाबिक पार्टी ने 11 से 17 अगस्त तक अपनी तिरंगा यात्रा सप्ताह के दौरान यादवों, जाटवों और पसमांदा मुसलमानों तक पहुंचने के लिए एक व्यापक जन संपर्क अभियान शुरू करने की योजना बनाई है। बीजेपी को इस बात का अंदाजा है कि यूपी की 80 लोकसभा सीटों के 1.70 लाख बूथों में से 22000 पर उसका प्रभाव तुलनात्मक रूप से कम है। इन बूथों में ज्यादातर यादव, जाटव और मुस्लिम मतदाताओं का दबदबा है। भाजपा के उत्तर प्रदेश से 64 सांसद हैं जबकि उसकी सहयोगी अपना दल सोनेलाल के दो सांसद हैं। हाल ही में हुए उपचुनावों में बीजेपी के हाथों आजमगढ़ और रामपुर सीट हारने के बाद सपा के महज तीन सांसद शेष रह गए हैं जबकि बीएसपी के सांसदों की संख्या दस है। सोनिया गांधी कांग्रेस की एकमात्र सांसद हैं। वह रायबरेली सीट का प्रतिनिधित्व करती हैं। यादव यूपी की आबादी का 11 फीसदी हैं। दलित आबादी का लगभग 21 प्रतिशत है और मुसलमानों की उपस्थिति का अनुमान 18 प्रतिशत है। दलितों में जाटव संख्यात्मक रूप से मजबूत हैं। वहीं यूपी में 17 लोकसभा सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। यादव और मुस्लिम मतदाता 10-10 लोकसभा क्षेत्रों में फैसला करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 जुलाई को समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्यसभा सदस्य और अखिल भारतीय यादव महासभा के अध्यक्ष हरमोहन सिंह यादव की 10वीं पुण्यतिथि पर कानपुर में आयोजित गोष्ठी को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया था।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट करते हुए

# जमीन घोटाले के पीछे किस बड़े का हाथ, सरकार बताएः कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** मीडिया विभाग के संयोजक व प्रवक्ता अशोक सिंह ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अयोध्या में जमथरा घाट से गोलाघाट तक सक्रिय 40 भूमाफियाओ द्वारा सरकारी नजूल भूमि पर प्लाटिंग करके अवैध कालोनियां विकसित की जाती रही और स्थानीय प्रशासन व राज्य सरकार को कानों कान खबर नहीं हुई और दूसरी तरफ भूमाफिया जमीन बेचते रहे आखिर इस जमीन घोटाले के पीछे किस बड़े का हाथ है यह राज्य सरकार बताने के स्थान पर मौन धारण किये है। उन्होंने कहा कि धर्म की आड़ में सनातनधर्मीयो की आस्था प्रभु श्रीराम से जुड़ी भावनाओ के साथ राज्य सरकार के संरक्षण चंदे के जमा करोड़ो रुपये का जमीन खरीद के नाम पर खिलवाड़ बाद अरबो रुपये मूल्य की नजूल भूमि पर कब्जे के प्लाटिंग में उसकी भूमिका का सत्य उजागर हो गया है कि सत्ता में बैठे बड़ो का इस प्रकरण में पूरा हाथ है। कांग्रेस प्रवक्ता अशोक सिंह ने कहा कि स्थानीय लेखपाल की रिपोर्ट के आधार पर 40 भूमाफिया चिन्हित हुए हर मामले में डुग्गी पिटवाकर बुलडोजर की कार्यवाही करने वाले मुख्यमंत्री जी से सवाल है कि 31 जुलाई 2022 को उन्हें भाजपा सांसद द्वारा लिखे गए पत्र पर एक सप्ताह व्यतीत हो जाने के बाद भी अभी तक डुग्गी क्यो नही पिटी, बुलडोजर क्यों नही चला। इससे अनेक प्रश्न हवा में तैर रहे है राज्य सरकार आखिर मौन धारण कर सरकारी नजूल भूमि पर कालोनी विकसित क्यो होने दे रही है, क्या सत्ता धारी दल या उनसे जुड़े किसी व्यक्ति या संगठन के हित उससे जुड़े हुए है इन प्रश्नों का उत्तर तो जनता चाहती है।

# महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल बनाना सरकार की मंशा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● विद्युत सखियों ने लगभग 2 करोड़ 70 लाख रुपए का अर्जित किया लाभांश



**उत्तर प्रदेश** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर व उनकी बिक्री कर अपने स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है। नारी सशक्तीकरण की दिशा में स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदेश में उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य किये जा रहे हैं, इससे आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को नये पंख लग रहे हैं। इस क्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि सरकार की मंशा है कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल बनाया जाए और उचित प्लेटफार्म के मिल जाने से स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आगे बढ़ेंगी और उनके उत्पादों का सही दाम मिलेगा। समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पाद तैयार होंगेए तो उनकी बिक्री भी बहुत अच्छी होगी और मार्केटिंग एजेंट के रूप में अमेजन भी स्वयं सहायता समूह से जुड़ा है एइसके अच्छे परिणाम निखर कर आएंगे। कहा कि ग्राम्य विकास विभाग इस कार्य में हर प्रकार का सहयोग प्रदान करेगा।

श्री मौर्य द्वारा विद्युत सखियों के लाभांश के वितरण में सक्रियता बरतने के निर्देशो का भी सकारात्मक परिणाम निखर कर सामने आ रहा है और सभी विद्युत सखियों को अप्रैल से जून माह की लगभग एक करोड़ की कमीशन राशि पिछले शुक्रवार की शाम को उनके संबंधित बैक खातों में वितरित की गई। प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में 9320 विद्युत सखियों के द्वारा ग्रामीण इलाकों में विद्युत बिल कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है। योजना के आरंभ से अब तक कुल 196 करोड़ रुपए का विद्युत बिल कलेक्शन विद्युत सखियों के द्वारा किया जा चुका है जिसके सापेक्ष उन्हें लगभग 2 करोड़ 70 लाख रुपए का पारिश्रमिक प्राप्त हो चुका है। उपमुख्यमंत्री द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि विद्युत सखियों के कार्य मे विद्युत विभाग के अधिकारी एवं जनपद के प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह से सहयोग प्रदान करें।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अभिनव कार्य किये जा रहे हैं। हाल ही मे हरदोई के 11 विकास खण्डों के स्वयं समूहों का अपने उत्पादित निर्मित सामग्री के बेहतर विपणन और बाजार उपलब्ध कराने हेतु ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ फिलपकार्ट और एचसीएल फाउंडेशन के साथ संयुक्त उद्यम की लांचिंग हुयी है। पंचायती राज निदेशालय में हुए इस संयुक्त उद्यम कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने की थी और उन्होंने इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए हर सम्भव मदद का विश्वास भी दिलाया था। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार यूपीएसआरएलएम के तहत अमेज़न सहेली पोर्टल पर विक्रेता के रूप में 26 जिलों का पंजीकरण 600 से अधिक एसएचजी उत्पादों के साथ किया गया है और 12 जिलों को लॉन्चिंग के दो दिन के भीतर ही ऑर्डर मिलना शुरू हो गया जो वास्तव में प्रेरक है, सभी जिलों के सम्बन्धित अधिकारियों से कहा गया है कि 15 अगस्त से पहले अमेज़न सहेली पर कम से कम एक सीएलएफ पंजीकृत कराते हुए उस के माध्यम से जनपद में समूह द्वारा बनाए जा रहे समस्त उत्पादों को अमेजॉन सहेली पर रजिस्टर कराना सुनिश्चित करें।

# दिल्ली में दोनों ही सरकारें जनता की बुनियादी जरूरतों के प्रति उदासीन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने रविवार को देश की राजधानी दिल्ली में पार्टी संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए पार्टी यूनिट के स्टेट व ज़िलों के प्रमुख तथा वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान केन्द्र की भाजपा व दिल्ली की आप पार्टी की सरकार के कार्यकलापों आदि के बारे में विस्तार से फीडबैक लिया। बैठक में उन्होंने कहा कि देश की राजधानी का विशेष दर्जा प्राप्त होने के बावजूद दोनों ही सरकारें यहाँ के लोगों के बुनियादी जरूरतों, उनके हित व कल्याण आदि के मामलों में काफी उदासीन व बेपरवाह बनी हुई हैं, जो अति-दुःखद व दुर्भाग्यपूर्ण है।

बैठक में उन्होंने कहा कि दिल्ली वैसे भी मिनी भारत कहलाता है क्योंकि यहाँ देश के विभिन्न राज्यों के लोग रहते हैं, जिनकी अपनी-अपनी समृद्ध जीवन शैली है तथा जो भारत की विशेष पहचान है। वैसे यहाँ खासकर पड़ोसी राज्य में उत्तर प्रदेश के अलावा खासकर बिहार, राजस्थान व पंजाब आदि राज्यों के काफी गरीब प्रवासी लोग अपनी रोजी-रोटी की तलाश में यहाँ काफी कठिन जीवन व्यतीत करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के विकास के बड़े-बड़े दावे की सबसे अच्छी व सुन्दर तस्वीर दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के इलाकों में जरूर ही दिखनी चाहिए, किन्तु ऐसा भी नहीं है बल्कि केन्द्र व दिल्ली सरकारों की गलत व संकीर्ण नीतियों व जनविरोधी कार्यकलापों आदि के कारण दिल्ली भी उन्हीं सब कारणों से ही ज्यादा जाना जाता है जैसे कि देश के यूपी, मध्य प्रदेश, राजस्थान व हरियाणा जैसे अन्य पिछड़े हुए राज्य। इसके अलावा, यूपी, मध्य प्रदेश, गुजरात व असम आदि राज्यों की तरह ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को भी बुल्डोजर की विध्वंसक व विभाजक राजनीतिक खेल से मुक्ति जरूरी है।

### मायावती ने उपराष्ट्रपति बनने पर धनखड़ को दी बधाई

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने देश के उपराष्ट्रपति पद पर जगदीप धनखड़ की शानदार जीत के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई है कि वे अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निभाने का भरसक प्रयास जरूर करेंगे। मायावती ने रविवार को अपने अधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट करते हुए कहा कि बसपा ने व्यापक जनहित व अपनी मूवमेन्ट को ध्यान में रखकर उन्हें अपना समर्थन दिया था। उम्मीद है कि वे अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निभाने का भरसक प्रयास जरूर करेंगे।

# सपा ही यूपी में एकमात्र सशक्त विकल्पः गोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**समाजवादी** पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव व पूर्व कैबिनेट मन्त्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने लखनऊ उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत पीली कोठी निराला नगर सीतापुर रोड पर सपा की पूर्व प्रत्याशी पूजा शुक्ला द्वारा आयोजित समाजवादी पार्टी सदस्यता अभियान कार्यक्रम में सम्मिलित हुये व बड़ी संख्या लोगों को सदस्यता ग्रहण करायी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये पूर्व कैबिनेट मन्त्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा प्रदेश की राजधानी में पार्टी के सदस्यता अभियान का चुनौती पूर्ण दायित्व मुझे दिया है, मैं आप सबसे अपील करता हूँ कि आप सब जैसे चुनाव में वोट माँगने के लिये घर घर जाते हैं उसी तरह पार्टी से जोड़ने को लिये सभी लोगों के घर घर जायें और व्यक्तिगत सम्पर्क करें और पार्टी के सदस्यता अभियान को ऐतिहासिक बनाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की ग़लत नीतियों के कारण चरम पर पहुँची महंगाई और ध्वस्त क़ानून व्यवस्था से आम जनता त्रस्त है, और उसकी एकमात्र उम्मीद सपा मुखिया अखिलेश यादव जी हैं।

उन्होंने कहा कि आपसी मतभेदों को भूलकर ये वक्त पार्टी को मज़बूत करने का है आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी को इतने सांसद जिताकर देने है जिससे हमारे नेता की राष्ट्रीय राजनीति में प्रभावी भूमिका हो। समाजवादी पार्टी ही उत्तर प्रदेश एकमात्र सशक्त विकल्प है जो भाजपा की मायावी चालबाजियों को नाकाम कर सकती है। अरविन्द सिंह गोप ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु पूजा शुक्ला और उनके सहयोगियों को बधाई दी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, महासचिव सौरव यादव, पूर्व मंत्री यामीन खान, मीरा वर्धन पूर्व मेयर प्रत्याशी, देवी बक्श सिंह, बबलू खान, नवीन धवन बंटी, अजीम अहमद, राजकुमार मौर्य, प्रशांत यादव, संतोष श्रीवास्तव, अवनीश यादव, प्रदीप सिंह पन्नू, आलोक यादव, मोहम्मद सगीर, जग लाल यादव, मुसव्विर अली सहित भारी संख्या में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# समाजवाद, लोकतंत्र और पंथनिरपेक्षता के लिए प्रतिबद्ध है सपाः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आव्हान पर उत्तर प्रदेश में हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज को राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताते हुए स्वेच्छा से प्रत्येक नागरिक से खादी का बना तिरंगा फहराने के लिए कहा है। अखिलेश यादव ने कहा है कि इतिहास में इन तिथियों का विशेष महत्व है। 8 अगस्त 1942 की रात में बंबई के ग्वालियर टैंक मैदान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 'अंग्रेजो भारत छोड़ों' के प्रस्ताव के साथ 'करो या मरो' का मंत्र दिया था। गांधी ने कहा था या तो अब हम आजाद होंगे या फिर अपना बलिदान दे देंगे। अंग्रेजों ने शुरू दमनचक्र चलाते हुए 9 अगस्त 1942 से गिरफ्तारियां शुरू कर दी थी। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी गांधी, डॉ. राममनोहर लोहिया और डॉ. अम्बेडकर के निर्धारित आदर्श मानकों को अपनाते हुए गांव-गरीब को प्राथमिकता में रखकर चल रही है। अन्याय और शोषण के खिलाफ आवाज उठा रही है। समाजवादी पार्टी ने सत्ता में रहते हुए जनकल्याण को सर्वोपरि रखकर योजनाओं को साकार किया। आज भी वह समाजवाद, लोकतंत्र और पंथनिरपेक्षता के लिए प्रतिबद्ध है ।

### सदस्यता अभियान के लिए प्रभारी नामित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर नोएडा ग्रामीण जनपद गौतमबुद्धनगर में समाजवादी पार्टी के सदस्यता अभियान को गतिशील बनाने के लिए विकास यादव निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी को नोएडा ग्रामीण का प्रभारी नामित किया गया है।

# हथकरघा से बुना जा रहा सौ मीटर लंबा राष्ट्रीय ध्वज

● कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने कार्यशाला में छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किये गये उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप्र डिजाइन** एवं शोध संस्थान लखनऊ में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने कार्यशाला के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किये गये उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आज़ादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा हथकरघा पर बुने जा रहे 100 मीटर लंबे राष्ट्रीय ध्वज का भी अवलोकन किया गया।

उन्होंने संस्थान के स्वागत कक्ष में निर्मित हथकरघा पर कार्य करते हुए संत कबीर दास जी की प्रतिमा एवं टेक्सटाइल वॉल का अनावरण किया गया। उन्होंने कहा कि पीएम द्वारा राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के लिए 7 अगस्त का दिन इस लिए चुना गया था चूंकि सन् 1905 आज के ही दिन स्वदेशी अपनाओं आंदोलन शुरू किया गया था।

प्रधानमंत्री जी वोकल फॉर लोकल का अवाहन छोटे-छोटे कारीगरों एवं बुनकरों के उत्पादों को प्रोत्साहन मिल सके। आज का दिन संत कबीर दास को समर्पित करने का एक अहम दिन है क्योंकि वह भी बुनकर समाज से जुड़े हुए थे तथा बच्चों के द्वारा प्रधानमंत्री के हर घर तिरंगा से प्रोत्साहित होकर हथकरघा पर बनाये जा रहे राष्ट्रीय ध्वज को देकर गौरवांवित हुए। संस्थान की अध्यक्ष क्षिप्रा शुक्ला ने कहा कि संस्थान ने जमीनी स्तर पर डिजाइन क्षेत्र में आधुनिकरण कर बुनकरों द्वारा बनाए गए परम्परागत उत्पादों के सामयिक रूप देकर बाजार के अनुरूप तैयार कराया है। सदियों से हैण्डलूम के कपड़े बनते आ रहे है जिसका सैकड़ो साल पुराना इतिहास रहा है हमारे प्रधानमंत्री ने इस विधा के महत्व को समझते हुए 2015 में आज के ही दिन राष्ट्रीय हैण्डलूम दिवस घोषित किया।

# विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ी की हो उच्च स्तरीय जांचः अनुपम मिश्रा

**लखनऊ।** टीम आरएलडी के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्र ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों में एनटीए द्वारा प्रस्तावित परीक्षाओं के रद्द होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने केंद्र सरकार से इसकी त्वरित जाँच की मांग करते हुए कहा कि इस प्रकार प्रवेश परीक्षाओं का रद्द होना छात्रों व उनके परिजनों को तो आहत कर ही रहा है। साथ ही ऐसी परीक्षाओं का आयोजन करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की क्षमता व साख पर भी एक सवालिया निशान लगा रहा है। अनुपम मिश्रा ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि जिस परीक्षा में लाखों छात्र सम्मिलित होकर विभिन्न विश्वविद्यालय में प्रवेश ले रहे हों, उन परीक्षाओं का इस प्रकार से बार-बार निरस्त होना और उसका आधार तकनीकी गड़बड़ी बताना केवल तकनीकी गड़बड़ी नहीं हो सकता बल्कि इसमें से एक बड़े षड्यंत्र की बू आती है। तकनीकी खराबी एक बार तो हो सकती है किंतु बार-बार या तीन बार लगातार तकनीकी खराबी नहीं हो सकती। उन्होंने माँग करते हुए कहा कि सरकार को इसकी एक निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराकर देश के सामने इसकी सच्चाई लानी चाहिए क्योंकि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का गठन ही समयबद्ध तरीके से प्रवेश परीक्षाओं के आयोजन, पारदर्शिता तथा विश्वसनीयता को बढ़ाने के उद्देश्य किया गया था, जिसमें वह लगातार असफल रही है। अनुपम मिश्रा ने आगे बोलते हुए कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का यह हाल तब है जब 34 केंद्रीय विश्वविद्यालय व 90 क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन किया गया है। क्या हालात होंगे जब सभी परीक्षाएं एक साथ कराई जाएंगी। इसलिए सरकार को छात्रों के भविष्य व अभिभावकों की कठिनाइयों तथा नेशनल एजेंसी फॉर टेस्टिंग की विश्वसनीयता को दृष्टिगत रखते हुए इसकी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए यथाशीघ्र निष्पक्ष तरीके से परीक्षाएं आयोजित कराई जाएं ताकि छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

# खण्ड शिक्षा अधिकारियों के कार्यालय की सघन जांच व स्थलीय निरीक्षण के लिए अधिकारी नामित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शासन स्तर** पर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत खण्ड शिक्षा अधिकारियों के विकास खण्ड में संचालित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की सघन जॉच हेतु अधिकारियों की नियुक्ति की है। इसके तहत नवचयनित समूह ख के अधिकारियों को 16 एवं 17 अगस्त को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का स्थलीय निरीक्षण करते हुए एक सप्ताह के अन्दर निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

राज्य परियोजना निदेशक की तरफ से जारी निर्देश के अनुसार अव्यक्त राम तिवारी सहायक उप शिक्षा निदेशक एससीईआरटी व विश्व दीपक त्रिपाठी सहायक उप शिक्षा निदेशक सेवाएं शिविर कार्यालय बेसिक लखनऊ को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जनपद औरैया, प्रभात मिश्र सहायक उप शिक्षा निदेशक एससीईआरटी लखनऊ अवनीश कुमार तिवारी विशेषज्ञ राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय फतेहपुर/धाता, रतन कीर्ति सहायक उप शिक्षा निदेशक एमडीएम लखनऊ, उपेन्द्र गुप्ता प्रवक्ता सीटीई लखनऊ को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कानपुर देहात झिंझक एवं संदलपुर, कु कोमल मण्डलीय मनोवैज्ञानिक, मण्डलीय मनोवैज्ञान केन्द्र मुरादाबाद, राहुल कुमार पंवार मण्डलीय मनोवैज्ञानिक, मंडलीय मनोविज्ञान केन्द्र आगरा को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गौतमबुद्धनगर बिसरख, चन्द्र प्रकाश प्रवक्ता समूह ख सीटीई प्रयागराज, समीर प्रवक्ता उच्च अध्ययन शिक्षण संस्थान उप्र प्रयागराज को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गाजीपुर रेवतीपुर, स्वाती भारती प्रवक्ता समूह ख सीटीई लखनऊ, कल्पना देवी प्रवक्ता समूह ख सीटीई लखनऊ को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय लखीमपुर खीरी/पसगवां, पंकज यादव सहायक उप शिक्षा निदेशक एमडीएम लखनऊ, सजीव कुमार विधि अधिकारी शिविर कार्यालय बेसिक लखनऊ को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बांदा/बबेरू जसपुरा, पीयूष कमल प्रवक्ता समूह ख सीटीई लखनऊ को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय देवरिया/बरहज को जॉच/स्थलीय निरीक्षण करने हेतु नामित किया गया है तथा यह अधिकारी विस्तृत निरीक्षण आख्या स्पष्ट संस्तुति सहित एक सप्ताह के अन्दर महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

# लहरपुर के अचकैनपुर टप्पा में पकड़ी गई संदिग्ध महिला

संवाददाता। सीतापुर

● ग्रामीणों का दावा कि महिला एक बच्ची के अपहरण का कर रही थी प्रयास

● बच्ची के शोर मचाने पर पहुंचे ग्रामीणों ने महिला को पकड़ा

● बिहार की बताई जा रही ग्रामीणों द्वारा पकड़ी गई संदिग्ध महिला

**सीतापुर की** लहरपुर कोतवाली इलाके में बच्चों का अपहरण करने वाले गैंग की सक्रियता की चर्चाओं के बीच एक संदिग्ध महिला को ग्रामीणों ने पकड़ा है। ग्रामीणों का दावा है कि महिला एक बच्ची के अपहरण का प्रयास कर रही थी। महिला को ग्रामीणों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। लहरपुर पुलिस के मुताबिक महिला मानसिक तौर से अस्वस्थ है। दरअसल, लहरपुर कोतवाली इलाके में इन दिनों बच्चा चोर गैंग सक्रिय होने की अफ्वाहें और चर्चाएं आम हैं। लिहाजा इलाके में दहशत का माहौल है। इसी बीच शनिवार की शाम अचकैनपुर टप्पा गांव में एक संदिग्ध महिला पहुंची। ग्रामीणों के मुताबिक महिला गांव के दुलारे की आठ वर्षीया बेटी को खाने की चीजें दिखाकर अपने साथ ले जाना चाहती थी। वीर बाबा के स्थान पर बच्ची के खेलते समय महिला ने जब पहुंचकर उसे साथ ले जाने का प्रयास किया तो बच्ची ने शोर मचाया। बताते हैं कि शोर सुनकर ग्रामीणों को आते देख महिला गन्ने के खेत में घुस गई। ग्रामीणों ने घेरकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम ऊषा निवासी बक्सर बिहार होना बताया है। महिला को पकड़ने वाले उमेश राही, मनोज राही, धनंजय राही, रामसेवक भार्गव, लल्ला भार्गव, संतोष भार्गव ने बताया महिला के पास चिप्स, सेब, अनार, समोसा इत्यादि खाने पीने की वस्तुएं बरामद हुई हैं। ग्रामीणों ने महिला को पुलिस के हवाले कर दिया है। मामले में जांच व कार्रवाई को लेकर ग्रामीण उमेश राही ने लहरपुर पुलिस को तहरीर दी है। लहरपुर के कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह के मुताबिक महिला मानसिक विक्षिप्त है। मामले की जांच की जा रही है।

# महोली में रक्तदान शिविर में 40 यूनिट हुआ रक्तदान

संवाददाता। सीतापुर

● आरके एक्स-रे अल्ट्रासाउंड बेबी एंड मदर केयर सेंटर में लगा शिविर

● आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत किया गया आयोजन

**राज्य रक्त** संचरण परिषद उत्तर प्रदेश की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत सीतापुर के महोली नगर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। आरके एक्स-रे अल्ट्रासाउंड बेबी एंड मदर केयर सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन संजीवन संस्था के प्रमुख आकाश बजरंगी के नेतृत्व में किया गया। डॉक्टर राजीव गुप्ता तथा आलोक मिश्रा के संयोजन में आयोजित इस रक्तदान शिविर में नगर व आसपास क्षेत्र के 40 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान डॉ राजीव गुप्ता ने शिविर में आए हुए लोगों में रक्तदान को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर करते हुए बताया कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है। डॉ प्रेम शंकर गुप्ता, संतोष सिंह, मनोज मिश्रा, महेश गुप्ता, मिंटू, दीपू, सुधाकर गुप्ता, अजय गुप्ता आदि रक्तदान कर महादानी बने। संजीवन संस्था के प्रमुख आकाश बजरंग ने शिविर के आयोजन को लेकर जानकारी दी।

## क्विक न्यूज

### मोतीलाल महावर की स्मृति में हुआ पौधरोपण

**सीतापुर।** सीतापुर के प्रमुख व्यवसायी व समाजसेवी रहे रामकृपा सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष मोतीलाल महावर की स्मृति में राम कृपा सेवा संस्थान के अध्यक्ष अनिल महावर ने संस्थाजनों के साथ मिलकर रविवार को शहर के लोहारबाग स्थित शहीदे आजम भगत सिंह पार्क में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाये गये। इस मौके पर महामंत्री कमल महावर, कोषाध्यक्ष राजाराम जिंदल, प्रमोद गुप्ता, मनोज, प्रह्लाद महावर, लोकेश गुप्ता, सहित संस्था के पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### उर्दू पत्रकारिता महोत्सव 20 को

**सीतापुर।** आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में अल्लामा फजले हक खैराबादी के शहीदी दिवस पर उर्दू पत्रकारिता महोत्सव का आयोजन बज्मे उर्दू सीतापुर के तत्वाधान में 20 अगस्त को होटल अप्पल में किया जाएगा। अल्लमा फजले हक खैराबादी एक पत्रकार भी थे। वहीं नादिम सीतापुरी का नाम उर्दू पत्रकारिता के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाता है। कार्यक्रम संयोजक खुश्तर रहमान खाँ ने बताया कि उर्दू पत्रकारिता की शुरूआत सन 1810 में सीतापुर के शेख मोल्वी इकराम अली ने ''उर्दू अखबार'' प्रकाशित कर की थी, जोकि उस समय फोर्ट विलियम कालेज कल्कत्ता में शिक्षक थे। उर्दू पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूरे होने पर यह कार्यक्रम शेख मोल्वी इकराम अली को समर्पित होगा और इसे बढ़ावा देने को एतिहासिक बनाने के लिये अपने जमाने के नामवर पत्रकार अल्लमा फजले हक खैराबादी, रियाज खैराबादी और नादिम सीतापुरी को याद किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शिरकत के लिए कहानीकार व आल इण्डिया रेडियो के उद्घोषक रहे प्रतुल जोशी, प्रोफेसर सिराज अजमली, प्रोफेसर उमैर मन्जर और लखनऊ के वरिष्ठ पत्रकार रिजवान फारूकी ने शिरकत के लिये अपनी मंजूरी दे दी है।

### इनर व्हील क्लब ने आयोजित किया जागरूकता कैम्प

**सीतापुर।** इनर व्हील क्लब बिसवां उड़ान की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टिकरा मे किशोरी बच्चियों और महिलाओं के मध्य जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे ग्रामीणों क्षेत्र की सैकड़ो महिलाओ और लड़कियों नें सहभागिता की। महिलाओं को दवाएं व किशोरी लड़कियों को सेनेटरी पैड दिए गए। इनर व्हील क्लब बिसवां की संस्थापक व जिले की संयोजक रेनू मेहरोत्रा नें कहा ग्रामीण क्षेत्र मे हमारी बहनें अधिकतर एनीमिया का शिकार होती है, जिसके चलते वो अन्य बीमारियों की जकड़ मे आ जाती है। इसके लिए सजकता जरुरी है। उन्होंने कहा महवारी के दिनों मे गंदे कपडे का प्रयोग न करें, बच्चियों को सेनेटरी पैड ही इस्तेमाल करना चाहिए। सभी महिलाओ को तिरंगा झंडा भी दिया और अपने घरों पर लगाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर वादा फाउंडेशन की कमरून निशां, वंदना वर्मा, मीनाक्षी तिवारी, शबनम अफरोज, अंशू माला, राधा प्रजापति, सीमा रस्तोगी, अलका शर्मा, अंनूश्री वर्मा, संगीता, केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. यशवीर सिंह यादव, हरीशंकर गुप्ता आदि मौजूद थे।

### इंडियन रोटी बैंक का 283 वां सप्ताह सफलता पूर्वक सम्पन्न

**सीतापुर।** इंडियन रोटी बैंक सीतापुर का 283 वां सप्ताह सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य रुप से इंडियन रोटी बैंक सीतापुर के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर का कार्यक्रम की शुरुआत बड़े हनुमान मंदिर, बाबा जंगली नाथ मंदिर व बस स्टैंड पर भूखे लोगों को भोजन पैकेट वितरण करके किया। इस मौके पर इंडियन रोटी बैंक सीतापुर जिला कोर्डिनेटर पंकज शुक्ला, अंजनी मिश्रा, आकाश मिश्र, अभिषेक मिश्रा, शगुफ्ता जहरा, विशाल मेहरोत्रा, तबस्सुम जहरा, सुनीता वर्मा, चन्द्रवती, नीरज पांडेय, त्रिलोक नाथ धवन, आशुतोष शर्मा, आशीष शुक्ला आदि मौजूद थे।

### सनातन ब्राम्हण समाज की नियमित मासिक बैठक सम्पन्न

**सीतापुर।** सनातन ब्राम्हण समाज की नियमित मासिक बैठक संगठन के जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार पांडेय के रोटी गोदाम स्थित आवास पर हुई। मुख्य अतिथि संगठन के संरक्षक नगर के समाजसेवी और अखिल भारतवर्षीय श्रीरामचरित मानस समिति के अध्यक्ष विश्वम्भर तिवारी रहे। बैठक में सबसे पहले भगवान परशुराम की पूजा और जयघोष तथा सभी आगन्तुकों का रोली अक्षत से तिलक वंदन किया गया। फिर ब्राम्हण समाज और समस्त हिन्दू समाज को विभिन्न कुरीतियों और बुरी आदतों से बचकर सदाचारी, परस्पर समादरी व सहयोगी समाज की मजबूती पर जोर दिया गया। स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों में तिरंगा फहराने का आवाहन भी किया गया। इस मौके पर जिलामंत्री अजय मिश्र, रामप्रकाश पांडेय, आकाश मिश्र, दिनेश मिश्रा, अश्वनी मिश्र, बृजेन्द्र बिहारी त्रिवेदी, अजय मिश्रा, कृष्णबिहारी अवस्थी, अम्बरीष त्रिवेदी, केके मिश्र, अभिषेक मिश्र, संदीप मिश्र, प्रमोद पांडेय, सालिगराम शुक्ल, अम्बरीष त्रिवेदी और दुर्गेश शुक्ल आदि मौजूद थे।

# मेढ़ के विवाद में मारपीट एक की मौत कई घायल

**गोंडा।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव ठड़क्कीपट्टी के मजरा ठाकुर दीन पुरवा से जुड़ा है। जहां के निवासी अरुण मिश्रा व दिवाकर मिश्रा दोनों सगे भाई हैं। तथा पेशे से होमगार्ड है। रविवार की सुबह खेत में पिलर लगाने को लेकर हुए विवाद में बड़े भाई की मौत हो गई है। जबकि छोटे भाई का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। मृतक के बेटे हिमांशु मिश्रा ने बताया कि हम लोगों ने मेड के नीचे बहुत पहले पिलर लगाया था। दूसरे पक्ष ने उस मेड को जोत लिया। फिर भोले नाम के युवक उसके बगल पिलर लगाने लगे। उसके मुताबिक जब उसके पापा ने मना करते हुए कहा कि जहां पर मेड़ थी वहां पर पिलर लगाएं। तो उसने कहा कि अभी घर के जिम्मेदार लोग जब आएंगे तब उनसे बात बताइएगा। उसने कहा कि उस समय हमारे पिताजी व चाचा वापस लौट आए। कुछ देर बाद जब दोबारा बाद में पूछने गए कि क्या हुआ। तो वह लोग पहले से ही भाला बल्लम फरसा लाठी से लैस थे। पहुंचते ही मरने लगे जिससे मेरे पिता अरुण मिश्रा 52 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चाचा दिवाकर मिश्रा 49 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इतना कहने के बाद वह फूट-फूट कर रोने लगा। होमगार्ड की मौत पर अस्पताल पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि दोनों लोग देहात कोतवाली से रात में ड्यूटी करके घर जा रहे थे। तो रास्ते में किसी ने बताया कि तुम्हारे खेत में नकछेद तिवारी ने पिलर लगा दिया है। वहां पर जब यह लोग पहुंचे और पिलर गाड़ने का कारण पूछा तो वे लोग पूरे परिवार से थे। दोनों भाइयों को मारा पीटा जिसमें अरुण की मौत हो गई है। जबकि दिवाकर का इलाज चल रहा है। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# संयुक्त गन्ना आयुक्त ने गन्ना विकास कार्यों का लिया जायजा



गन्ने के प्लाट का स्थलीय निरीक्षण करते संयुक्त गन्ना आयुक्त विश्वेश कनौजिया।

संवाददाता। गोंडा

**अपर मुख्य** सचिव संजय आर भूसरेड्डी के निर्देशन में देवीपाटन मंडल के नोडल अधिकारी व संयुक्त गन्ना आयुक्त विश्वेश कनौजिया ने देवीपाटन मंडल में गन्ना विकास कार्यों, गन्ना सर्वे एवं सट्टा प्रदर्शन, चीनी मिल के द्वारा की जा रही मरम्मत कार्यों की समीक्षा किया। यह जानकारी देते हुए जिला गन्ना अधिकारी ओ0पी0 सिंह ने बताया कि संयुक्त गन्ना आयुक्त द्वारा मैजापुर चीनी मिल परिक्षेत्र के ग्राम कस्तूरी में उपस्थित कृषकों के सर्वे एवं सट्टा प्रदर्शन का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही कृषकों को नवीन प्रजातियों की बुवाई एवं वैज्ञानिक विधि से गन्ने की खेती करके अधिक पैदावार प्राप्त करने के संबंध में जानकारी दिया। साथ ही पेडी प्रबंधन यंत्र के माध्यम से खेती करके अच्छी पैदावार लेने के लिए कृषकों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान सहकारी गन्ना विकास समिति के हिस्सा प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। क्षेत्र के ग्राम कमालपुर एवं कोड़हा जगदीशपुर के अंतर्गत पेड़ी प्रबंधन यंत्र द्वारा तैयार किए गए द्वितीय पेड़ी के प्लाट एवं गड्ढा विधि द्वारा तैयार किए गए प्रजाति को0 0118 एवं को0 15023 के प्लाटों का भी उन्होंने अवलोकन किया। इस मौके पर चीनी मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) पी0के0 चर्तुवेदी ने किसानों को पेड़ी प्रबंधन यंत्र का प्रयोग करके द्वितीय पेडी रखने की सलाह दी। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी बहराइच, मैजापुर गन्ना विकास परिषद के सीनियर सीडीआई, समिति के सचिव तथा मैजापुर चीनी मिल के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एडी हेल्थ ने किया सीएचसी मितौली सहित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर और पीएचसी का निरीक्षण



**मितौली-खीरी।** अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण लखनऊ मंडल लखनऊ मेजर डा. जीएस बाजपेई द्वारा रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही उन्होंने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर फतेहपुर का व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैमहरा में चल रहे मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का भी निरीक्षण किया।

जानकारी देते हुए सीएचसी अधीक्षक डा. देवेंद्र सिंह ने बताया कि एडी हेल्थ मेजर डा. जीएस बाजपेई और एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे जहां उनके द्वारा सर्वप्रथम प्रिकॉशन डोज को लेकर चलाए जा रहे महा अभियान की जमीनी हकीकत जानी गई। उन्होंने एमरजेंसी सहित एफआरयू यूनिट का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। इसके बाद वे हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर फतेहपुर पहुंचे। जहां उन्होंने प्रिकॉशन डोज को लेकर चलाए जा रहे अभियान का निरीक्षण किया और बांटी जा रही दवाओं पर संतोष व्यक्त किया। इसके बाद वे नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैमारा में चल रहे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में पहुंचे। यहां उन्होंने मरीजों से बात कर मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली और दवाओं सहित अन्य सेवाओं पर संतुष्टि जाहिर की है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिल कुमार यादव जिला लेखा प्रबंधक सतपाल सिंह अधीक्षक डा. देवेंद्र कुमार सिंह डा. शोएब अख्तर डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार फार्मासिस्ट आशीष कुमार शर्मा ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद तय्यब सिद्दीकी बीसीपीएम रोहित पाल आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# हिम्मत ही ऐसी दे गया सजदा हुसैन का

● सब्र और इंसानियत का नाम है हुसैन

● मोहर्रम की 9 और 10 अकीदत की तारीख

● सिया-सुन्नी अपने तरीके से मनाते हैं गम

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**आज** 9 मोहर्रम की रात हुसैनी लश्कर के लिए बहुत ही मुश्किल भरी रात के रुप मे मनायी जाती है। इस रात इमाम हुसैन ने पूरी रात इबादत में काटी। अपने नाना से बचपन में किया गया वादा निभाने का समय आ गया था। सुबह दसवीं मोहर्रम थी। इमाम हुसैन को मालूम था कि एक-एक करके अपने भाई, भतीजों, भांजे व बेटों के साथ अपने अजीज दोस्तों की शहादत के बाद उनके शव उठाने है। आखिर में खुदा की राह में अपनी कुर्बानी पेश करनी है। हुसैन कभी अपनी बहन के खेमे में जाते कभी अपने भतीजों और कभी अपने अहबानो के खैमे, इसीलिऐ नौ मोहर्रम की रात कत्ल की रात भी कही जाती। पूरी रात अकीदत मद लोग इबादत करते है, तीन दिन के क्या आप से प्यासे इमाम हुसैन ने एक दिन मे 72 लाशे उठाईएकुदरत ने भी खून के आसू बहाऐ। हद तो तब हो गयी कि जब इमाम हुसैन नमाज पढने सजदे मे गये तो यजीदी फौज से शहीद किया। इसीलिऐ ऐ तारीख बहुत ही गम की तारीखो मे गिनी जातीण्है। दसवी मोहर्रम को ताजिया दफ्न करने के बाद कुछ खाते पीते हैत्र इमाम हुसैन ने जहाँ सर कटवा कर पूरी दुनिया मे एक सदेश दिया और आज लोग इमाम हुसैन का चर्चा करते है। वही यजीद जग जीतकर हार गया। शिया और सुन्नी सभी मिलकर इमाम हुसैन के गम को अपने अपने तरीके से मनाते है और दिल खोलकर इमाम हुसैन का लगर करते है। इसीलिए सब्र, इसानियत का नाम हुसैन।

# परिषदीय विद्यालय रामपुर फुलैया को मिला बेस्ट स्कूल आफ द वीक का खिताब



**लखीमपुर-खीरी।** बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में बच्चे स्वयं को निजी विद्यालय के बच्चों से कमतर न समझें। इसके लिए कई शिक्षक मेहनत और समर्पण के साथ परिषदीय विद्यालयों का स्तर उठाने में लगे हैं। बांकेगंज ब्लॉक का प्राथमिक विद्यालय रामपुर फुलैया की सूरत अन्य विद्यालयों से काफी जुदा है। यह किसी भी मामले में कॉन्वेंट स्कूलों से कमतर नहीं है। यहां न सिर्फ किताबों का ज्ञान कराया जाता है बल्कि संस्कारों की शिक्षा के साथ अनुशासन का पाठ भी बखूबी पढ़ाया जाता है।

नित नए प्रयोगों के लिए पहचान बना चुके इस विद्यालय के बच्चे काफी प्रतिभावान है। लगातार नए प्रयोगों से अपना लोहा मनवाने वाले इस विद्यालय को अब उसकी खूबियों के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा शुरू अनूठी पहल के तहत प्रशासन ने बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक के लिए चयनित किया। आशीष की नियुक्ति वर्ष 2015 में सहायक अध्यापक के पद पर प्राथमिक विद्यालय रामपुर फुलैया में हुई थी। वर्ष 2015 में विद्यालय की स्थिति एक आम सरकारी विद्यालय की तरह ही थी। बच्चों की अनियमित उपस्थिति, साधारण भौतिक परिवेश, विद्यालय में अनुशासन की कमी आदि कई समस्याएं मौजूद थीं। पूर्व प्रधानाध्यापक अरविंद शर्मा ने विद्यालय को बेहतर बनाने का प्रयास और स्कूल को कायकल्पित किया। उसी विरासत को आशीष श्रीवास्तव वर्तमान इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने सहायक स्टाफ विकास वर्मा व शिक्षा मित्र रीना के साथ मिलकर सात वर्षों में पूरे परिवेश को बदलकर रख दिया।

# पेज एक का शेष

## विश्व के...

संकट के दौरान दुनिया के लिए एक मॉडल के रूप में उभरा। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के विकासशील देशों को एक शक्तिशाली संदेश भेजा है। वह यह कि सीमित संसाधनों के बावजूद लचीलेपन के साथ चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि सातवीं बैठक राष्ट्रीय प्राथमिकताओं की पहचान करने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच महीनों के कठोर विचार-मंथन और परामर्श की परिणति है। भारत की आजादी के 75 साल में पहली बार भारत के सभी मुख्य सचिवों ने एक जगह एक साथ मुलाकात की और तीन दिनों तक राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। इस सामूहिक प्रक्रिया से इस बैठक के एजेंडे का विकास हुआ, मोदी ने गवर्निंग काउंसिल द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों के महत्व पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से भारत को आधुनिक कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर अग्रणी बन सकें।

## राज्यों ने...

सरकारों पर दबाव नहीं डाला जाना चाहिए। उन्होंने कोलकाता में चक्रवात की स्थिति का हवाला देते हुए बैठक बीच में ही छोड़ दी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र से जीएसटी लागू होने के कारण राजस्व की कमी के लिए राज्यों को भुगतान किए गए मुआवजे के लिए पांच साल के विस्तार की मांग को दोहराया और राज्य से कोयले और अन्य प्रमुख खनिजों के लिए रॉयल्टी की दरों में संशोधन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग ने पिछले तीन वर्षों में राज्य के आकांक्षी जिलों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की है। हालांकि, उन्होंने कहा कि राज्य में अभी भी संसाधन की समस्याएं हैं, जिन्हें हल किया जाना चाहिए।

## भारतीय मुक्केबाजों...

इस दौरान मैकडोनल्ड के आंख के ऊपर एक कट भी लग गया जिसके लिए उन्हें टांके लगवाने पड़े और खेल रोकना पड़ा। अपनी लंबाई का इस्तेमाल करते हुए मैकडोनल्ड ने तीसरे राउंड में वापसी की कोशिश की लेकिन एशियाई खेलों के चैम्पियन ने उनके सभी प्रयास नाकाम कर दिए। पंघाल ने सेमीफाइनल में जाम्बिया के तोक्यो ओलंपियन पैट्रिक चिनएम्बा के खिलाफ वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी जो उनके लिए टर्निंग प्वाइंट रही। उन्होंने कहा, यह सबसे कठिन मुकाबला रहा और टर्निंग प्वाइंट भी। मैंने पहला राउंड गंवा दिया था लेकिन अपना सबकुछ लगाकर वापसी कर जीत हासिल की। ब्रिटिश प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ रणनीति के बारे में उन्होंने कहा, वह मुझसे काफी लंबा था और मुझे काफी आक्रामक होना पड़ा ताकि मुक्का मारने के लिए उसकी हाथों के अंदर जा सकूं। यह रणनीति कारगर रही। मेरे कोच ने बढ़िया काम किया क्योंकि हमने रणनीति बनाई और मैंने वैसा ही रिंग में किया।

## एल्डोस पॉल...

तय की। अबूबाकर 17.02 मीटर के प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अबूबाकर ने अपने पांचवें प्रयास में यह दूरी तय की। भारत के ही प्रवीण चित्रावल 16 . 89 मीटर के साथ चौथे स्थान पर रहे। बरमूडा के जाह-एनहाल पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों में त्रिकूद में चार पदक जीते हैं लेकिन यह पहला मौका है जब देश के दो एथलीट ने एक साथ पोडियम पर जगह बनाई है। मोहिंदर सिंह गिल ने 1970 और 1974 में क्रमश: कांस्य और रजत पदक जीता जबकि रंजीत महेश्वरी और अरपिंदर सिंह 2010 और 2014 में तीसरे स्थान पर रहे। भारत की अनु रानी ने भाला फेंक स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली देश ही पहली महिला भाला फेंक खिलाड़ी बन गईं। रानी ने अपने तीसरे प्रयास में 60 मीटर दूर भाला फेंककर तीसरा स्थान हासिल किया।

## चक दे...

दिया। भारत के लिए सोनिका और नवनीत ने गोल दागते हुए टीम की जीत सुनिश्चित की। सविता ने कहा, हम जानते थे कि यह मुकाबला आसान नहीं होगा इसलिए हमने आने से पहले प्रत्येक मिनट और प्रत्एक सेकेंड काम किया। मुझे गर्व है कि हमने बतौर टीम चुनौती पेश की। शूटआउट में गोलकीपर होने के नाते दबाव होने पर उन्होंने कहा कि दबाव हमेशा होता है, लेकिन पूरा श्रेय कोच (यानेक शॉपमैन) को जाता है जिन्होंने मुझे कहा, तुम अच्छी हो, इसलिए खुद पर भरोसा रखो और गेंद को देखती रहो। भारत ने मैच में आक्रामक रुख अपना और कई बार न्यूजीलैंड के सर्कल में प्रवेश किया लेकिन विरोधी टीम के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे।

## इसरो के...

कीजिए। हम आपको जल्द पूरी जानकारी देंगे। अभियान नियंत्रण केंद्र में सोमनाथ द्वारा मिशन की जानकारी दिए जाने से पहले वैज्ञानिकों का उत्साह फीका पड़ गया और वे अपने कम्प्यूटर स्क्रीन पर नजर टिकाए रहे तथा भ्रम की स्थिति में दिखाई दिए। अभी मिशन की सफलता पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है क्योंकि वैज्ञानिक रॉकेट के आंकड़ों का विश्लेषण कर रहे हैं। सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में लगे स्क्रीन पर पृथ्वी अवलोकन उपग्रह और आजादीसैट को योजना के अनुसार अलग होते हुए देखा गया। अपने भरोसेमंद ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी), भूस्थैतिक उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) के माध्यम से सफल अभियानों को अंजाम देने में एक खास जगह बनाने के बाद इसरो ने एसएसएलवी से पहला प्रक्षेपण किया, जिसका उपयोग पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों को स्थापित करने के लिए किया जाएगा।

## घाटी में...

बाहर बसे हुए हैं और आतंकवादी समूह के संघर्ष के खिलाफ जहर फैलाते हैं उनको लक्षित करना उनका लक्ष्य है। जम्मू-कश्मीर में रहने वाले गैर-स्थानीय और कश्मीरी पंडितों की भी पहचान की जानी है और उन्हें निशाना बनाया जाना है। संगठन ने रेखांकित किया है कि जिन पर्यटकों को सामान्य स्थिति दिखाने और तथाकथित कश्मीर प्रतिरोध संघर्ष को प्रदर्शित करने के लिए घाटी की यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, उन्हें भी निशाना बनाया जाना चाहिए।

## उप्र सरकार...

रात अदालत की रीडर कामिनी ने मंत्री राकेश सचान के खिलाफ कोतवाली पुलिस में लिखित शिकायत दी है। शिकायत में कहा गया है कि मंत्री सचान से संबंधित अदालत के हथियार मामले की फाइल उनके वकील के पास थी, जब उन्होंने आदेश पत्र और दोषसिद्धि आदेश सहित कुछ कागजात लिए और अचानक अदालत से गायब हो गए। सचान को तीन दशक पुराने आर्म्स एक्ट मामले में दोषी पाया गया था, सजा की मात्रा तय होने से पहले शनिवार को कानपुर की एक अदालत से जमानत बांड प्रस्तुत किए बिना गायब होने का आरोप लगाया गया। हालांकि मंत्री ने गायब होने के आरोप से इनकार करते हुए दावा किया कि उनका मामला अंतिम फैसले के लिए सूचीबद्ध नहीं था। अभियोजन अधिकारी (पीओ) ऋचा गुप्ता ने कहा कि सचान दोषी ठहराए जाने के तुरंत बाद अदालत कक्ष से चले गए, जब अदालत ने बचाव पक्ष के वकील से सजा की मात्रा पर बहस करने को कहा। अधिकारी ने कहा कि मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्णय वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक के बाद लिया गया था, यह मानते हुए कि बिना कार्रवाई के उन्हें छोड़ने से पीठासीन अधिकारी को परेशानी हो सकती है।

## केंद्रीय कैबिनेट...

शामिल नहीं होगा। लेकिन उस वक्त जदयू अध्यक्ष आरसीपी सिंह ने मोदी कैबिनेट में शामिल होने का खुद फैसला किया था। लल्लन सिंह ने सवाल किया 'आरसीपी सिंह ये दावा करते होंगे कि नीतीश कुमार की मंजूरी के बाद वे मोदी कैबिनेट में शामिल हुए थे। लेकिन नीतीश कुमार ने ऐसा कभी कुछ कहा क्या? जदयू अध्यक्ष ने यह भी कहा कि 2019 विधानसभा चुनाव में जदयू राजद और भाजपा से पिछड़कर तीसरे स्थान पर आ गया क्योंकि नीतीश कुमार साजिश के शिकार हो गए थे, समय आने पर हम साजिशकर्ताओं को सामने लाएंगे। यह व्यापक तौर पर माना जाता है कि चिराग पासवान ने दर्जनों सीटों पर भाजपा की शह पर लोजपा प्रत्याशियों को उतारकर जदयू की संभावनाओं को ठेस पहुंचाई थी। भाजपा इस आरोप से इनकार करती है लेकिन जदयू नेता इससे सहमत नहीं हैं।

## भारतीय पोत...

अत्याधुनिक पोतों का निर्माण करने में सक्षम हैं। देश में निर्मित पहला विमान वाहक पोत विक्रांत इसका चमकता हुआ उदाहरण है। अमेरिकी दूतावास की महावाणिज्य दूत जूडिथ रेविन ने कहा कि यह भारत-अमेरिका रणनीतिक रिश्तों के और पुख्ता होने संकेत हैं।

# महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का विस्तार 15 अगस्त से पहले

## ● उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को मिलेगा गृह विभाग

**भाषा।** नई दिल्ली

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे 15 अगस्त से पहले कम से कम 15 मंत्रियों को शामिल कर अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकते हैं और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के महत्वपूर्ण गृह विभाग संभालने की उम्मीद है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। शीर्ष सरकारी सूत्रों ने यह भी कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण के मुद्दे पर सुनवाई के कारण राज्य में निकाय चुनाव में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत से स्पष्टीकरण मिलने के बाद अक्टूबर में होने की संभावना है।

शिवसेना में बगावत के कारण उद्धव ठाकरे के इस्तीफे के बाद शिंदे और फडणवीस ने क्रमश: 30 जून को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। दोनों तब से दो सदस्ईय मंत्रिमंडल के रूप



में काम कर रहे हैं, जिसकी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार सहित विपक्षी दलों के कई नेताओं ने आलोचना की है। फडणवीस ने रविवार को यहां संवाददाताओं से कहा, अजित पवार विपक्ष के नेता हैं। वह ऐसी बातें कहते रहेंगे। अजित दादा आसानी से भूल जाते हैं कि जब वह सरकार में थे तो पहले 32 दिनों में सिर्फ पांच मंत्री थे।

फडणवीस ने पत्रकारों द्वारा बार-बार पूछे गए सवालों के जवाब में कहा, आपकी सोच से पहले महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। सूत्रों ने कहा कि यह कवायद 15 अगस्त से पहले होगी। शनिवार को मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि मंत्रिपरिषद के विस्तार में देरी के कारण राज्य सरकार का कामकाज किसी भी तरह से प्रभावित नहीं हुआ है और जल्द ही और मंत्रियों को शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों से कहा, सरकार का काम किसी भी तरह से प्रभावित नहीं हुआ है। निर्णय लेने की प्रक्रिया प्रभावित नहीं हुई है। मैं और उपमुख्यमंत्री निर्णय ले रहे हैं और सरकार के कामकाज पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

फडणवीस ने कहा कि भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए 16 ऐसे संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान करके एक मिशन शुरू किया है, जहां विपक्षी दल लगातार जीतते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनमें शिवसेना के उन नेताओं के निर्वाचन क्षेत्र भी शामिल हैं जो अब शिंदे खेमे में शामिल हो गए हैं। फडणवीस ने कहा, चूंकि शिवसेना और भाजपा गठबंधन के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, इसलिए भाजपा इन निर्वाचन क्षेत्रों से मौजूदा लोकसभा सदस्यों की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करेगी।

## श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आने के कारण जम्मू से अमरनाथ यात्रा निलंबित

**जम्मू।** श्रद्धालुओं की संख्या में भारी कमी आने के कारण रविवार को दूसरे दिन यहां भगवती नगर आधार शिविर से अमरनाथ यात्रा निलंबित रही। जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में बुड्ढा अमरनाथ मंदिर के दर्शन करने के लिए 378 यात्रियों का नया जत्था आधार शिविर से रवाना हुआ। अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 43 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा दो मार्गों से 30 जून को शुरू हुई थी और इसे रक्षा बंधन पर श्रावण पूर्णिमा के दिन 11 अगस्त को खत्म होना है। पर्याप्त श्रद्धालु न आने के कारण जम्मू से अमरनाथ यात्रा निलंबित है...हम यात्रा खत्म होने से पहले संभवत: एक और जत्था भेज सकते हैं, लेकिन यह श्रद्धालुओं की संख्या पर निर्भर करेगा। भगवती नगर आधार शिविर पिछले कुछ दिनों से वीरान है, जिसके कारण सामुदायिक रसोई के संचालकों ने वहां से अपना काम समेट लिया है। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो अगस्त को श्रद्धालुओं से खराब मौसम तथा बारिश की भविष्यवाणी के मद्देनजर पांच अगस्त से पहले गुफा मंदिर के दर्शन करने की अपील की थी। इस बीच, 11 दिवसीय बुड्ढा अमरनाथ तीर्थयात्रा पुंछ में श्री दशनामी अखाड़ा से छड़ी मुबारक के रवाना होने के साथ ही आठ अगस्त को खत्म होनी है। रविवार सुबह भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुए श्रद्धालुओं के नए जत्थे में 90 महिलाएं और दो बच्चे शामिल थे। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रा सुचारू रूप से चल रही है और अभी तक हजारों श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं।



भुवनेश्वर में मानसून सत्र के दौरान खेतों में धान की रोपाई करती हुई महिलाएं व ऊपर से निकलता हुआ वायुयान।

# एलएसी पर निगरानी के लिए बहु-भूमिका से लैस ड्रोन विकसित कर रहा एचएएल

**भाषा।** नई दिल्ली

**हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल)** कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित बहु-भूमिका वाला उन्नत ड्रोन विकसित करने पर काम कर रहा है, जो लंबे समय तक संचालन में सक्षम होगा। सूत्रों ने रविवार को बताया कि इस ड्रोन का उपयोग चीन के साथ लगती सीमाओं सहित अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रणनीतिक अभियानों के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस रोटरी-विंग ड्रोन में मिसाइल और सेंसर सहित 40 किलोग्राम भार ले जाने की क्षमता होगी और इसे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से सटे पहाड़ी क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए सशस्त्र बलों की आवश्यकता के मद्देनजर विकसित किया जा रहा है।

सूत्रों ने बताया कि एचएएल ने अगले साल के मध्य तक मानव रहित विमान (यूएवी) की पहली परीक्षण-उड़ान आयोजित करने का लक्ष्य रखा है और परियोजना के पहले चरण में 60 ऐसे ड्रोन का उत्पादन करने की योजना है। उन्होंने कहा कि लंबे समय चलने में सक्षम ड्रोन कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस होंगे और सशस्त्र बल आवश्यक आपूर्ति के परिवहन सहित अन्य उद्देश्यों के लिए इसका उपयोग कर पाएंगे।

एक सूत्र ने कहा, ड्रोन को इस तरह से विकसित किया जा रहा है कि यह सेंसर, मिसाइल और कई अन्य हथियारों सहित महत्वपूर्ण सैन्य उपकरणों को ले जा सकता है। इसके अलावा, एचएएल एक महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत इजरायली हेरॉन टीपी ड्रोन के उत्पादन की संभावना भी तलाश रहा है, जिसमें

ड्रोन निर्माता कंपनी का सहयोग लिया जाएगा। सूत्र ने कहा, इस परियोजना का उद्देश्य हमारे सशस्त्र बलों के साथ-साथ वैश्विक आपूर्ति की आवश्यकता को संबोधित करना है।

मध्यम ऊंचाई वाले हेरॉन ड्रोन 35,000 फुट की ऊंचाई पर लगभग 45 घंटे तक संचालन करने में सक्षम हैं। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड एचएएल, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ दो अलग-अलग ड्रोन परियोजनाओं पर भी काम कर रहा है। सेना अगले कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में ड्रोन हासिल करने की योजना बना रही है ताकि उनकी निगरानी क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके, विशेष रूप से एलएसी और हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी गतिविधियों की निगरानी के मद्देनजर इस कदम को काफी अहम माना जा रहा है।

# संसद निष्क्रिय हो गई है लोकतंत्र सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहा: चिदंबरम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने रविवार को कहा कि वह इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि संसद निष्क्रिय हो गई है। चिदंबरम ने आरोप लगाया कि संस्थानों को नियंत्रित, कमजोर किया जा रहा है या उन पर कब्जा कर लिया गया है और देश में लोकतंत्र सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू सत्र चालू रहने के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा तलब किए जाने से विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को बचाने में असफल रहे। चिदंबरम ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उन टिप्पणियों को खारिज किया जिनमें उन्होंने बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस के प्रदर्शन को राम मंदिर की नींव रखे जाने के दिन से जोड़ा था।

उन्होंने कहा कि जब प्रदर्शन की तारीख तय की गई, उस समय शिलान्यास की वर्षगांठ की बात तो दिमाग में दूर-दूर तक नहीं थी। चिदंबरम ने कहा कि यह तारीख इस बात को ध्यान में रखकर तय की गई थी कि शनिवार को उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान होने के कारण दिल्ली में सभी सांसद मौजूद होंगे। उन्होंने कहा कि तर्क को तोड़ने-मरोड़ने के लिए कोई भी व्यक्ति किसी पर भी दोषारोपण कर सकता है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, पांच अगस्त, 2019 को ही जम्मू-कश्मीर को अवैध रूप से विभाजित किया गया था। शाह ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बढ़ोतरी के मुद्दों को लेकर कांग्रेस द्वारा काले कपड़े पहनकर किए गए प्रदर्शन को पार्टी की तुष्टीकरण की नीति बताया था और कहा था कि उसने पांच अगस्त, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राम मंदिर की आधारशिला रखे जाने का विरोध करने के लिए यह प्रदर्शन किया।

# भाजपा ने बलात्कार कानून से जुड़े मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान की आलोचना की

**जयपुर।** भाजपा ने रविवार को बलात्कार कानून को लेकर दिए गए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान की आलोचना की और आरोप लगाया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री राज्य में मासूम बच्चियों के खिलाफ अत्याचार की बढ़ती घटनाओं को रोकने में अपनी सरकार की विफलतों को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि मुख्यमंत्री का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। शेखावत ने कहा, अशोक गहलोत का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। पिछले तीन साल में राजस्थान मासूम बच्चियों पर अत्याचार का केंद्र बना हुआ है। इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता कि अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए विवादित बयान देकर मुद्दे को तूल दिया जा रहा है। राजस्थान विस में प्रतिपक्ष के उपनेता राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि फांसी की सजा के प्रावधान से बलात्कार के बाद हत्या की घटनाओं के बढ़ने को लेकर मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा दिया गया बयान दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, जो गृह विभाग के मुखिया भी हैं, बेतुके बयान देकर राज्य में बढ़ते बलात्कार के मामलों में अपनी सरकार की नाकामी से बच नहीं सकते है।

गहलोत ने शुक्रवार को दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए महंगाई, अग्निवीर योजना, भ्रष्टाचार, लोकतंत्र, बेरोजगारी और अपराध जैसे विभिन्न मुद्दो पर बात की थी। निर्भया कांड के बाद बलात्कार के दोषियों के लिए फांसी का नया कानून आ गया, जिसके कारण बलात्कार बाद होने वाली हत्या की घटनाओं में इजाफा हुआ है। बलात्कार करने वाला, अब देखता है कि यह तो कल मेरे खिलाफ गवाह बन जाएगी और बच्चियों की हत्या कर देता है। पूरे देश में यह एक खतरनाक रुझान दिख रहा है, जैसी की रिपोर्ट आ रही है। पिछली भाजपा सरकार में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपियों को मौत की सजा का प्रावधान करने का कानून बनाया गया था। दुर्भाग्य से मासूम बच्चियों से बलात्कार की घटनाओं पर लगाम लगाने में नामाक रहने वाले मुख्यमंत्री अब फांसी की सजा के प्रावधान का विरोध कर रहे हैं। राठौड़ ने कहा, अगर आपमें इस कानून के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव लाने की हिम्मत है, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में प्रतिदिन 16 बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन गहलोत ने कहा कि बलात्कार के 48 प्रतिशत मामले झूठे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बार-बार इस तरह की बयानबाजी कर बलात्कारियों का मनोबल तोड़ने की बजाय, उनका मनोबल बढ़ाने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी शशिकांत शर्मा ने कहा कि उन्होंने (गहलोत) ने बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ते अपराधों पर बयान दिया था, जिसे भाजपा के आईटी सेल ने विकृत तरीके से पेश किया है। गहलोत का एक वीडियो ट्विटर पर साझा करते हुए जयपुर में उनके एक अन्य ओएसडी

# लंपी त्वचा रोग : पंजाब सरकार ने 66,000 से अधिक टीके खरीदे

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब सरकार** ने राज्य में मवेशियों में लंपी त्वचा रोग के प्रसार की रोकथाम के लिए हैदराबाद से बकरी के चेचक के टीके की 66,000 से अधिक खुराकें खरीदी हैं। पंजाब के पशुपालन, मत्स्य पालन और डेयरी विकास मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने रविवार को कहा कि यह टीके स्वस्थ पशुओं को निशुल्क लगाए जाएंगे। लंपी त्वचा रोग कैप्रीपोक्स वायरस के कारण होता है, जो गायों और भैंसों को संक्रमित करता है। संक्रमण के चलते जानवर का वजन घटने लगता है और दूध की मात्रा कम होने के साथ-साथ बुखार और मुंह में घाव हो सकते हैं। कुछ मामलों में इसके कारण रोगग्रस्त पशुओं की मौत भी हो जाती है।

पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड, गुजरात और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह इस बीमारी के प्रकोप की चपेट में हैं। शनिवार तक के आंकड़ों के मुताबिक, पंजाब में पिछले एक महीने में लंपी त्वचा रोग के कारण 400 से अधिक मवेशियों की मौत हो चुकी है और लगभग 20,000 संक्रमित हो चुके हैं, जिनमें ज्यादातर गाय हैं।

भुल्लर ने रविवार को खेमकरन निर्वाचन क्षेत्र के कुछ डेयरी फार्म का दौरा करने के बाद कहा कि विशेष रूप से हैदराबाद से मंगवाए गए बकरी के चेचक के टीके राज्य के सभी जिलों में भेजे गए हैं और डॉक्टरों ने इनकी खुराक देना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब में भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार इस बीमारी के प्रसार की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। मंत्री ने कहा कि उनके विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार विभागों के संपर्क में हैं कि टीके की खुराक की कोई कमी नहीं हो।



मैसूर में दसारा उत्सव के लिए पारंपरिक परिधान में सजे हुए हाथी।

# सिख एवं हिंदू रात में चैन से नहीं सो पाते थे: अफगान सिख महिला

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में पिछले साल तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद से दो बच्चों की मां मनप्रीत कौर ने काबुल स्थित अपने घर से शायद ही कभी बाहर कदम रखा और उनके बच्चों को बाहर की दुनिया के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। कौर और उनके परिवार की दुनिया तीन अगस्त को उस समय बदल गई, जब वे शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी), इंडियन वर्ल्ड फोरम और केंद्र सरकार की मदद से 28 अफगान सिखों के एक समूह के साथ भारत पहुंचीं। कौर ने तालिबान के शासन में अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा, अल्पसंख्यक होने के कारण निशाना बनाए जाने का लगातार खतरा बना रहता था। काबुल में सिख एवं हिंदू परिवार रात में चैन से नहीं सो पाते थे। उपासना स्थल सुरक्षित नहीं हैं। गुरुद्वारा करता-ए-परवान पर 18 जून को आतंकवादियों ने हमला किया।


उन्होंने कहा, हमें अपने घर से बाहर निकलने से पहले 10 बार सोचना पड़ता था। हमारे बच्चों के घर से बाहर निकलने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। यदि हमें बाहर निकलना होता था, तो हमें अपने चेहरों को ढकना होता था। उन्होंने दावा किया कि अफगानिस्तान में अधिकतर अल्पसंख्यकों की शिक्षा तक कोई पहुंच नहीं थी क्योंकि बच्चों को स्कूल भेजने का अर्थ था, उनके जीवन को खतरे में डालना।

कौर ने कहा, यदि कोई बच्चा किसी शैक्षणिक संस्थान में जाता है, तो उसे वहां परेशान किया जाता है। जो लोग पढ़ना चाहते हैं, उनमें से अधिकतर भारत आ जाते थे। अफगानिस्तान से तीन अगस्त को भारत पहुंचे एक अन्य सिख तरणजीत सिंह का तीन वर्षीय बेटा हृदय संबंधी बीमारी से पीड़ित है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों तक पहुंचने में दिक्कत होने के कारण उनके बेटे को काबुल में उचित उपचार नहीं मिल पाया।

# जलवायु परिवर्तन से मौसम के लिए पूर्वानुमान लगाना मुश्किल: आईएमडी महानिदेशक

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन ने मौसम संबंधी गंभीर घटनाओं की सटीक भविष्यवाणी करने की पूर्वानुमान एजेंसियों की क्षमता को प्रभावित किया है। उन्होंने बताया कि दुनियाभर की मौसम एजेंसियां अपने निगरानीअवलोकन नेटवर्क और मौसम पूर्वानुमान मॉडल में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। महापात्रा ने यह भी कहा कि हालांकि, देश में मानसूनी बारिश का कोई स्पष्ट रुझान देखने को नहीं मिला है, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण भारी वर्षा के मामले बढ़े हैं, जबकि हल्की बारिश की घटनाओं में कमी दर्ज की गई है। भारत में मानसून पर जलवायु परविर्तन के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हमारे पास 1901 से लेकर अब तक का मानसूनी बारिश का डेटा उपलब्ध है। इसके तहत उत्तरी, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में बारिश में कमी, जबकि पश्चिम में कुछ क्षेत्रों, मसलन पश्चिमी राजस्थान में वर्षा में वृद्धि की बात सामने आती है। महापात्रा ने कहा, पूरे देश पर गौर करें तो मानसूनी बारिश का कोई स्पष्ट रुझान नजर नहीं आता। मानसून अनियमित है और इसमें व्यापक स्तर पर उतार-चढ़ाव देखने को मिलते हैं।

केंद्र सरकार ने 27 जुलाई को संसद को बताया था कि उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मेघालय और नगालैंड में बीते 30 वर्षों (1989 से 2018 तक) में दक्षिण-पश्चिमी मानसून से होने वाली बारिश में उल्लेखनीय कमी देखी गई है। इन पांच राज्यों और अरुणाचल प्रदेश व हिमाचल प्रदेश में वार्षिक औसत बारिश में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। महापात्रा ने कहा कि हालांकि, 1970 से लेकर अब तक के बारिश के दैनिक डेटा के विश्लेषण से पता चलता है कि देश में भारी वर्षा के दिनों में वृद्धि हुई है, जबकि हल्की या मध्यम स्तर की बारिश के दिनों में कमी आई है। उन्होंने साक्षात्कार में कहा, इसका मतलब है कि अगर बारिश नहीं हो रही है तो यह एकदम नहीं हो रही है। और अगर बारिश हो रही है तो बहुत ज्यादा पानी बरस रहा है। कम दबाव वाला क्षेत्र बनने पर बारिश अधिक तीव्र होती है। यह भारत सहित उष्णकटिबंधीय बेल्ट में देखे जाने वाले सबसे महत्वपूर्ण रुझानों में से एक है। अध्ययनों ने साबित किया है कि भारी बारिश की घटनाओं में वृद्धि और हल्की वर्षा के दिनों में कमी जलवायु परिवर्तन का नतीजा है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी ने समझाया कि जलवायु परिवर्तन ने सतह पर बहने वाली हवाओं के तापमान में वृद्धि की है, जिससे



वाष्पीकरण दर में इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि चूंकि, गर्म हवा में अधिक नमी होती है, लिहाजा यह तीव्र बारिश का कारण बनती है।

जलवायु परिवर्तन ने वायुमंडल में अस्थिरता बढ़ा दी है, जिससे संवहनी गतिविधियों, मसलन बादल गरजने, बिजली कड़कने और भारी बारिश होने के मामलों में वृद्धि हुई है। अरब सागर में चक्रवातों की तीव्रता भी बढ़ती जा रही है। चरम मौसम घटनाओं की आवृत्ति में वृद्धि पूर्वानुमानकर्ताओं के लिए चुनौती पेश कर रही है। अध्ययनों से पता चला है कि जलवायु परिवर्तन के कारण भारी वर्षा की भविष्यवाणी करने की क्षमता प्रभावित हुई है। महापात्रा के मुताबिक, आईएमडी राडार, स्वचालित मौसम केंद्रों, वर्षा गेज और उपग्रहों की संख्या में वृद्धि के जरिए अपने अवलोकनानिगरानी नेटवर्क को मजबूत कर रहा है, ताकि पूर्वानुमान लगाने की उसकी क्षमता में सुधार आ सके।

उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में भारत मौसम विज्ञान विभाग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अवलोकनानिगरानी नेटवर्क, मौसम मॉडल और कंप्यूटिंग प्रणाली में विस्तार के कारण चरम मौसम घटनाओं, मसलन चक्रवात, भारी बारिश, तूफान, लू, शीतलहर और कोहरे को लेकर सटीक अनुमान लगाने की आईएमडी की क्षमता में 30 से 40 प्रतिशत का सुधार हुआ है। महापात्रा ने बताया कि आईआईटीएम और एनसीएमआरडब्ल्यूएफ जैसे सहयोगी संगठन वायुमंडल, जबकि आईएनसीओआईएस महासागरों की स्थिति का मॉडल तैयार करते हैं, जिससे आईएमडी के पूर्वानुमान में सुधार आता है। उन्होंने कहा, हमने उत्तर-पश्चिमी हिमालय में छह राडार तैनात किए हैं और चार अन्य राडार इस साल के अंत तक लगाए जाएंगे। पूर्वोत्तर हिमालई क्षेत्र में आठ राडार की तैनाती के लिए खरीद प्रक्रिया जारी है। आईएमडी प्रमुख ने कहा, देश के बाकी हिस्सों में कुछ गैप एरिया (बिना राडार वाले इलाके) हैं, जिनमें 11 राडार तैनात किए जाएंगे। राडार की संख्या वर्तमान में 34 से बढ़कर 2025 तक 67 हो जाएगी।

# विपक्ष में उभरे मतभेद, कांग्रेस-टीएमसी में घमासान तेज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है लेकिन कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बीच जुबानी जंग शुरू होने के साथ विपक्षी दलों में कड़वाहट बढ़ती दिख रही है। इन चुनावों में विपक्षी दलों के उम्मीदवारों की हार अपेक्षित थी, लेकिन कई लोगों को तब हैरानी हुई जब विपक्ष के बीच राजनीतिक मतभेद उजागर हो गया। विश्लेषकों का कहना है कि दोनों मुख्य विपक्षी दलों के वाकयुद्ध में उतरने और टीएमसी के उपराष्ट्रपति चुनाव से दूरी बनाने के फैसले से 2024 के आम चुनाव की लिए तैयारी कर रहे विपक्ष के मनोबल पर असर पड़ा है और उनकी राजनीतिक संभावना को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है।

कांग्रेस और टीएमसी राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष का साझा उम्मीदवार तय करने के लिए श्रेय लेने की होड़ में थी लेकिन उपराष्ट्रपति चुनाव के दौरान दोनों के मतभेद उजागर हो गए। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मार्गरेट आल्वा को विपक्ष ने सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के जगदीप धनखड़ के खिलाफ उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मैदान में उतारा, लेकिन ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी ने घोषणा की कि पार्टी चुनाव से दूर रहेगी क्योंकि उम्मीदवार पर फैसला करने से पहले कोई उचित परामर्श नहीं हुआ। आल्वा की पहली प्रतिक्रिया कठोर थी , जिसमें उन्होंने कहा कि यह अहंकार या क्रोध का समय नहीं है, बल्कि साहस, नेतृत्व और एकजुटता का समय है। हालांकि, उन्हें उम्मीद थी कि बनर्जी साथ देंगी और उनका समर्थन करेंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

हार के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सार्वजनिक टिप्पणी में टीएमसी को लेकर नाराजगी प्रकट की। रमेश ने ट्वीट कर कहा कि मार्गरेट आल्वा ने एक उत्साही अभियान चलाया और यह बहुत बुरा है कि टीएमसी ने उनका समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी पहली महिला उपराष्ट्रपति के लिए इंतजार करना होगा। आल्वा ने चुनाव में उनका समर्थन नहीं करने को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समर्थन करके, कुछ दलों और उनके नेताओं ने अपनी विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाया है। आल्वा ने कहा कि यह चुनाव विपक्ष के लिए साथ मिलकर काम करने, अतीत को भुलाने और विश्वास बहाल करने का अवसर था। आल्वा ने कहा, चुनाव संपन्न हो गया। हमारे संविधान की रक्षा करने, लोकतंत्र को मजबूत बनाने और संसद की गरिमा बहाल करने के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

वहीं, टीएमसी नेता साकेत गोखले ने एक टीवी चैनल पर कहा कि कांग्रेस टीएमसी की सहयोगी नहीं है और वे समान विचारधारा वाली पार्टियां थीं। उन्होंने उपराष्ट्रपति चुनाव के बाद कहा, कांग्रेस ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ पश्चिम बंगाल में टीएमसी के खिलाफ लड़ाई लड़ी। जिस तरह से विपक्षी उम्मीदवार का फैसला किया गया था, उसके कारण हमने दूर रहने का फैसला किया। टीएमसी के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने रविवार को धनखड़ को उनकी जीत पर बधाई दी और कहा, आशा और कामना है तथा आग्रह है कि आप उन सभी लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे, जिन्होंने आपको वोट दिया और समर्थन किया और जो अनुपस्थित रहे या मतदान या समर्थन नहीं किया। विपक्षी दलों में मतभेद ही नहीं उजागर हुए बल्कि इन दलों को चुनावों में क्रॉस वोटिंग का भी सामना करना पड़ा। राष्ट्रपति चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने विपक्षी दलों के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का समर्थन करने के बजाय राजग उम्मीदवार का साथ दिया।

# इजराइली हमले में एक और इस्लामिक जिहादी कमांडर की मौत

**एपी। गाजा सिटी**

**इजराइल** ने रविवार को कहा कि उसने गाजा के भीड़भाड़ वाले शरणार्थी शिविर के वरिष्ठ इस्लामिक जिहाद कमांडर को मार गिराया है। आतंकी समूह के खिलाफ उच्च-स्तरीय सैन्य अभियान के तहत एक सप्ताह के भीतर इजराइल का इस तरह का यह दूसरा लक्षित हमला है। ईरान समर्थित उग्रवादी समूह ने हमले के जवाब में इज़राइल पर सैकड़ों रॉकेट दागे हैं, और सीमा पार से इस लड़ाई के एक पूर्ण युद्ध में बदलने का जोखिम बना हुआ है। गाजा पर शासन करने वाला उग्रवादी समूह हमास अब भी इस संघर्ष से किनारा करता दिखाई दे रहा है। इस्लामिक जिहाद कमांडर खालिद मंसूर शनिवार देर रात दक्षिणी गाजा में राफा शरणार्थी शिविर में एक अपार्टमेंट की इमारत पर हवाई हमले में मारा गया।

हमले में दो अन्य आतंकवादी और पांच नागरिक भी मारे गए, जिससे शुक्रवार को इजराइली हमले की शुरुआत के बाद से फलस्तीन में अब तक 31 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में छह बच्चे और चार महिलाएं भी शामिल हैं। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शुक्रवार से अब तक 250 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इज़राइल का कहना है कि कुछ मौत गलत तरीके से किए गए रॉकेट हमले में हुई है, इसमें उत्तरी गाजा में स्थित जेबालिया शरणार्थी शिविर की एक घटना भी शामिल है, जिसमें शनिवार को छह फिलिस्तीनी मारे गए थे। इजराइल द्वारा फलस्तीनी उग्रवादी समूह के इस्लामिक जिहाद के एक वरिष्ठ कमांडर को शुक्रवार को मार गिराए जाने के बाद यह लड़ाई शुरू हुई। इजराइली सेना ने कहा कि शनिवार देर रात फलस्तीनी आतंकवादियों द्वारा दागा गया रॉकेट उत्तरी गाजा के जबालिया शहर में ही गिर गया जिससे बच्चों समेत कई लोगों की मौत हो गई। सेना ने कहा



कि उसने घटना की जांच की और बिना किसी शक के यह निष्कर्ष निकाला कि इस्लामिक जिहाद का निशाना चूकने की वजह से रॉकेट गाजा के शहर में गिरा। फलस्तीन ने इजराइल को हमले का जिम्मेदार ठहराया, जबकि इजराइल ने कहा कि वह इस बात की जांच कर रहा है कि क्या यह रॉकेट किसी गलत क्षेत्र से दागा गया था। हमले के दौरान कमांडर मंसूर समूह के एक सदस्य के अपार्टमेंट में था। इस हमले में तीन मंजिली इमारत नष्ट हो गई और आसपास के घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। हमले में लक्षित इमारत के निकट घर में रहने वाले विसम जौडा ने कहा, अचानक, बिना किसी चेतावनी के हमारे पास वाले घर पर बमबारी की गई और पलक झपकते ही सब कुछ काला और धुंधला हो गया। एक अन्य पड़ोसी अहमद अल-कैसी ने कहा कि छेंं लगने से घायल होने वालों में उनकी पत्नी और बेटा भी शामिल हैं। बचावकर्मियों के लिए रास्ता बनाने के लिए अल-कैसी ने अपने घर के एक हिस्से को गिराने पर सहमति व्यक्त की। रविवार दोपहर को गाजा पट्टी में मंसूर की अंतएष्टि शुरू होने के बाद, इजराइली सेना ने बताया कि उसकी ओर से इस्लामी जिहाद रॉकेट लॉन्च पोस्ट पर हमला किया जा रहा था। हमलों के बाद वहां से निकलने वाला धुंआ देखा जा सकता था। इन हमलों के विस्फोटों ने गाजा को हिला कर रख दिया। इससे पहले शनिवार को इजराइल के युद्धक विमानों ने गाजा सिटी में चार रिहायशी इमारतों को नष्ट कर दिया। ए सभी इमारतें इस्लामिक जिहाद से संबद्ध बताई जाती हैं। अभी हताहतों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। प्रत्एक हमले से पहले इजराइली सेना ने नागरिकों को आगाह किया था। शनिवार को ही एक कार पर हुए हमले में 75 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसका अनुमान है कि हमलों में करीब 15 आतंकवादी मारे गए हैं। इजराइल द्वारा गाजा में मंगलवार के बाद से सभी सीमा चौकियों को बंद किए जाने के कारण शनिवार दोपहर से गाजा के इकलौते बिजली संयंत्र ने ईंधन की कमी की वजह से काम करना बंद कर दिया। इससे गाजा के निवासियों को एक दिन में महज चार घंटे ही बिजली मिल पाएगी। राफा में हुआ हमला, संघर्ष के मौजूदा दौर में अब तक का सबसे घातक हमला था, जिसे इज़राइल ने शुक्रवार को उत्तरी गाजा के इस्लामिक जिहाद कमांडर की लक्षित हत्या के साथ शुरू किया था।

## लंपी रोग से बचाव के लिए टीकाकरण जरूरी

**वाशिंगटन।** एक प्रमुख भारतीय-अमेरिकी पशु चिकित्सक ने लंपी त्वचा रोग (एलएसडी) को फैलने से रोकने के लिए मवेशियों के सामूहिक टीकाकरण और एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में आवाजाही पर तत्काल प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है। इस संक्रमण की वजह से भारत में हजारों गायों और भैंसों की मौत हुई है। पिछले कुछ हफ्तों में राजस्थान और गुजरात में 3,000 से अधिक और पंजाब में 400 से ज्यादा मवेशियों की मौत वायरल संक्रमण के कारण हुई है। यह संक्रमण मवेशियों में लंबे समय तक रुग्णता का कारण बनता है। राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (आरएएनए) के सदस्यों ने मवेशियों को बीमारी से बचाने के प्रयासों में अपने गृह राज्य के किसानों का सहयोग करने के लिए तैयारी शुरू की है। रवि मुरारका ने शनिवार को कहा कि मवेशियों का सामूहिक टीकाकरण और एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में आवाजाही पर तत्काल रोक लगाना दो प्रमुख कदम हैं।

रोहिंग्या शरणार्थियों की वापसी का मामला

# बांग्लादेश ने चीन से मांगी सहायता

**एपी। ढाका**

**बांग्लादेश** ने रविवार को चीन के विदेश मंत्री वांग ई की यात्रा के दौरान रोहिंग्या शरणार्थियों को म्यांमा वापस भेजने के लिए चीन से सहयोग मांगा। वांग ने दक्षिण एशियाई देशों में बेहतर व्यापार संबंधों, निवेश और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए समर्थन का वादा किया। चीन ने म्यांमा में अपने प्रभाव का इस्तेमाल नवंबर 2017 के उस समझौते को लेकर सहमति बनाने के लिए किया था जो उस साल अगस्त में म्यांमा में उत्पीड़न के चलते भागे लगभग 700,000 रोहिंग्या मुस्लिम शरणार्थियों को वापस भेजने को लेकर था।

शरणार्थियों को उन्हें वापस भेजने के प्रयासों के बावजूद, शरणार्थियों ने म्यांमा में खतरे के डर से जाने से इनकार कर दिया था, जो पिछले साल सेना के सत्ता में काबिज होने के बाद से बढ़ गया है। वांग ई शनिवार शाम ढाका पहुंचे थे और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और विदेश मंत्री ए के अब्दुल मोमेन से मुलाकात की। बांग्लादेश के विदेश मामलों के कनिष्ठ मंत्री शहरयार आलम ने कहा कि रविवार सुबह उनके जाने से पहले उन्होंने द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

बांग्लादेश के चीन के साथ मजबूत संबंध हैं, जो ज्यादातर कच्चे माल के लिए एक प्रमुख व्यापार भागीदार है। हालांकि बीजिंग के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखना बांग्लादेश के लिए चुनौतीपूर्ण है, जो चीन के मुख्य प्रतिद्वंद्वियों भारत और अमेरिका के साथ भी राजनयिक और व्यापार संबंधों को संतुलित करता है। बांग्लादेश में 500 से ज्यादा चीनी कंपनियां सक्रिय हैं। चीन देश की सभी प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं जैसे बंदरगाह, एक नदी सुरंग और राजमार्गों में शामिल है। साथ ही चीन ने बांग्लादेश को 3.6 अरब डॉलर की लागत से पद्मा नदी पर सबसे बड़ा पुल बनाने में मदद की। चीन और ताइवान के मध्य हालिया तनाव के बीच, बांग्लादेश ने एक-चीन नीति के प्रति अपना समर्थन दोहराते हुए एक बयान जारी किया। 2008 में चुनाव जीतने के बाद, हसीना सरकार ने चीन के एक अनुरोध पर ढाका में ताइवान के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय को बंद कर दिया था और तब से चीन ने बांग्लादेश में अपनी भागीदारी बढ़ा दी है।

बांग्लादेश का कपड़ा उद्योग कच्चे माल के लिए चीन पर बहुत अधिक निर्भर है। कपड़ा निर्यात से बांग्लादेश को 80 प्रतिशत से अधिक विदेशी मुद्रा आती है। राष्ट्रपति के प्रेस सचिव एहसानुल करीम ने कहा कि रविवार को वांग ई ने एक शिष्टाचार मुलाकात के दौरान हसीना से कहा कि उनका देश बांग्लादेश को रणनीतिक विकास भागीदार मानता है और उसका समर्थन करना जारी रखेगा। यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश एजेंसी ने बताया कि वांग ई ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सभी मुद्दों पर बांग्लादेश के साथ खड़े होने का भी वादा किया। मंत्री आलम ने कहा कि वांग ई ने बांग्लादेशी विदेश मंत्री को समझाया कि कुछ देश चीन को गलत समझते हैं और गलत व्याख्या करते हैं। उन्होंने इस संबंध में विस्तार से नहीं बताया। चीन ने रोहिंग्या संकट को हल करने के लिए लगातार काम करने का वादा किया और वांग ई के हवाले से कहा कि म्यांमा में आंतरिक चुनौतियां न केवल बांग्लादेश को बल्कि अन्य देशों को भी परेशान कर रही हैं। हमारे विदेश मंत्री ने दृढ़ता से दोहराया कि चीनी सहयोग की आवश्यकता है। चीन ने रोहिंग्या मुद्दे को सुलझाने में प्रगति की है और हमें स्थिति को समाप्त करने की आवश्यकता है।



ताइवान में समुद्र के किनारे सैरसपाटा करते पर्यटक

# सीएआई ने मोदी को लिखा पत्र, खाद्य सुरक्षा में अहम भूमिका निभा सकती हैं मधुमक्खियां

**भाषा। नई दिल्ली**

**मधुमक्खी** पालन के समग्र विकास के लिए गठित एपीकल्चर उद्योग परिसंघ (सीएआई) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि दलहन और तिलहन उत्पादन सहित खाद्य सुरक्षा में मधुमक्खियां अहम भूमिका निभा सकती है। सीएआई के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड के कार्यकारिणी सदस्य देवव्रत शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया, मधुमक्खी पालन विकास समिति (बीडीसी) ने देश की खाद्यान्न सुरक्षा में मधुमक्खियों की पर-परागण की अहम भूमिका को देखते हुए इस क्षेत्र के भरपुर विकास के संदर्भ में प्रधानमंत्री को अपनी सिफारिशें सौंपी हैं।



शर्मा प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के तहत बनी बीडीसी के सदस्य भी हैं। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह सीएआई संचालन परिषद की पांचवीं बैठक थी, जिसमें लगभग सभी अंशधारकों ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए बीडीसी की सिफारिशों को लागू करने के संबंध में कृषि सचिव मनोज आहुजा एक पत्र भी सौंपा गया। शर्मा ने बताया कि रविवार को होने वाली नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक में तिलहन और दलहन के मुद्दे पर भी विचार किए जाने का प्रस्ताव है। इस बैठक में देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में सीएआई ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि दलहन-तिलहन का उत्पादन बढ़ाने में मधुमक्खी पालन की अहम भूमिका होने के कारण, इसकी खेती के लिए मधुमक्खी कॉलोनियां लगवाने को प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह सेब फल का उत्पादन बढ़ाने के लिए पेड़ में फूल आने के दिनों में मधुमक्खी पालकों से मधुमक्खी कॉलोनियां लगवाई जाती हैं और इस काम के लिए राज्य सरकारों की ओर से उन्हें प्रति कॉलोनी ।,500 रुपए प्रति माह के हिसाब से भुगतान किया जाता है। उसी तरह दलहन, तिलहन की खेती में भी पर-परागण करने के लिए मधुमक्खी कॉलोनी लगवाई जाएं और मधुमक्खी पालकों को उसके लिए भुगतान की व्यवस्था की जाए।

# वोडाफोन आइडिया ने कहा, उद्योग को नियमित अंतराल पर टैरिफ बढ़ाने की जरूरत

**भाषा। नई दिल्ली**

**दूरसंचार** परिचालक वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने कहा कि उद्योग को नियमित अंतराल पर मोबाइल टैरिफ बढ़ाने की जरूरत है। कंपनी का कहना है कि टैरिफ अभी भी काफी कम हैं और बढ़ोतरी से इसे उचित प्रतिफल पाने तथा भविष्य में निवेश करने में मदद मिलेगी।

आदित्य बिड़ला समूह और वोडाफोन समूह के संयुक्त उद्यम ने कहा कि प्रति उपयोगकर्ता राजस्व ऐतिहासिक रुझानों की तुलना में कम है। पिछले साल सरकार द्वारा इस क्षेत्र को राहत पैकेज देने के बाद कंपनी को नई जिंदगी मिली थी। सभी तीन निजी दूरसंचार परिचालकों - रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने पिछले साल में डेटा के लिए शुल्क बढ़ाया है। इन कंपनियों के प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) में भी बढ़ोतरी हुई है। वीआईएल ने अपनी नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में कहा, उद्योग अभी भी अनिश्चित रूप से कम टैरिफ पर चल रहा है।

कंपनी ने आगे कहा, भारत में आज भी वैश्विक स्तर पर सबसे कम टैरिफ है, जबकि असीमित डेटा पैक के चलते भारत दुनिया में सबसे अधिक डेटा उपयोग (प्रति ग्राहक) करने वाले देशों में शामिल है। वीआईएल ने कहा, इस प्रकार कंपनी का मानना है कि उद्योग को नियमित अंतराल पर टैरिफ बढ़ाना होगा, जो परिचालकों के लिए अपनी पूंजी पर उचित प्रतिफल पाने और नई प्रौद्योगिकियों सहित भविष्य के निवेश का समर्थन करने के लिए जरूरी है। वीआईएल के 31 मार्च 2022 तक 24.38 करोड़ ग्राहक थे, जिनमें से 11.81 करोड़ 4जी उपयोगकर्ता थे।

# मारुति सुजुकी का चालू वित्त वर्ष में 20 लाख वाहनों के उत्पादन का लक्ष्य

● कंपनी के चेयरमैन आरसी भार्गव ने वार्षिक रिपोर्ट में दिया संदेश

**भाषा। नई दिल्ली**

**देश** की सबसे बड़ी कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया ने सेमीकंडक्टर की आपूर्ति में सुधार से चालू वित्त वर्ष में करीब 20 लाख इकाइयों के उत्पादन का लक्ष्य रखा हुआ है जिसके लिए वह अपने उत्पादन में बढ़ोतरी भी करेगी। कंपनी के चेयरमैन आर सी भार्गव ने वित्त वर्ष 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को दिए गए अपने संदेश में कहा है कि चालू वित्त वर्ष में 20 लाख इकाइयों के उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने में नया एसयूवी मॉडल ग्रैंड विटारा एक अहम भूमिका निभाएगा। पिछले वित्त वर्ष में मारुति सुजुकी का उत्पादन 13.4 प्रतिशत बढ़कर 16.52 लाख इकाई रहा। अप्रैल-जून 2021 में महामारी की दूसरी लहर के कारण उत्पादन गतिविधियों पर पड़े प्रतिकूल प्रभाव के बावजूद कंपनी ने यह उत्पादन आंकड़ा हासिल किया था। इसके अलावा सेमीकंडक्टर की आपूर्ति बाधित होने से भी कंपनी मांग के अनुरूप वाहनों की बिक्री नहीं कर पाई।

भार्गव ने कहा, वित्त वर्ष 2021-22 के अंत में हम बुकिंग के बावजूद करीब 2.7 लाख वाहनों की आपूर्ति नहीं कर पाए। घरेलू बाजार में आपूर्ति कम होने की वजह से इसकी बाजार हिस्सेदारी भी करीब 50 फीसदी से कम होकर 43.4 फीसदी पर आ गई थी। भारतीय वाहन विनिर्माताओं के संगठन सायम के आंकड़ों के मुताबिक, घरेलू बाजार में वर्ष 2021-22 में कुल 30,69,499 यात्री वाहनों की बिक्री हुई थी जबकि एक साल पहले 27,11,457 इकाई की बिक्री हुई थी। भार्गव ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अपना आकलन पेश करते हुए कहा, "सेमीकंडक्टर की उपलब्धता बेहतर होने से वाहन उत्पादन की स्थिति बेहतर होगी। अपना उत्पादन बढ़ाने के लिए हमने कुछ कदम भी उठाए हैं। हमने इस आंकड़े को 20 लाख इकाई तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। वैसे इसे हासिल कर पाना एक चुनौती होगी। हालांकि उन्होंने कहा कि ग्रैंड विटारा मॉडल का उत्पादन टोयोटा के संयंत्र में होने से मारुति सुजुकी के लिए उत्पादन बढ़ाने की चुनौती को पूरा करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ग्रैंड विटारा मॉडल के आने से एसयूवी खंड में कंपनी की स्थिति मजबूत होगी। इसके अलावा कंपनी ने हाल ही में अपनी पुरानी एसयूवी ब्रेजा को नए अवतार में उतारा है। इलेक्ट्रिक वाहनों के संदर्भ में कंपनी चेयरमैन ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 से सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के गुजरात संयंत्र में इलेक्ट्रिक मॉडलों का उत्पादन शुरू हो जाएगा और मारुति इनकी बिक्री करेगी। हालांकि उन्होंने कहा कि ईवी मॉडल के कार बाजार में अहम स्थान लेने में अभी वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी ने अपनी भावी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हरियाणा के खरखोडा में नया उत्पादन संयंत्र लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस संयंत्र के पहले चरण पर 11,000 करोड़ रुपए निवेश किए जाएंगे।

## बीमा नियामक शिकायत निवारण तंत्र में करेगा सुधार

**नई दिल्ली।** बीमा नियामक इरडाई शिकायत निवारण को अधिक कुशल बनाने के लिए जल्द ही एक नया शिकायत निवारण तंत्र शुरू करेगा जिसमें ग्राहकों को क्षेत्रीय भाषाओं में अपनी शिकायत दर्ज कराने का विकल्प मिलेगा। सूत्रों ने कहा कि 2011 में शुरू की गई एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीएमएस) को ग्राहकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के मकसद से उन्नत किया जा रहा है। इसका नाम बदलकर बीमा भरोसा रखा जाना है। सूत्रों ने कहा कि भारतीय बीमा नियामकीय एवं विकास प्राधिकरण (इरडाई) का नया पोर्टल ऑनलाइन शिकायतों को दर्ज करने और उन पर नजर रखने का एक जरिया होगा। साथ ही यह बीमा कंपनियों द्वारा शिकायतों के निपटान की निगरानी भी करेगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थाओं के खिलाफ शिकायतों के पंजीकरण से लेकर, विभिन्न चरणों के माध्यम से शिकायतों के प्रसंस्करण और शिकायतों के अंतिम समाधान तक सभी सुविधाएं इस पोर्टल पर मौजूद होंगी। उन्होंने कहा कि पॉलिसीधारक बीमा कंपनियों के खिलाफ अपनी शिकायतों के निवारण के लिए 13 क्षेत्रीय भाषाओं में शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

## विदेश पर्यटन 2024 तक 42 अरब अमेरिकी डॉलर के पार होगा

**नई दिल्ली।** भारत का विदेश (आउटबाउंड) पर्यटन 2024 तक 42 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर जाएगा। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि सरकार इस बढ़ते बाजार को बढ़ावा देने के लिए कुछ नीतिगत बदलाव ला सकती है। फिक्की के सहयोग से नांगिया एंडरसन एलएलपी द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट में भारतीय यात्रा बाजार पर रोशनी डाली गई है। इस रिपोर्ट का शीर्षक - आउटबाउंड ट्रैवल एंड टूरिज्म - एन अपॉर्चुनिटी अनटैप्ड है। रिपोर्ट में भारतीय पर्यटकों और यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव को अधिक मूल्यवर्धिक बनाने की रूपरेखा तैयार की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार को लोकप्रिय गंतव्यों के लिए सीधे संपर्क को बढ़ावा देने, विदेशी क्रूज जहाजों को भारतीय जल पर संचालित करने की अनुमति देने के अलावा ठोस और समन्वित प्रयास करने चाहिए।

# मरीजों के लिए स्मार्ट एम्बुलेंस से लेकर खरीदारों के लिए नए अनुभव तक, 5जी में बहुत कुछ मिलेगा

● 4जी से लगभग दस गुना तेज होगी 5जी की स्पीड

**भाषा। नई दिल्ली**

**दूरसंचार** कंपनियों के जल्द से जल्द 5जी सेवा चालू करने की तैयारियों में जुटने से भारत आने वाले वक्त में बेहतर डेटा स्पीड और रुकावट मुक्त वीडियो के लिए मुस्तैद हो रहा है। इन सेवाओं के आने के बाद लोगों को स्मार्ट एंबुलेंस से लेकर क्लाउड गेमिंग तक सब कुछ मिलेगा। यहां तक कि खरीदारी के दौरान ग्राहकों को एकदम नए तरह के अनुभव भी हो सकते हैं। पांचवीं पीढ़ी यानी 5जी दूरसंचार सेवाओं के जरिए कुछ ही सेकंड में मोबाइल और अन्य उपकरणों पर उच्च-गुणवत्ता वाले लंबी अवधि के वीडियो या फिल्म को डाउनलोड किया जा सकता है। यह एक वर्ग किलोमीटर में करीब एक लाख संचार उपकरणों को समर्थन करेगा।

यह सेवा सुपरफास्ट स्पीड (4जी से लगभग 10 गुना तेज), संपर्क में होने वाली देरी में कटौती और अरबों संबद्ध उपकरणों को वास्तविक समय में डेटा साझा करने में सक्षम बनाती है। इसके जरिए 3डी होलोग्राम कॉलिंग, मेटावर्स अनुभव और शैक्षिक अनुप्रयोगों को नए सिरे से परिभाषित किया जा सकता है। भारतीय उपभोक्ताओं को जल्द ही चुनिंदा शहरों में 5जी सेवाएं मिलने लगेंगी और अगले 12-18 महीनों में इसका व्यापक प्रसार देखने को मिलेगा। समय के साथ नई तकनीक जीवन के उन अनुप्रयोगों को भी हकीकत में तब्दील कर देगी जो महज कुछ साल पहले दूर की कौड़ी नजर आते थे। खुदरा विक्रेता 5जी परिवेश में संवर्धित वास्तविकता (एआर) के साथ काम कर रहे हैं। इसके जरिए खरीदारों को इस तरह का अनुभव दिया जा सकता है कि एक नया फर्नीचर उनके घरों में किस तरह नजर आएगा। 5जी सेवा शिक्षा प्रदान करने के तरीके को भी बदल सकती है। यहां तक कि दूरदराज के क्षेत्रों में भी शिक्षकों या अतिथि व्याख्याताओं को संचालित होलोग्राम के माध्यम से जोड़कर या मिश्रित-वास्तविकता वाली सामग्री को कक्षाओं में प्रसारित करके शिक्षा दी जा सकती है। इस साल की शुरुआत में एयरटेल ने अपोलो हॉस्पिटल्स और सिस्को के साथ मिलकर 5जी कनेक्टेड एम्बुलेंस का प्रदर्शन किया था। इसकी मदद से अस्पताल में डॉक्टरों और विशेषज्ञों को वास्तविक समय में मरीज के टेलीमेट्री डेटा की जानकारी मिल सकती है।

## ओडिशा में रेशम के कीड़े की स्वदेशी प्रजाति के संरक्षण के लिए योजना तैयार

**भुवनेश्वर।** टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड (टीएसएमएल) अपनी कॉरपोरेट सामाजिक सेवा दायित्व इकाई टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) के साथ मिलकर ओडिशा के जाजपुर जिले के सुकिंदा में रेशम के कीड़े की स्वदेशी प्रजाति सुकिंदा इकोरेस के संरक्षण का काम करेगी। केंद्रीय रेशम बोर्ड (सीएसबी), टीएसएमएल और टीएसएफ के वरिष्ठ सदस्यों एवं अन्य विशेषज्ञों ने शनिवार को आयोजित एक कार्यशाला में इस विषय पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिक और टसर किसान भी मौजूद थे। बेहतरीन रेशम का उत्पादन करने वाले सुकिंदा इकोरेस के संरक्षण के लिए एक रूपरेखा भी तैयार की गई। सीएसबी, टीएसएफ और टीएसएमएल की सतत निगरानी में इस परियोजना को आगे बढ़ाया जाएगा और एक साल बाद इसका आकलन होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए रांची स्थित केंद्रीय टसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ के सत्यनारायण ने कहा, रेशम के कीड़े की स्वदशी प्रजाति सुकिंदा इकोरेस का संरक्षण हमारी जैव विविधता की रक्षा के लिहाज से बहुत जरूरी है। इससे टसर उत्पादकता भी बढ़ेगी। टाटा स्टील माइनिंग के प्रबंध निदेशक पंकज सतिजा ने कहा, क्षेत्र की जैव-विविधता में योगदान देने के लिए सुकिंदा इकोरेस का संरक्षण करने में हम केंद्रीय रेशम बोर्ड को पूरा समर्थन देंगे और स्थानीय टसर किसानों को भी मदद देंगे। ओडिशा में रेशम के कीड़ों की आठ प्रजातियां पाई जाती हैं।

**आदेशानुसार**
**अपर प्रधान परिवार न्यायालय कक्ष सं0-03 कानपुर नगर।**
**मुकदमा नम्बर- 471/2019**
श्रीमती शुचि मिश्रा उम्र 26 वर्ष पत्नी श्री मनीष मिश्रा पुत्री श्री उदय नारायण शुक्ला नि0 म0नं0 110/137 जवाहरनगर जनपद कानपुर नगर।
...वादिनी
**बनाम**
श्री मनीष मिश्रा उम्र 34 वर्ष पुत्र श्री विजय कुमार मिश्रा नि0- म0 नं0 सी-2/294 के0एच0 नं0 1813 पी0एस0-4 आशानगर नई दिल्ली।
....प्रतिवादी
ने आपके विरूद्ध धारा 13 हि0वि0 अधि0 के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 23/9/2022 को दिन में 10 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप स्वयं जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा रप प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज रप चाहे वह आपके कब्जे में शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
आज दिनांक 04.08.2022 न्यायालय की मुद्रा या मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी।
**आज्ञानुसार**
**मुन्सरिम/रीडर**
**अपर प्रधान परिवार न्यायालय,**
**कक्ष सं0-03, कानपुर नगर।**

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 8 अगस्त, 2022



# अपर मुख्य सचिव ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण

संवाददाता। चित्रकूट

यूपी के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने जिले के राजापुर तहसील क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छीबों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 20 गर्भवती महिलाओं से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूंछा। ओपीडी में 130 मरीजों और उनके परिजनों से भी बात की।

रविवार को अमित मोहन ने स्वास्थ्य मेला का भी निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के स्टॉल पर जाकर जानकारी ली। आशा संगिनी सुधा त्रिपाठी से वैक्सीनेशन की जानकारी ली। उन्होंने मेडिकल कक्ष में दवाओं की भी उपलब्धता देखी। अपर मुख्य सचिव से ग्राम प्रधान अनिल मिश्रा ने अस्पताल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि अस्पताल को बने हुए कई साल हो गए हैं। कई कमरे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। दरवाजे टूटे-फूटे हैं, इनकी मरम्मत कराई जाए। अस्पताल में डिलीवरी के लिए व्यापक व्यवस्था नहीं है। इस दौरान सीएमओ भूपेश द्विवेदी, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. सत्येन्द्र प्रकाश शुक्ला, डॉ. राधेश्याम और डॉ राजेन्द्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



छीबों अस्पताल का निरीक्षण करते अपर मुख्य सचिव।

# अन्ना जानवरों का आतंक, किसानों की फसलों को बना रहे पेट का निवाला

जालौन ( उरई )। अन्ना जानवरों के लिए प्रदेश सरकार ने स्थायी व अस्थायी गोशालाओं का निर्माण कराया है। गोशालाओं का संचालन न होने के कारण किसानों के लिए अन्ना जानवर मुसीबत बनते जा रहे हैं। अन्ना जानवरों से खेत में खड़ी तिल की फसल बर्बाद हो रही है। जिससे किसान चिंतित हैं।

विकास खंड में 62 ग्राम पंचायतें हैं। हालांकि इन 62 ग्राम पंचायतों में हालांकि अधिकांश गांवों में अस्थाई गोशालाओं का निर्माण हो चुका है। हालांकि अभी भी लगभग दो दर्जन से अधिक गांव ऐसे हैं जहां गोशाला का निर्माण नहीं हुआ है। एक ओर तो सभी गांवों में गोशालाएं नहीं हैं तो दूसरी ओर जिन गांवों में गोशालाएं हैं भी वह भी बंद हो चुकी हैं। अन्य गांवों में अस्थायी गोशाला का संचालन हो रहा था। लेकिन बारिश के मौसम से पूर्व अधिकांश गोशालाओं का संचालन बंद कर दिया गया। अब हालत यह है कि बड़ी संख्या में आवारा जानवर इधर, उधर गांवों में और खेतों में घूम रहे हैं। जानवरों का झुंड खेत में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। रात के अंधेरे में अन्ना जानवर खेत में खड़ी फसल को चर जाते हैं। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा हैं। फसलों को हो रहे नुकसान के कारण किसान चिंतित हैं और गोशालाओं का संचालन शुरू कराने की मांग कर रहे हैं। किसान रमाकांत निरंजन, पुनीत दुबे, रामकुमार बाथम, राजेशचंद्र श्रीवास्तव, विनोद कुमार, हरिश्चंद्र आदि ने डीएम प्रियंका निरंजन से मांग की है कि किसानों के लिए परेशानी का सबब बने अन्ना जानवरों को गोशाला में बंद किया जाए। जिससे आवारा जानवरों से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लग सके साथ ही किसानों की खेतों में खड़ी फसलों को बचाया जा सके।



खेतों में विचरण करते आवारा जानवर

# तरौंहा में सम्मेलन में दी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी


चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर स्वास्थ्य जागरुकता के तहत सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी की अगुवाई में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कर्वी के दुर्गाकुंज तरौंहा में सास, बहू, बेटा सम्मेलन में तीनों के बीच तालमेल बनाने को प्रेरित किया गया। रविवार को हुए सम्मेलन में सीएमओ ने 18 साल के बाद बेटी की शादी करने को प्रेरित किया। परिवार नियोजन के साधन अपनाकर बच्चों के जन्म में तीन साल का अंतर रखने की अपील की। शहरी आशा मंजू देवी ने कार्यक्रम का शुभारम्भ फीता काटकर किया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के डीसी रुपनारायण यादव ने कहा कि सरकारी योजनाओं का नगरवासी लाभ उठायें। बेटी दो परिवारों को संभालती है। बेटी के प्रति जिम्मेदारी ज्यादा है । परिवार तभी आगे बढता है जब सास, बहू, बेटे में तालमेल रहता है। कार्यक्रम में नई पहल की किट बांटी गई। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस मौके पर कम्युनिटी हेल्थ आफीसर गर्व तिवारी, महिला कल्याण अधिकारी प्रिया माथुर, मीनू सिंह, पूजा, आंगनबाडी सुपरवाइजर मायावती, एएनएम सरला देवी, शाहिदा परवीन, शैलकुमारी व सास, बहू, बेटा मौजूद रहे।

### पैसे मांगने की रिपोर्ट थाने में दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के शेखुपुर गांव निवासी महिला ने धमकी देकर पैसे की मांग करने की रिपोर्ट थाने में पुलिस ने दर्ज की है।क्षेत्र के शेखुपुर गांवनिवासी विधवा महिला नथिया पत्नी स्वर्गीय माधो प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी मुन्ना पाल मुझसे धमकी देकर पैसे की मांग करता है। तथा 5 हजार रुपये जबरन ले लिए है। तथा और पैसे की मांग कर रहा है । न देने पर जान माल की धमकी दे रहा है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।**

# ओसाह प्रधान मनोज कुमार त्रिवेदी ने महज ढाई वर्षों में ऊसरीली जमीन में बागवानी तैयार करके रचा इतिहास

शिवगढ़,रायबरेली। शिवगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत ओसाह के युवा प्रधान मनोज कुमार त्रिवेदी ने ऊसरीली जमीन में महज ढाई वर्षों में सुन्दर और आकर्षक बागवानी तैयार करके एक सच्ची मिशाल पेश कर दी है। जिन्होंने यह साबित कर दिया है कि अगर मन लगाकर कोई कार्य किया जाए तो कोई भी कार्य असम्भव नहीं है। सच्ची मेहनत और लगन के बल पर धरती में सोना उगाया जा सकता है। ग्राम प्रधान मनोज कुमार त्रिवेदी के इस सराहनीय कार्य से लोग प्रेरणा ले रहे हैं। ज्ञात हो कि हर वर्ष वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत सरकार द्वारा करोड़ों कृपया खर्च किया जाता है ताकि गांव से लेकर शहर तक हरा-भरा एवं प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके। जिसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के साथ ही ग्राम प्रधान एवं अधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी जाती है। किन्तु सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद बृहद वृक्षारोपण अभियान सिर्फ फोटो खिचाने तक सीमित रह जाता है। जिसका परिणाम यह देखने को मिलता है कि वृहद वृक्षारोपण अभियान समाप्त होने के चंद दिनों बाद सिंचाई के अभाव में या तो पौधे सूख जाते हैं या देख-रेख के अभाव में उन्हे छुट्टा मवेशी पौधों को चट कर जाते हैं। इस विषय में जिम्मेदार अधिकारियों एवं ग्राम प्रधानों से बात करो तो अधिकांश लोगों का यही उत्तर होता है कि जमीन सही नही थी इस लिए पौधे नही चले। ओसाह स्थित राजकीय विद्यालय के बगल में बने अपने आवास के पीछे ऊसरीली जमीन में ग्राम प्रधान मनोज कुमार त्रिवेदी ने आम, राजस्थानी अमरूद, इलाहाबादी अमरूद, ट्रैवलर पाम, नींबू, मौसमी, संतरा, नारियल सहित दर्जनों प्रकार के फल-फूलो की महज ढाई वर्षो में बागवानी तैयार करके इतिहास रच दिया है। यही नहीं बगल में स्थित राजकीय विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण कराकर स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जो संदेश दिया है उसकी लोग मिसाल देते नहीं थकते। प्रधान श्मनोज कुमार त्रिवेदीश् बताते हैं कि बागवानी तैयार करने के लिए उन्हें बहुत मेहनत करनी पड़ी कई तरह की मिट्टियों को दूर-दूर से लाकर उसमें गोबर की खाद, कंपोस्ट खाद, जैविक खाद का मिश्रण तैयार करके पौधों की रोपाई की थी जिसके परिणाम स्वरूप सभी पौधे तेजी से बढ़ रहे हैं। अमरूद के पेड़ों में लगने वाले बड़े-बड़े फल देखकर लोग आश्चर्यचकित रह जाते हैं। लोगों को विश्वास नहीं होता कि ऊसरीली जमीन में इतनी अच्छी बागवानी तैयार की जा सकती है।



# 22 सालों से तपस्यारत शिक्षा मित्रों की समस्या का होगा हल: जगदगुरु रामभद्राचार्य

संवाददाता। चित्रकूट

जनपद के सैकडों शिक्षामित्र भाई बहन रविवार को संत शिरोमणि रामभद्राचार्य जी से मिले और अपनी समस्या को उनके सामने रखते हुये कहा कि गत 22 सालों से उत्तर प्रदेश के ग्रामीण आंचल में स्थित प्राथमिक विद्यालयों में न्यूनतम मानदेय पर काम कर रहे हैं, महंगाई और जिम्मेदारियों के बोझ तले दबा ये तबका आज उम्र के तीसरे और अन्तिम पड़ाव पर पहुंच गया है। आज शिक्षा मित्रों की तीन पीढियों का भविष्य दांव पर है , जिससे अवसाद के चलते अब तक लगभग 8 हजार शिक्षा मित्र अपनी जान गवां चुके हैं। गाँव, गरीब किसान का बेटा बेटी को राजनीतिक फुटबाल बना कर खेला जा रहा है जो मानवता के विरुद्ध है। अब इस संसार में आपके शिवाय हमारा कोई नहीं है आप ही हमारी जिन्दगी की वैतरणी पार लगा सकते हैं। जिस पर संत शिरोमणि जगतगुरु रामभद्राचार्य जी ने खुले शब्दों में स्पष्ट रूप से प्रभावित होकर कहा शिक्षामित्रों की समस्या को मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी भारत देश के प्रधानमंत्री मोदी जी से वार्ता करूंगा। इस बात का मैं वचन देता हूं कि आप सभी बच्चों को आपकी 22 साल की तपस्या का फल मिलेगा जिसमें मैं खुद शिक्षा मित्रों का प्रतिनिधि के तौर पर आपको आपका हक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करूंगा। वरिष्ठ नेता सर्वेश यादव 'विद्रोही' ने बताया कि शिक्षामित्र भाई बहनों के लिये यह बहुत बड़ी बात है कि पहली बार मुलाकात में ही शिक्षा मित्रों की करुण वेदना को जगतगुरु जी ने समझा और पूरी तरह से सरकार से वार्ता कर समस्या समाधान का आश्वासन दिया। संत जगतगुरु जी के इस महान कार्य के लिए उत्तर प्रदेश का एक एक शिक्षा मित्र और उनके आश्रित परिवार उन्हें हृदय से धन्यवाद देते हैं।कार्यक्रम की अगुवाई वरिष्ठ नेता सर्वेश यादव 'विद्रोही' ,सन्तलाल त्रिपाठी, इन्द्रशेन यादव, नन्दकिशोर दीक्षित, अमित त्रिपाठी, राजा सिंह परिहार, विनोद त्रिपाठी, मीता करवरिया, राजेश पांडे, नवल किशोर त्रिपाठी ने किया।



# गोवंश के पैर बांध कर हत्या करने का किया प्रयास,पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

थाना क्षेत्र के मलपुर गांव के पास स्थित इंदिरा नहर किनारे झाड़ियों में एक गोवंश के पैर बांध कर हत्या करने का प्रयास करते हुए दो आरोपितों को पास ही मवेशी चरा रहे चरवाहों ने देख लिया । चरवाहों की चीख-पुकार पर अन्य ग्रामीण इकट्ठा हो गए । जिससे दोनों आरोपित घटनास्थल पर गोवंश को छोड़कर भाग निकले । घटना से संबंधित एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है । बीते दिनों से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है । जिसमें मलपुर गांव के पास स्थित नहर के किनारे उगी झाड़ियों में गोवंश के पैरों को बांधकर हत्या करने का प्रयास का बताया जा रहा है । इस मामले में विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री बछरावां देवेंद्र मिश्र उर्फ लालजी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मलपुर गांव के पास नहर किनारे झाड़ियों में थुलेंडी गांव के रहने वाले राफे पुत्र लाले अपने एक अन्य साथी के साथ गोवंश के पैर बांधकर हत्या कर मांस बेचने की फिराक में थे । इसी समय उन पर चरवाहों की नजर पड़ गई । ग्रामीणों को आता देख दोनों आरोपित भाग निकले । ग्रामीणों ने गोवंश को बंधन मुक्त कराया है । पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपित राफे को गिरफ्तार कर लिया है । व अन्य आरोपित की तलाश में दबिश दी जा रही है । थाना अध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है । एक आरोपित राफे को गिरफ्तार किया गया है । जिसपर पहले से ही 18 मुकदमे पंजीकृत हैं । दूसरे आरोपित की तलाश की जा रही है । संबंधित मामले में पूछताछ चल रही है ।

# लगातार हो रही बारिश से मौसम में हुई ठंडक

कोंच( जालौन )। शनिवार की शाम कुछ समय के लिए हल्की बारिश होने के बाद रविवार की सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर करीब 2 बजे तक लगातार 6 घंटे तेज बारिश होने से नगर क्षेत्र में एकाएक मौसम में ठंडक हो गई जिसके चलते उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को राहत पहुंची।बारिश से हुई ठंडक के कारण घरों में चलने वाले कूलर एसी भी बंद हो गये।बाजार में भी पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा और फुटवियर, गारमेंट्स, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि की अधिकांश दुकानें बंद देखी गईं, जो थोड़ी बहुत दुकानें खुलीं हुईं रहीं उन दुकानों पर ग्राहकों की उपस्थिति नदारद रही। लगातार तेज बारिश होने से खरीफ फसलों के तहत तिली, मूंग, उड़द, सोयाबीन, मूंगफली जैसी फसलों को खेत में पानी अधिक भर जाने से नुकसान होता हुआ दिखाई दे रहा है और अगर अगले कुछ दिन इसी प्रकार से बारिश होती रही तो ये फसलें बर्बाद भी हो सकती हैं जिसको देखते हुए किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें साफतौर पर देखी जा सकती हैं। वहीं दूसरी ओर उमस भरी गर्मी के बीच एकाएक ठंडक हो जाने से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार चल रहे लोगों में खांसी, जुखाम, उल्टी, दस्त का भी खतरा बढ़ गया है।नगर में बच्चों के लिए संचालित बात्सल्य अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ उपेन्द्र निरंजन ने कहा है कि उमस भरी गर्मी के बीच अचानक ठंडक होने से बच्चों की देखभाल करना बेहद जरूरी है। बच्चों को ठंडी हवा व ठंडे भोजन से दूर रखना आवश्यक है। अधिक समय तक बच्चों को ठंडे पानी से स्नान नहीं कराना चाहिए और हाफकपड़ों के बजाय फुल कपड़े पहनाएं। कूलर ऐसी की अपेक्षा पंखे की हवा ही काफी है। डॉ. उपेंद्र ने कहा कि गरम ताजा व सादा भोजन ही बच्चों को दें। जरा सा भी स्वास्थ्य बिगड़ने पर तत्काल अपने चिकित्सक से सलाह लेकर ही दवा दें।

# चाक चौबंद व्यवस्था के बीच नगर में उठायी गयी छड़ें

**● सात स्थानों पर रखे अलम, 16 स्थानों पर रखी गयी छड़े**

संवाददाता। जालौन (उरई)

मुहर्रम के त्योहार में शनिवार की रात में अलम निकाले गए इसके बाद रविवार को दिन में छड़ें उठाई गई। स्थानीय प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था से सभी कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुए। इस दौरान जगह, जगह लंगर और फातिहा का दौर चला।मुहर्रम के त्योहार में ताजिए से दो दिन पहले रात में अलम व उसके अगले दिन छड़ों को निकाला जाता है। नगर में 7 स्थानों पर अलम रखे गए और 16 स्थानों पर छड़ें रखी गई थी। रात में अलम और दिन में छड़ों का जुलूस निकाला जाता है। शनिवार की रात रापटगंज में जायदा बेगम के यहां से अलम उठाया गया। इसके बाद अन्य स्थानों पर रखे अलम उनके साथ पूर्व निर्धारित मार्ग पर निकाले गए। अकीदतमंदों ने अलम के पास पहुंचकर फातिहा पढ़ी। इसके बाद रविवार की दोपहर कल्लू व मल्लू पठान के अलावा अजमेरी, अख्तर, छोटे खां, इस्माईल, ख्वाजू, शहाबुद्दीन के यहां रखी गई छड़ों पर महिलाओं और अकीदतमंदों ने दुपट्टा बांधकर अपनी मुराद पूरी होने की कामना की। इस दौरान अकीदतमंद इमाम हसन व इमाम हुसैन के नारों लगा रहे थे। छड़ों को उठाने वाले युवाओं ने आकर्षक प्रदर्शन भी किया। अलम व छड़ों के जुलूस में अकीदतमंदों द्वारा जगह जगह लंगर का भी आयोजन किया गया। घरों पर फातिहा का दौर चला और इमाम हसन व इमाम हुसैन को याद किया गया। अलम और छड़ों में कहीं कोई अव्यवस्था न हो इसके लिए स्थानीय पुलिस फोर्स के अलावा बाहर की भी पुलिस फोर्स तैनात रही। एसडीएम राजेश सिंह, सीओ उमेश पांडेय, कोतवाली प्रभारी शैलेंद्र सिंह, पुलिस फोर्स के साथ नगर में भ्रमण कर पल-पल की खबर लेते रहे।

# रिश्तेदार बन फोटो स्टूडियो संचालक के एकाउंट से उड़ाये 25 हजार

जालौन ( उरई )। रिश्तेदार बनकर फोटो स्टूडियो संचालक के एकाउंट में रुपये डालने के बहाने एकाउंट नंबर आदि पूछ लिया और इसके बाद खाते से 25 हजार रुपये उड़ा दिए। पीड़ित संचालक ने कोतवाली में तहरीर देकर धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी नंदराम पुत्र रामसेवक हाल निवास मोहल्ला नया खंडेराव ने पुलिस को बताया कि वह तहसील गेट पर फोटो कॉपी व फोटो स्टूडियो की दुकान किए है। उसके मोबाइल पर एक फोन आया जिसने स्वयं को उनका रिश्तेदार बताते हुए कहा कि उसे उनके खाते में 25 हजार रुपये भेजने हैं। इसलिए वह अपना खाता नंबर व अन्य जानकारी दे दे। उसके लिए उनके सहयोगी राहुल ने रिश्तेदार को फोन पे करने के लिए बार कोड भेज दिया। इसके बाद उसने मोबाइल पर एक नंबर भेजकर कहा कि उसने रुपये भेज दिए हैं उस नंबर को क्लिक कर रुपये रिसीव कर लें। जब राहुल ने उस नंबर पर क्लिक किया तो उसके खाते से 25 हजार रुपये उड़ गए। जिसकी जानकारी उसे मोबाइल पर आए मैसेज से मिली। इसके बाद जब उक्त व्यक्ति के नंबर पर कॉल किया तो उसका नंबर भी स्विच ऑफआ रहा है। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस से उसके साथ धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

## क्विक न्यूज

### बूस्टर डोज के विशेष अभियान के तहत वैक्सिनेशन की समीक्षा

ऊंचाहार। लखनऊ से चित्रकूट जाते समय अपर स्वास्थ्य सचिव ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान बूस्टर डोज के विशेष अभियान के तहत वैक्सिनेशन की समीक्षा की और इसके बाद शल्य क्रिया से होने वाली सर्जरी, व साफसफाई की व्यवस्था का भी जायजा लिया, वहीं ए सी एस के औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा रहा।रविवार को लखनऊ से चित्रकूट दौरे पर जाते समय अपर स्वास्थ्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया, सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ला से बूस्टर डोज के विशेष अभियान के तहत वैक्सिनेशन के प्रगति की समीक्षा की,इसके अलावा उन्होंने शल्य क्रिया से होने वाली सर्जरी के बारे में सर्जन डॉ महमूद अख्तर से भी जानकारी हासिल की,और सीएचसी परिसर में साफसफाई की व्यवस्था का जायजा लेने के बाद वो गंतव्य को रवाना हो गये।इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह, डॉ सुदेश कुमार, डॉ शिव त्रिपाठी समेत अन्य लोग मौजूद -कोतवाली क्षेत्र के किशुनदासपुर गांव के पास सूची खरौली मार्ग पर अंतिम संस्कार से वापस लौट रही ट्रैक्टर ट्रॉली मवेशी को बचाने के चक्कर में बिजली के पोल से टकरा गई, घटना में ट्रैक्टर चालक व एक अन्य व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गया, जिनका इलाज निजी क्लीनिक में कराया गया।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक अधेड़ की मौके पर हुई मौत

रायबरेली। खेतों पर मवेशी चराते समय आकाशीय बिजली गिरने से एक अधेड़ की मौके पर हुई मौत,किशोर की हालत गंभीर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को लिया कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेजा, आगे की जरूरी कार्रवाई शुरू कर दी गई है, लालगंज कोतवाली क्षेत्र के मधुकरपुर गांव की घटना।

### खण्ड विकास कार्यालय के नए भवन के निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों ने डिप्टी सीएम को लिखा पत्र

शिवगढ़,रायबरेली। शिवगढ़ खण्ड विकास कार्यालय के नए भवन के निर्माण के लिए दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी ने उपमुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। गौरतलब हो कि 31 जुलाई को दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी शिवगढ़ कस्बा स्थित शिवगढ़ राजमहल श्महेश विलास पैलेस आए थे जहां पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की थी बैठक में मौजूद पूर्व एमएलसी राकेश प्रताप सिंह ने 1983 में बने खण्ड विकास कार्यालय के जर्जर भवन को लेकर चर्चा की थी। पूर्व एमएलसी ने कहा था कि या भवन पूरी तरह से जर्जर हो गया है नया भवन बनना चाहिए। जिसको संज्ञान लेते हुए दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री वीरेंद्र तिवारी ने नए भवन के निर्माण के लिए उप मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। वहीं पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने भी खण्ड विकास कार्यालय शिवगढ़ में जर्जर भवन को लेकर शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को पत्र भेजकर नए भवन का निर्माण कराने की बात कही है। यह पत्र शनिवार को सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। इस बारे में जब ब्लॉक प्रमुख कुंवर हनुमंत प्रताप सिंह से बात की गई तो उनका कहना था कि भवन 1983 में बना था जो पूरी तरह से जर्जर हो गया है। जिसको लेकर दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी ने उपमुख्यमंत्री से नए भवन निर्माण के लिए पत्र लिखा है।

### गौरन खेड़ा मजरे गोविंदपुर में किसान की दो लाख की कीमत की चार भैसें हुई चोरी

शिवगढ़,रायबरेली। शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरन खेड़ा मजरे गोविन्दपुर में बीती रात कृषक लवकुश सिंह की चार भैसें चोरी हो गई। चोरी हुई सभी भैसें दरवाजे पर बधी थी लवकुश सिंह सुबह 3 बजे उठे तो देखा कि दरवाजे पर बंधी चारों भैसे नहीं थी किसान लवकुश सिंह ने बताया कि कई जगह खोजबीन की दोपहर तक जब भैंसों का कहीं पता नहीं चला तो उसने शिवगढ़ थाने में भैंस चोरी हो जाने की तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की। थाना प्रभारी राकेश चन्द्र आंनद ने बताया कि तहरीर मिली है पुलिस जांच कर रही है।

### नारायनपुर में कृषक के घर में इकट्ठा भीड़ दीवार में कटी नकब

**चोरों ने किसान के घर को निशाना बनाकर नगदी और जेवरात की पार**

शिवगढ़,रायबरेली। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव में कृषक रामदयाल के यहां नकब काटकर चोरों ने 45 हजार नगदी सहित 50000 के जेवरात पार कर दिया। नारायनपुर निवासी रामदयाल पासी व उनकी पत्नी रुक्मणी घर के बाहर छप्पर के नीचे लेटे थे जो शुक्रवार रात पानी पीने के लिए घर के अन्दर पहुंचे तो देखा कि घर के अन्दर का सारा सामान बिखरा पड़ा था पीछे कोठरी में सेंध कटी थी कोठरी में रखा बक्सा गायब था और कपड़े बिखरे पड़े थे। घर से करीब 50 मीटर की दूरी पर खेतों में बक्सा पड़ा था बक्से के अन्दर रखें रुपए व जेवरात गायब थे। जिसकी तहरीर रामदयाल ने शिवगढ़ थाने में दी है। थाना प्रभारी राकेश चंद्र आनंद ने बताया तहरीर मिली है। पुलिस पहुंची थी जल्द चोरी का खुलासा किया जाएगा।

### राष्ट्रीय राजपूताना यूथ ब्रिगेड अगस्त माह की बैठक मनीष सिंह के घर पर संपन्न हुई



रायबरेली -राष्ट्रीय राजपूताना यूथ ब्रिगेड अगस्त माह की बैठक मनीष सिंह के घर पर संपन्न हुई!इस बैठक मेंभारी संख्या में लोग उपस्थित रहे और कुछ लोगों को सदस्यता भी दिलाई गई!इस अवसर पर सुरेंद्र बहादुर सिंह( महासचिव,)संदीप सिंह (कार्यकारी अध्यक्ष,)राम रूप सिंह (कोषाध्यक्ष)डॉ आर एन सिंह(जिला सलाहकार)शशिधर सिंह(संगठन मंत्री),अनुज सिंह( संगठन मंत्री) संतोष सिंह( संगठन मंत्री),रमेश सिंह( उपाध्यक्ष),बंटी,सिंह,अशोक सिंह, नागेश सिंह, रामेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, जागेश्वर सिंह,भुवनेश्वर सिंह( एडवोकेट), संजय सिंह( सभासद), संजय सिंह( एडवोकेट),सत्रोहन सिंह,अमरेंद्र सिंह आदि लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे!

### पुलिस के हत्थे चढ़ा वारंटी

कोंच(जालौन)। कोतवाली के उप निरीक्षक सर्वेश कुमार ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गांधीनगर में एक घर पर दबिश देकर वारंटी राकेश बाल्मीकि पुत्र टुंडे को गिरफ्तार कर लिया पुलिस द्वारा उसे न्यायालय में पेश किया गया है।राकेश के खिलाफकोतवाली में मुकदमा दर्ज था जिसके तहत वह तारीखों पर न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था जिसके बाद उसके खिलाफन्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था और तभी से वह फरार चल रहा था।

### छापा मारकर दुकानों से पकड़ी प्रतिबंधित पॉलिथीन

कोंच(जालौन)। न्यायालय सहित शासन द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन का लगातार दुकानों पर प्रयोग होता देख नगर पालिका प्रशासन द्वारा शनिवार की देर शाम नगर की कई दुकानों पर छापामारी कार्यवाही की गई।उक्त छापामार कार्यवाही में 4 दुकानों पर पॉलिथीन पकड़ी गई जिनसे नियमानुसार जुर्माना वसूला गया। नगर पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरीशंकर पटेल ने पालिका कर्मियों के साथ नगर के बजरिया इलाके में खुली दुकानों पर छापा मारकर अलग अलग कुल 4 दुकानों में रखी हुईं पाई गईं पॉलीथिन को लेकर एक दुकानदार से 1 हजार रुपये का जुर्माना वसूला जबकि शेष 3 अन्य दुकानदारों को नोटिस थमाते हुए उन्हें कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी दुकान पर पॉलीथिन का प्रयोग नहीं होना चाहिए और अगर कोई दुकानदार पॉलीथिन का प्रयोग करते हुए पकड़ा जाएगा तो उस दुकानदार के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने हेतु लगाए गये कैम्प

कोंच(जालौन)। मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए रविवार को बीएलओ ने नगर के 10 स्थानों पर कैम्प लगाकर मतदाताओं के पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने का काम किया। तहसीलदार प्रेमनारायण प्रजापति के निर्देशन में नगर के प्राथमिक विद्यालय इंद्रा कन्या,अमरचंद्र महेश्वरी इंटर कॉलिज,नाथूराम बालिका इंटर कॉलिज, कमला नेहरू बालिका इंटर कॉलिज, सेठ वृंदावन इंटर कॉलिज,एसआरपी इंटर कॉलिज व तहसील कार्यालय पर बीएलओ द्वारा कैम्प लगाकर लोगों के मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने का काम किया गया।उक्त कैम्प विकास खण्ड कोंच व विकास खण्ड नदीगांव के अलग अलग स्थानों पर आयोजित किये गए।तहसीलदार ने बताया कि मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से ऑनलाइन गरुण एप के माध्यम से जोड़ा जा रहा है और ऑफलाइन रूप से फॉर्म संख्या 6(ख) भरकर जोड़ा जाएगा।वहीं तहसीलदार ने आयोजित किये गये कैम्पों का मौके पर जाकर निरीक्षण करते हुए बीएलओ की उपस्थिति जांची। कैम्प की व्यवस्थाओं में बीएलओ प्रभुदयाल, मोनिका पाटकार, कमलकिशोर, अखिलेश आदि संलग्न रहे।

### पुलिस ने डेढ़ किलोग्राम गांजा बरामद

कुरारा(हमीरपुर) । थाना क्षेत्र के पतारा मोड़ से बीती रात सन्दिग्ध हालत में खड़े ग्रामीण के पास से गांजा बरामद कर उसके खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्र के पतारा मोड़ के पास एक ग्रामीण सन्दिग्ध हालत में रात को खड़ा था। तथा हाथ में एक बोरी लिए था। उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार हमराह के साथ गश्त कर ने जा रहे थे। उसने पुलिस को देखते ही वह गांव की तरफतेज कदमो सेजाने लगा शंका होने पर उसको रोककर बोरी की तलाशी ली गयी तो उसमें सूखा गांजा बरामद हुआ। जब उसकी तौल कराने पर वजन एक किलो पांच सौ ग्राम निकला।

# सिंधू और सेन फाइनल में, अब स्वर्ण पदक का लक्ष्य

## बैडमिंटनः सिंधू, सेन जीते, श्रीकांत की हार





**भाषा।** बर्मिंघम

**दो बार की** ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने रविवार को यहां लगातार दूसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों की महिला एकल बैडमिंटन स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाकर स्वर्ण पदक की ओर कदम बढ़ाए तो वहीं लक्ष्य सेन भी इन खेलों में पहली बार फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। इसके अलावा पुरुष युगल में सात्विकसाईराज और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी स्वर्ण पदक से एक जीत दूर है। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को हालांकि सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा और अब वह कांस्य पदक का मुकाबला खेलेंगे। भारत की 27 साल की खिलाड़ी सिंधू ने महिला एकल मैच में अपने बेहतर तकनीकी खेल की बदौलत सिंगापुर की यिओ जिया मिन को 49 मिनट चले मुकाबले में 21-19 21-17 से हराया। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज लक्ष्य ने हालांकि सिंगापुर के जिया हेंग तेह के खिलाफ दूसरे गेम में लय गंवा दी। उन्होंने हालांकि रैंकिंग में 87वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी के खिलाफ वापसी करते हुए पुरुष एकल के सेमीफाइनल में 21-10, 18-21, 21-16 से जीत दर्ज की। फाइनल में लक्ष्य के सामने मलेशिया के त्जे योंग की चुनौती होगी। योंग ने पुरुष एकल के दूसरे सेमीफाइनल में श्रीकांत को 13-21, 21-19, 21-10 से हराया। श्रीकांत कांस्य पदक के मुकाबले में जिया से भिड़ेंगे। चिराग और सात्विक की जोड़ी ने सेमीफाइनल में मलेशिया के चान पेंग सून और टैन कियान मेंग की जोड़ी को 21-6, 21-15 से आसानी से हराया। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को भी सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को मलेशिया की तान कोंग ली पीयर्ली और थिनाह मुरलीधरन की जोड़ी ने सीधे गेम में 21-13, 21-16 से हराया। कांस्य पदक के प्ले ऑफ मैच में उनके सामने ऑस्ट्रेलिया की चेन हुआन-यू वेंडी और सोमरविले ग्रोन्या की चुनौती होगी। बीस साल के लक्ष्य ने शुरुआती गेम में अपने आक्रामक खेल से विरोधी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया और आसानी से ।-0 की बढ़त कायम कर ली। दूसरे गेम में जिया ने खेल की गति को कम कर के बेहतर शुरुआत की। ब्रेक के समय जिया के पास 11-9 की बढ़त थी, लेकिन लक्ष्य की गलतियों का फायदा उठाकर उन्होंने 16-9 की बढ़त बना ली। लक्ष्य ने इसके बाद वापसी की लेकिन जिया ने तीन अंक से गेम अपने नाम कर लिय। निर्णायक गेम में लक्ष्य को हर अंक के लिए मेहनत करनी पड़ी लेकिन उन्होंने 11-7 की बढ़त हासिल की और फिर चार मैच प्वाइंट हासिल किया। उन्होंने पहले मैच को ही भुनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। सेन ने मैच के बाद कहा, मैं दूसरे गेम में लय में हासिल नहीं कर सका लेकिन अंत में मैं परिणाम अपनी ओर करने में सफल रहा। पहले गेम में दर्शकों के समर्थन ने भी काफी मदद की।

### पदक तालिका

| स्थान | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऑस्ट्रेलिया | 62 | 52 | 52 | 166 |
| 2. | इंग्लैंड | 54 | 58 | 50 | 162 |
| 3. | कनाडा | 23 | 33 | 33 | 86 |
| 4. | न्यूजीलैंड | 18 | 13 | 16 | 47 |
| 5. | भारत | 17 | 13 | 19 | 49 |

## गुस्सा करो, भड़ास निकालो लेकिन आगे बढो : सेमीफाइनल हारने के बाद कोच ने कहा



**बर्मिंघम।** गुस्सा करो, कुंठा निकालो तुम्हें पूरा हक है लेकिन आगे बढ़ो और कांस्य पदक जीतो , आस्ट्रेलिया के हाथों राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में शूटआउट में मिली विवादित हार के बाद मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने भारतीय महिला हॉकी टीम से कुछ ऐसा ही कहा था। उनके इस संदेश ने मानों जादू का काम किया और सविता पूनिया की अगुवाई में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को शूटआउट में 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय महिला हॉकी टीम ने 16 साल बाद राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीता है। शॉपमैन ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा , हमने आस्ट्रेलिया के खिलाफ सब कुछ झोंक दिया लेकिन शूटआउट जिस तरह से शुरू हुआ, वह सही नहीं था। लेकिन हमें उसे स्वीकार करके आगे बढ़ना था। उन्होंने कहा, उसके बाद टीम बैठक में मैने लड़कियों से कहा कि गुस्सा करो, कुंठा निकालो और सारी भड़ास बाहर निकाल दो लेकिन कल नया मैच है और हमें आगे बढना है। हमें पता था कि हम किसी भी टीम को हरा सकते हैं और इन लड़कियों ने वही किया।

### भारतीय पुरूष हॉकी टीम और राष्ट्रमंडल स्वर्ण के बीच आस्ट्रेलिया की दीवार

**बर्मिंघम।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम राष्ट्रमंडल खेलो के फाइनल में सोमवार को उतरेगी तो उसका इरादा इन खेलो मे आस्ट्रेलिया का दबदबा तोड़ने का होगा। भारत ने अब तक राष्ट्रमंडल खेलों मे छह मे से एक भी बार स्वर्ण नही जीता है। इन खेलो मे 1998 मे हॉकी को शामिल किया गया जिसके बाद से 2010 और 2014 में भारत ने रजत पदक जीते है। दूसरी ओर आस्ट्रेलिया ने सभी छह स्वर्ण अपने नाम किए है। भारत के लिए आस्ट्रेलिया को हराकर पीला तमगा जीतना आसान नही होगा और इसके लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। तोक्यो ओलंपिक मे हालांकि 41 साल बाद पदक जीतने वाली भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। भारत का रजत तो पक्का है लेकिन स्वर्ण सोने पे सुहागा होगी और मनप्रीत सिंह की टीम यह मौका चूकना नही चाहेगी। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को और आस्ट्रेलिया ने मेजबान इंग्लैंड को 3-2 से हराकर फाइनल मे जगह बनाई। गोलकीपर पी आर श्रीजेश की अगुवाई मे भारतीय रक्षापंक्ति काफी मजबूत है लेकिन आस्ट्रेलिया के सामने कोई भी गलती भारी पड़ सकती है। मिडफील्ड मे कप्तान मनप्रीत , हार्दिक सिंह और नीलाकांता शर्मा जिम्मा संभालेगे। भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। मनदीप सिंह और आकाशदीप सिंह के साथ शमशेर सिंह, ललित उपाध्याय , गुरजंत सिंह और अभिषेक फॉर्म मे है। कांस्य पदक के प्लेआफ मे इंग्लैड का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा।

### दिवंगत कोच निकोलई का मेरे करियर पर प्रभाव अतुलनीय है, भावुक साबले ने कहा

**बर्मिंघम।** कोच भले ही आते जाते रहे लेकिन दिवंगत निकोलई स्नेसारेव का स्टार स्टीपलचेसर अविनाश साबले के दिल मे अलग स्थान है क्योंकि उन्होंने इस अंतरराष्ट्रीय एथलीट को निखारने मे काफी योगदान दिया। साबले ने शनिवार को राष्ट्रमंडल खेलो की 3000 मीटर स्टीपलचेस स्पर्धा मे कीनिया के मजबूत एथलीट को पछाड़ते हुए रजत पदक जीता। बेलारूस के कोच निकोलई ने सेना के साबले का आत्मविश्वास बढ़ाने में अहम भूमिका अदा की। निकोलई का 2021 मे निधन हो गया था। साबले की आवाज उनके बारे मे बात करते हुए रूंध गई, उन्होंने कहा, मै उस चीज को कभी नही भुला पाऊंगा जो कोच निकोलई स्नोसारेव ने मेरे लिए किया। मेरे जीवन मे कई कोच आए, कई गए लेकिन उनका मेरे करियर पर प्रभाव पूरी जिंदगी रहेगा। उन्होंने मेरे सोचने का तरीका बदला। मैने अपनी जिंदगी मे इतना ईमानदार कोच नही देखा।

## भाला फेंक एथलीट अनु रानी को कांस्य

**● पदक जीतने वाली पहली महिला भाला फेंक खिलाड़ी**



**बर्मिंघम।** अनु रानी ने रविवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की भाला फेंक स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया, वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली देश ही पहली महिला भाला फेंक खिलाड़ी बन गईं। रानी ने अपने तीसरे प्रयास में 60 मीटर दूर भाला फेंककर तीसरा स्थान हासिल किया। विश्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया की केलसे ली बार्बर ने 64.43 मीटर के थ्रो से स्वर्ण पदक जीता जबकि उनकी हमवतन मैकेंजी लिटिल 64.27 मीटर के थ्रो से दूसरे स्थान पर रहीं। रानी से पहले राष्ट्रमंडल खेलों में काशीनाथ नायक और ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा पुरूषों की भाला फेंक स्पर्धा में क्रमशः कांस्य और स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। नायक ने 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में जबकि चोपड़ा ने 2018 गोल्ड कोस्ट में पदक जीते थे।

### संदीप कुमार ने पुरूषों की 10,000 मीटर पैदल चाल में कांस्य पदक जीता

**बर्मिंघम।** भारत के संदीप कुमार ने रविवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलो की पुरूषो की 10,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा मे कांस्य पदक जीता। संदीप ने 38:49.21 मिनट का समय निकाला जिससे वह स्वर्ण पदक विजेता कनाडा के इवान डनफी (38:36.37) और रजत पदक विजेता आस्ट्रेलिया के डेकलान टिनगे (38:42.33) से पीछे रहे। इस स्पर्धा मे एक अन्य भारतीय अमित खत्री सत्र के सर्वश्रेष्ठ समय 43:04.97 से नौवे स्थान पर रहे।

## शरत कमल और साथियान को पुरुष युगल रजत

**● टेबल टेनिस : श्रीजा कांस्य से चूकी**



**भाषा।** बर्मिंघम

**भारत के** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल और जी साथियान ने राष्ट्रमंडल खेलों की पुरूष युगल स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि श्रीजा अकुला महिला एकल में कांस्य पदक से चूक गई। शरत कमल और साथियान को इंग्लैंड के पॉल ड्रिंकहाल और लियाम पिचफोर्ड ने बेहद रोमांचक मुकाबले में 3-2 (8 - 11, 11- 8, 11-3, 7-11, 11- 4) से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने शानदार शुरूआत करते हुए पहला गेम 11-8 से जीत लिया था लेकिन मेजबान जोड़ी ने जल्दी ही वापसी करके स्कोर बराबर कर दिया। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने तीसरा गेम जीतकर बराबरी की लेकिन भारतीय जोड़ी ने फिर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। निर्णायक आखिरी गेम में इंग्लैंड की जोड़ी भारतीयों पर भारी पड़ी। इससे पहले श्रीजा अकुला को महिला एकल कांस्य पदक प्लेऑफ में आस्ट्रेलिया की यांग्जी लियू से 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। श्रीजा को डेढ़ घंटे से ज्यादा चले मुकाबले में वापसी करने के बावजूद 11-3 6-11 2-11 11-7 13-15 11-9 7-11 से हार गईं। हैदराबाद की खिलाड़ी ने नर्वस लियू के खिलाफ अच्छी शुरूआत कर पहला गेम 11-3 से जीत लिया। लेकिन आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने वापसी करते हुए आक्रामकता दिखाई और दूसरे गेम को 11-6 से जीतकर बराबरी पर आ गईं और उन्होंने तीसरा गेम भी 11-2 से जीतकर बढ़त बना ली।

### पंघाल के स्वर्ण पदक से हरियाणा में उनके गांव में जश्न का माहौल

**चंडीगढ़।** भारतीय स्टार मुक्केबाज अमित पंघाल के रविवार को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पुरूषों की फ्लाईवेट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतते ही रोहतक के मैना गांव में उनके घर में जश्न मनाया जाने लगा। गांव की महिलाएं इस मुक्केबाज के घर में नाच और गाना गा रही थी। अमित के पिता विजेंदर पंघाल किसान हैं, उन्होंने कहा, हमें उस पर पूरा भरोसा था कि वह इस बार स्वर्ण पदक जीतेगा। उसने इसके लिए काफी मेहनत की है। मुक्केबाज के भाई अजय सेना में हैं। उन्होंने हाथ में तिरंगा लेकर कहा कि अमित ने वादा किया था कि वह राष्ट्रमंडल खेलों से स्वर्ण पदक लाएगा।

## पिता के अवैतनिक अवकाश ने मुक्केबाजी में नीतू को बनाया चैम्पियन



**बर्मिंघम।** युवा भारतीय मुक्केबाज नीतू गंघास ने राष्ट्रमंडल खेलों में अपने पहले स्वर्ण पदक को पिता जय भगवान को समर्पित किया, जिन्होंने अपनी बेटी के सपने को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हरियाणा सचिवालय के कर्मचारी जय भगवान दो बार की विश्व युवा चैंपियन नीतू को प्रशिक्षित करने के लिए पिछले तीन वर्षों से अवैतनिक अवकाश पर है। पिता की बलिदान रविवार को रंग लाया जब नीतू ने महिलाओं के मिनिमममवेट (45-48 किग्रा) वर्ग के फाइनल में विश्व चैम्पियनशिप 2019 की कांस्य पदक विजेता रेस्जटान डेमी जेड को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से पराजित कर जीत दर्ज की। गले में स्वर्ण पदक पहने नीतू ने पीटीआई-भाषा से कहा, तिरंगे को ऊपर जाते हुए देखना सबसे बड़ा अहसास था, मेरी एक पुरानी इच्छा आज पूरी हो गई। मैं सभी के आशीर्वाद के लिए आभारी हूं। यह पदक देशवासियों और मेरे पिता (जय भगवान) के लिए है। नीतू ने कहा, कोई कसर नहीं छोड़ा उन्होंने मेरे लिए। वह कई मुश्किल परिस्थितियों से गुजरे लेकिन हमेशा सुनिश्चित किया कि मुझे सर्वश्रेष्ठ मिले। मैं उनके समर्थन के बिना यहाँ नहीं होती। हरियाणा की 21 साल की यह मुक्केबाज रिंग के अंदर किसी से कम नहीं है लेकिन जब वह खेल क्षेत्र से बाहर निकलती है तो काफी शर्मीले स्वभाव की है।

### वी प्रणव भारत के 75वें ग्रैंडमास्टर बने

**चेन्नई।** शतरंज खिलाड़ी वी प्रणव रोमानिया मे एक टूर्नामेंट जीतकर रविवार को भारत के 75वें ग्रैंडमास्टर बन गए। चेन्नई के 15 वर्ष के प्रणव ने रोमानिया के बाइया मारे मे लिम्पेडिया ओपन जीतकर अपना तीसरा और आखिरी ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल कर लिया। उन्होने नौ दौर मे सात अंक लेकर ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया। यह शानदार अहसास है। इससे मेरा आत्मविश्वास बढेगा और आगे अच्छा प्रदर्शन कर सकूंगा। प्रणव तमिलनाडु के 27वे ग्रैंडमास्टर है।

### मंत्रालय ने संकेत की कोहनी की सर्जरी कराई

**नई दिल्ली।** बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलो मे भारत के लिए खाता खोलने वाले भारोत्तोलक संकेत सरगर ने रविवार को कोहनी की सर्जरी कराई जिसके लिए खेल मंत्रालय ने 30 लाख रूपए मंजूर किए। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति मे कहा, उन्हे तुरंत ही चिकित्सा मुहैया कराई गई और ब्रिटेन मे डाक्टरो ने उन्हे सर्जरी की सलाह दी। भारत सरकार ने इस युवा एथलीट की सर्जरी का खर्चा उठाने का फैसला किया और आज उनके ऑपरेशन के पूरे खर्चे के लिए 30 लाख रूपए की राशि मंजूर की।

### शतरंज खिलाड़ी आनंद फिडे उपाध्यक्ष बने

**चेन्नई।** भारत के महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को रविवार को खेल की वैश्विक संचालन संस्था फिडे का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया जबकि निवर्तमान अध्यक्ष आर्कडी वोर्कोविच को दूसरे कार्यकाल के लिए दोबारा अध्यक्ष चुन लिया गया। पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद वोर्कोविच की टीम का हिस्सा थे। वोर्कोविच को 157 मत मिले जबकि उनके विरोधी आंद्रेई बैरिशपोलेट्स के पक्ष में सिर्फ 16 मत पड़े।

## शतरंज ओलंपियाड : भारत बी ने अजरबैजान से ड्रॉ खेला, भारत ए और सी जीते



**भाषा।** मामल्लापुरम

**भारत बी ने** 44वें शतरंज ओलंपियाडमें यहां रविवार को नौवें दौर में अजरबैजान से ड्रॉ खेला जबकि भारत ए और सी टीमों ने 3-1 से जीत दर्ज की। युवा डी गुकेश की जीत की लय टूटी और उन्होंने शखरियार मामेदियारोव से ड्रॉ खेला। इससे पहले उन्होंने दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी फेबियानो कारूआना और विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व चैलेंजर एलेक्सेइ शिरोव को हराया था। भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा अजरबैजान के खिलाफ भारत बी के लिए स्टार साबित हुए। उन्होंने वासिफ दुरारबायली को 66 चालों में हराया। रौनक साधवानी को निजात अबासोव ने मात दी जबकि निहाल सरीन ने रऊफ़ मामेदोव से ड्रॉ खेला। भारत ए ने ब्राजील को 3-1 से और भारत सी ने पराग्वे को इसी अंतर से हराया। महिला वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त पोलैंड ने भारत ए को मात दी। भारत बी ने स्विटजरलैंड को 4-0 से और भारत सी ने एस्तोनिया को 3-1 से हराया।

## भारत ने वेस्टइंडीज से सीरीज जीती

**● टी-20 का पांचवा मैच 88 रन से जीता**



**भाषा।** फोर्ट लाउडरहिल

**भारत ने** पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय में रविवार को यहां वेस्टइंडीज को 88 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 4-। से जीती। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 188 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज की पारी को 15.4 ओवर में 100 रन पर समेट दिया। इससे पहले श्रेयस अय्यर की 64 रन की ताबड़तोड़ पारी के दम पर भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय में पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 188 रन बनाए। श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम ने चार अनुभवी खिलाड़ियों कप्तान रोहित शर्मा, ऋषभ पंत, भुवनेश्वर कुमार और सूर्यकुमार यादव को विश्राम दिया है। अंतिम एकादश में इशान किशन, कुलदीप यादव, पंड्या और श्रेयस की वापसी हुई है। नियमित कप्तान रोहित की जगह टीम की बागडोर संभाल रहे पंड्या ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। श्रेयस ने 40 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाने के साथ सलामी बल्लेबाज इशान किशन (13 गेंद में 11 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 38 और दीपक हुड्डा के साथ दूसरे विकेट के लिए महज 7.1 ओवर में 76 रन की साझेदारी की। हुड्डा ने 25 गेंद की पारी में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 38 रन बनाए।

## जरीन 50 किग्रा वजन वर्ग में मुक्केबाजी करना जारी रखेंगी



**बर्मिंघम।** राष्ट्रमंडल खेलों में फ्लाई लाइटवेट चैम्पियन बनी निकहत जरीन 2024 पेरिस ओलंपिक तक इसी 50 किग्रा वजन वर्ग में मुक्केबाजी करती रहेंगी। निकहत ने 52 किग्रा से वजन घटाकर 50 किग्रा किया है। मई में उन्होंने विश्व चैम्पियनशिप 52 किग्रा में ही जीती थी। उन्होंने पीटीआई से बातचीत में कहा, मुझे वजन कम करना पसंद है और निचले वजन वर्ग में मुक्केबाजी करना इसलिए मैं इसी वर्ग में जारी रहूंगी। पेरिस ओलंपिक में 52 किग्रा की अनुपस्थिति से 26 साल की मुक्केबाज पशोपेश में पड़ गई थीं कि वह 50 किग्रा तक नीचे आएं या फिर 54 किग्रा तक वजन बढ़ाए। लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों में दमदार प्रदर्शन से उन्होंने पदार्पण में ही राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीत लिया और ऐसा लगता है कि 2019 एशियाई चैम्पयिनशिप की कांस्य पदक विजेता अपने नए वजन वर्ग में आसानी से सहज हो गई हैं। उन्होंने कहा, यह जीत मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह नए वजन वर्ग में मिली है। मुझे इसके लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी कि दो किग्रा वजन कम करूं और साथ ही मेरी फुर्ती और ताकत पर कोई असर नहीं पड़े। निकहत ने कहा, यहां प्रतिस्पर्धा उतनी कड़ी नहीं थी जितनी विश्व चैम्पियनशिप में थी। लेकिन मेरे लिए यह इस वजन वर्ग में नया अनुभव था। मुझे अच्छा करने का भरोसा था। लेकिन रिंग में क्या होगा, आपको नहीं पता होता।

## मोंटफोर्ट का जीत से शानदार आगाज

**स्कूल टेनिस बॉल क्रिकेट**



**लखनऊ।** मोंटफोर्ट इण्टर कॉलेज में द्वितीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन किया गया। प्रतियोगिता के पहले मैच में मोंटफोर्ट ने एमिकस अकादमी को 3 रनों से हराया। जिसमे पहले खेलते हुए मोंटफोर्ट की टीम ने 8 ओवरों में 48 रानो का लक्ष्य रखा जिसका पीछा करते हुए एमिकस की टीम 45 रन बनाकर आल आउट हो गयी। मैन ऑफद मैच का पुरुस्कार मोंटफोर्ट के देवांश को दिया गया जिन्होंने 25 रन बनाकर 2 विकेट लिए। मुख्य अतिथि नाहर अली बहादुर समाजसेवी थे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में आनन्द मोहन उपाध्याय डिप्टी कलेक्टर, डॉ विष्णु सहाय,अध्यक्ष वोविनाम व रमाकांत शुक्ला, समाज सेवी एके सक्सेना सचिव नॉन ओलिम्पिक एसोसिएशन आदि उपस्थित थे। टूर्नामेंट अध्यक्ष व मोंटफोर्ट कॉलेज के प्रधानाचार्य जीनु अब्राहम ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से 12 टीमें भाग ले रही है।

### पिछले साल के टी20 विश्व कप के लिए रवैए और दृष्टिकोण में बदलाव की जरूरत थीः रोहित

**लॉडेरहिल ( अमेरिका )।** कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि पिछले साल टी20 विश्व कप में लचर प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम अपने रवैए और दृष्टिकोण में आमूलचूल परिवर्तन लाने के लिए मजबूर हुई। रोहित अब ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के आगामी सत्र में भारतीय टीम की अगुवाई करने की तैयारी कर रहे हैं लेकिन इससे पहले टीम को एशिया कप में खेलना है। स्टार स्पोर्ट्स के शो फॉलो द ब्ल्यूज पर रोहित ने कहा, हमने दुबई में टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह नहीं बनाने के बाद स्पष्ट कर दिया था कि हमने महसूस किया कि हम अपना खेल कैसे खेलते हैं, इस बारे में हमारे रवैए और दृष्टिकोण में बदलाव की जरूरत है। भारत गत चैंपियन के रूप में एशिया कप में उतरेगा जिसे टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। टीम इंडिया ने पिछले कुछ महीनों में अधिक आक्रामक बल्लेबाजी शैली अपनाई है और रोहित ने बताया कि टीम आगामी चुनौतियों के लिए कैसे तैयार हो रही है। अगर कप्तान और कोच से यह संदेश स्पष्ट है कि टीम कहां जाने की कोशिश कर रही है तो हर खिलाड़ी निश्चित रूप से ऐसा करने की कोशिश करेगा।

### दीपिका-सौरव की जोड़ी ने स्क्वॉश मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीता

**बर्मिंघम।** दीपिका पल्लीकल और सौरव घोषाल की भारतीय जोड़ी ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्क्वॉश के मिश्रित युगल स्पर्धा में रविवार को यहां कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने कांस्य पदक के प्लेऑफ मैच में ऑस्ट्रेलिया के लोबन डोना और कैमरून पिले की जोड़ी को सीधे गेमों में 11-8, 11-4 से शिकस्त दी। खास बात यह है कि 2018 गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों का फाइनल इन्हों दोनों जोड़ियों के बीच खेला गया था और तब भारतीय जोड़ी ने रजत पदक इस जीता था। रविवार को कांस्य पदक प्लेऑफ में हालांकि दीपिका और घोषाल ने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी को कोई मौका नहीं दिया और आसानी से मुकाबला अपने नाम कर लिया। घोषाल के लिए इन खेलों का यह दूसरा पदक है। उन्होंने इसी सप्ताह पुरुष एकल में कांस्य पदक जीता है , जो इस वर्ग में देश का पहला पदक है।